आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 13 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 146, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

फिर से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं : बाइडन 14

पारी और 114 रनों से जीता इंग्लैंड 13

आपातकाल की याद में हर साल 25 जून को मनेगा संविधान हत्या दिवस

केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना, 1975 में इसी दिन देश में लगा था आपातकाल

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान अमानवीय पीड़ा झेलने वालों के व्यापक योगदान को याद करने के लिए 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

उन्होंने यह भी कहा कि 'संविधान हत्या दिवस' मनाने से प्रत्येक भारतीय में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा की अमर ज्वाला को प्रज्वलित रखने में मदद मिलेगी, जिससे कांग्रेस जैसी तानाशाही ताकतों को उन भयावहताओं को दोहराने से रोका जा सकेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, जिसके बाद तत्कालीन सरकार द्वारा सत्ता का घोर दुरुपयोग किया गया और भारत के लोगों पर ज्यादतियां और अत्याचार किए गए। इसमें कहा गया है कि भारत के लोगों को संविधान और इसके लचीले लोकतंत्र की शक्ति पर अटूट विश्वास है। अधिसूचना में कहा गया कि इसलिए भारत सरकार 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में घोषित करती है, ताकि आपातकाल के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग के खिलाफ लड़ने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जा सके और भारत के लोगों को भविष्य में किसी भी तरह से सत्ता के ऐसे घोर दुरुपयोग का समर्थन न करने के लिए पुनः प्रतिबद्ध किया जा सके। शाह ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही मानसिकता का खुला प्रदर्शन करते हुए देश में आपातकाल लागू करके भारत के लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों को बिना किसी गलती के सलाखों के पीछे डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण कराएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था।

- अमानवीय दर्द को झेलने वालों की पीड़ा को इस दिन किया जाएगा याद : अमित शाह

यह दिन याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाया जाना इस बात की याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि यह उस प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी दिन है, जिसने आपातकाल की ज्यादतियों के कारण कष्ट झेले और जो कांग्रेस द्वारा लाया गया भारतीय इतिहास का काला दौर था।

कांग्रेस ने कहा-सुर्खियां बटोरने की कवायद

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि आपातकाल को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का केंद्र सरकार का कदम सुर्खियां बटोरने की कवायद भर है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 से 2024 के दौरान देश में अघोषित आपातकाल लगाया हुआ था। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि चार जून, 2024 का दिन इतिहास में मोदीमुक्ति दिवस के रूप में दर्ज होगा। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री द्वारा पाखंड में सुर्खियां बटोरने की एक और कवायद की गई है, जबकि उन्होंने भारत के लोगों द्वारा चार जून, 2024 को व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार सुनिश्चित किए जाने से पहले 10 वर्षों तक अघोषित आपातकाल लगाया था।

चितवन जिले में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन के चलते हुआ हादसा

नेपाल में दो बसें नदी में बहीं, सात भारतीयों समेत 60 यात्री लापता

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आई दो बसों के उफनाई नदी में बहने से उनमें सवार 60 से अधिक यात्रियों के लापता होने की खबर है। लापता यात्रियों में सात भारतीय नागरिक भी हैं। समाचार पोर्टल माईरिपब्लिका की खबर के मुताबिक, 65 यात्रियों को ले जा रही दो बसें चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनाई त्रिशूली नदी में बह गईं। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्र देव यादव ने इस हादसे की पुष्टि की। यादव ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस और राजधानी से गौर के लिए रवाना हुई गणपति डीलक्स तड़के साढ़े तीन बजे भूस्खलन की चपेट में आ गई।

पुलिस के अनुसार, एंजेल बस में 24 जबकि गणपति डीलक्स में 41 यात्री सवार थे। 'द काठमांडू पोस्ट' की खबर के मुताबिक, गणपति डीलक्स में सवार तीन यात्री बस से कूद गए, जिससे वे मलबे के साथ बहने से बच गए। पुलिस ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस में सवार 21 यात्रियों का विवरण मिल गया है और इनमें सात भारतीयों के शामिल होने की बात सामने आई है। छह भारतीयों की पहचान संतोष ठाकुर, सुरेंद्र शाह, आदित मियान, सुनील, शाहनवाज आलम और अंसारी के रूप में की गई है। सातवें भारतीय की शिनाख्त अभी बाकी है। यादव ने बताया कि बचावकर्मियों ने भूस्खलन के मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने त्रिशूली नदी में दो बसों के बहने की घटना पर दुख जताते हुए युद्धस्तर पर तलाश एवं बचाव अभियान के निर्देश जारी किए हैं। प्रचंड ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मैं देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण संपत्ति को पहुंचे नुकसान तथा नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर बस के भूस्खलन की चपेट में आकर नदी में बहने की घटना से बहुत दुखी हूं।

बचाव अभियान में जुटे नेपाली सेना के जवान और अन्य लोग। ● एजेंसी

- लापता भारतीय 24 अन्य के साथ बीरगंज से जा रहे थे काठमांडू
- काठमांडू जा रही बस में 24 और गौर जा रही बस में थे 41 यात्री

एक नजर

कश्मीर के बारामूला में लगे 4.2 तीव्रता के झटके

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार को 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि इस भूकंप में किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में दोपहर 12 : 26 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए।

आतंकी समेत दो के खिलाफ चार्जशीट

मुंबई। एनआईए ने लीबिया में सक्रिय आईएसआईएस के एक आतंकवादी सहित दो लोगों के खिलाफ कथित तौर पर भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने की साजिश में संलिप्त होने के मामले में शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल किया। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने एक बयान में बताया कि दोनों आरोपियों ने भारत में संवेदनशील संस्थानों पर हमला करने के लिए युवकों की भर्ती करने की साजिश रची थी।

सांसद के भाई मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब के खडूर साहिब से सांसद और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के भाई हरप्रीत सिंह और उनके सहयोगी लवप्रीत सिंह तथा एक अन्य व्यक्ति को जालंधर पुलिस ने शुक्रवार को फिल्लौर में मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। जालंधर के एसएसपी अंकुर गुप्ता ने कहा कि हरप्रीत और लवप्रीत सिंह के डोप टेस्ट किया जिसमें पॉजिटिव मिले। लुधियाना के संदीप अरोड़ा को भी गिरफ्तार किया है।

हरिद्वार आने वाले कांवड़ियों का होगा पुष्प वर्षा से स्वागत : धामी

ब्यूरो, देहरादून/हरिद्वार

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हरिद्वार के मेला नियंत्रण कक्ष में कांवड़ मेले की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कांवड़ मेला शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं कर ली जाएं। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कांवड़ के दौरान स्थानीय लोगों को आवागमन में अनावश्यक परेशानी न हो।

सीएम धामी ने कहा की शिवभक्त कांवड़ियों के स्वागत में हेली से पुष्प वर्षा की जाए। कांवड़ यात्रा में होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए पुलिस और प्रशासन तैयार रहे। यात्रा के सभी मार्गों पर पुलिस बलों की तैनाती, विभिन्न स्थानों पर अस्थाई पुलिस चौकी का निर्माण एवं अतिरिक्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की जाए। अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों से नियमित निगरानी हो। कांवड़ियों को बाईपास एवं वैकल्पिक मार्गों की जानकारी साइन बोर्ड से दी जाए। इसके लिए पड़ोसी राज्यों से भी समन्वय स्थापित करने को कहा।

उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि कांवड़ यात्रा से पहले कांवड़ पटरी का सौंदर्यीकरण, यात्रा मार्ग पर शौचालय, स्नान घर, शुद्ध पेयजल, यात्री शेड, लाईट, मेडिकल सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्थाएं हो। यात्रा मार्ग एवं हरिद्वार क्षेत्र के होटलों, ढाबों में भोजन की गुणवत्ता को चेकिंग अभियान चलाने के साथ ही रेट लिस्ट चस्पा कराई जाए। मेला क्षेत्र में किसी तरह का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। अन्य राज्यों से परस्पर समन्वय बना कॉमन डायवर्जन प्लान बनाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा वाटर एंबुलेंस की व्यवस्था करने को कहा। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि कांवड़ मेला 22 जुलाई से 2 अगस्त तक है। इस वर्ष 5.5 करोड़ कावड़ियों के हरिद्वार आने की संभावना है। कांवड यात्रा के संचालन को कन्ट्रोल रूम बना दिया गया है, जो 24 घंटे संचालित होगा। 14 सुपर जोन, 36 जोन एवं 130 सेक्टर बनाए गए हैं। मेले के लिए 5 नोडल अधिकारी नामित किए हैं।

बैठक में श्री गंगा सभा, विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों ने बीते वर्ष सफल कांवड़ यात्रा के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया एवं कावड़ मेला- 2024 के लिए सुझाव भी दिए। इस दौरान जिपं अध्यक्ष किरण चौधरी, विधायक आदेश चौहान, प्रदीप बत्रा, ममता राकेश, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंदबर्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, एल फैनई, डीजीपी अभिनव कुमार आदि मौजूद रहे।

तैयारियों की समीक्षा बैठक में मौजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अन्य। ● अमृत विचार

सतत विकास लक्ष्य में देशभर में उत्तराखंड अव्वल

देहरादून। नीति आयोग ने शुक्रवार को सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट जारी की है। इसमें उत्तराखंड ने सतत विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा उतरते हुए पूरे देश भर में पहला स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की जनता को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड तेजी से विकास की राह पर अग्रसर है। एसडीजी के सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए राज्य सरकार तेजी से कदम बढ़ा रही है। नीति आयोग की ओर से जारी सतत विकास लक्ष्य प्रदेश का शीर्ष स्थान प्राप्त करना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। राज्य सरकार में कैबिनेट के सहयोगियों, शासन प्रशासन के अधिकारियों का भी सराहनीय योगदान रहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय के साथ विकसित उत्तराखंड की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है।

स्मृति ईरानी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग न करें : राहुल

लखनऊ। रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लेकर की जा रहीं आपत्तिजनक टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए अप्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने स्मृति ईरानी पर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऐसा न करने की हिदायत दी है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर शुक्रवार को लिखा है कि, जीवन में हार-जीत तो होती रहती है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने और बुरा व्यवहार करने से बचें। लोगों को अपमानित करना कमजोरी की निशानी है, ताकत की नहीं।

- बोले, किसी को बेइज्जत व शर्मसार करना कमजोर होने की निशानी

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन पर हत्या के प्रयास का मामला

गुंटूर (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

- दो आईपीएस अधिकारियों और दो रिटायर्ड अधिकारियों के नाम भी शामिल

आंध्र प्रदेश पुलिस ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के एक विधायक की शिकायत पर पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी, दो वरिष्ठ आईपीएस और दो सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में उंडी विधानसभा क्षेत्र से तेदेपा विधायक के. रघुराम कृष्ण राजू ने शिकायत दर्ज कराई थी। राजू 2019 से 2024 के बीच वाईएसआरसीपी के लोकसभा सदस्य थे, लेकिन शुरुआती दौर में ही रेड्डी से उनका अलगाव हो गया था। पुलिस ने रेड्डी के अलावा वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पीवी. सुनील कुमार और पीएसआर. सीतारमणजनेयुलु तथा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी आर. विजय पॉल और गुंटूर सरकारी अस्पताल की पूर्व अधीक्षक जी प्रभावती के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राजू ने एक माह पहले ई-मेल के जरिए पुलिस को शिकायत भेजी थी और कानूनी परामर्श लेने के बाद गुरुवार शाम सात बजे मामला दर्ज किया गया। मामला तीन साल पुराना होने से पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ गुंटूर के नगरमपालम थाने में भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

चार माह के उच्चतम स्तर पर खुदरा महंगाई, जून में 5.08% पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि का पड़ा असर
- मई 2024 में 4.8% जबकि जून 2023 में 4.87 प्रतिशत रही थी

सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी से ही घट रही थी लेकिन जून का महीना एक बार फिर इसमें तेजी लेकर आया। मई 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.8 प्रतिशत पर थी जबकि जून 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य समूह में शामिल उत्पादों की महंगाई दर जून में बढ़कर 9.36 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई में खाद्य मुद्रास्फीति 8.69 प्रतिशत थी। भीषण गर्मी से प्रभावित रहे जून के महीने में सब्जियों की कीमतें सालाना आधार पर सबसे अधिक 29.32 प्रतिशत बढ़ गईं। जून में ग्रामीण में खुदरा मुद्रास्फीति 5.66 प्रतिशत रही जबकि शहरी में महंगाई दर 4.39 प्रतिशत रही।

तेरह अभियुक्त नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई रिमांड पर

पटना, एजेंसी

- हाईकोर्ट के निर्देश पर विशेष कोर्ट ने दी 15 दिनों की हिरासत

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में पटना हाईकोर्ट के आदेश के बाद पटना व्यवहार न्यायालय स्थित एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व में गिरफ्तार किए गए जेल में बंद 13 अभियुक्तों को हिरासती पूछताछ के लिए 15 दिनों की पुलिस रिमांड पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे पर जाने का आदेश दिया। विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत में एक याचिका दाखिल कर पटना हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए सीबीआई की ओर इस मामले में पटना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए जेल मे बंद 13 अभियुक्तों से हिरासती पूछताछ के लिए 15 दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का अनुरोध किया गया था। पटना हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में विशेष अदालत ने सभी 13 अभियुक्तों को अविलंब सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेउर के अधीक्षक को दिया है। गौरतलब है कि इस मामले में अभी 27 अभियुक्त जेल में बंद है।

आबकारी घोटाला : केजरीवाल को ईडी मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। ईडी के मामले में जमानत मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि सीबीआई ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह निर्णय केजरीवाल को करना है कि वह मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे या नहीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि हम इस तथ्य से अवगत हैं कि अरविंद केजरीवाल निर्वाचित नेता हैं। पीठ ने यह भी कहा कि केजरीवाल 90 दिनों से अधिक समय से कारावास में हैं। पीठ ने ईडी मामले में उनकी गिरफ्तारी की वैधता से संबंधित प्रश्नों को वृहद पीठ के पास भेज दिया। अदालत ने कहा कि चूंकि मामला जीवन के अधिकार से संबंधित है और गिरफ्तारी का मुद्दा बड़ी पीठ को सौंप दिया गया है इसलिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए।

- सीबीआई द्वारा दर्ज किए मामले में अभी जेल में ही रहेंगे मुख्यमंत्री
- ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती की अर्जी पर वृहद पीठ करेगी विचार

सीबीआई मुकदमे में 25 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मुकदमे गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया।

समान नागरिक संहिता की रिपोर्ट आमजन के लिए की गई सार्वजनिक

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : आखिरकार दो वर्ष एक माह 15 दिन के बाद समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी गई है। चार खंडों में तैयार इस रिपोर्ट को यूसीसी की वेबसाइट https://ucc.uk.gov.in/ पर भी पढ़ा जा सकता है।

यूसीसी के लिए गठित रूल्स मेकिंग एंड इंपलिमेंटेशन कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह ने शुक्रवार को राज्य अतिथि गृह में हुई पत्रकार वार्ता में बताया कि राज्य सरकार ने 27 मई 2022 को समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए रिटायर्ड जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित की थी। यूसीसी का ड्राफ्ट बनाने से पूर्व कमेटी ने 43 जनसंवाद कार्यक्रम और विभिन्न माध्यमों से 2.33 लाख लोगों के सुझाव प्राप्त किउ। बीती 2 फरवरी को कमेटी ने राज्य सरकार को समान नागरिक संहिता को लेकर रिपोर्ट सौंप दी थी। राज्य सरकार ने इस रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखा और पारित कराया। बीती 10 फरवरी को उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में सात सदस्यीय रूल्स मेकिंग और इंप्लीमेंटेशन कमेटी का गठन किया था। इसके बाद 11 मार्च को राष्ट्रपति ने भी समान नागरिक संहिता विधेयक को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस वर्ष अक्टूबर में यूसीसी लागू करना चाहते हैं इसके मद्देनजर कमेटी का प्रयास है कि तय समय सीमा में नियमावली बनाई जाए। आचार संहिता लागू होने के कारण संहिता के कुछ खंड जारी नहीं हो पाए थे, जिन्हें अब सार्वजनिक कर दिया गया है। राज्य सरकार ने भी नियमावली समिति को सभी चार खंड जनता के लिए सार्वजनिक करने के निर्देश दिए थे इसी क्रम में यूसीसी की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है। सिंह ने बताया कि यूसीसी में 392 अनुच्छेद हैं, यह रिपोर्ट चार खंडों में तैयार की गई है। इसमें पहला खंड रिपोर्ट ऑफ द एक्सपर्ट कमेटी, दूसरा खंड ड्राफ्ट कोड, तीसरा खंड रिपोर्ट ऑन स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन और चौथा खंड प्रारूप संहिता पर आधारित है।

शत्रुघन सिंह

- रूल्स मेकिंग एंड इंपलिमेंटेशन कमेटी के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने शुक्रवार को जारी की रिपोर्ट

यूसीसी में ये हैं मुख्य प्रावधान

- यूसीसी लागू होने पर बाल विवाह, बहु विवाह, तलाक जैसी सामाजिक कुरीतियों पर लगाम कसेगी।
- किसी भी धर्म की संस्कृति, मान्यता और रीति-रिवाज से यह कानून प्रभावित नहीं होगा।
- बाल और महिला अधिकारों की सुरक्षा होगी। अनिवार्य विवाह पंजीयन वरना सरकारी सुविधाओं से वंचित रहना होगा।
- पति-पत्नी के जीवित रहते दूसरे विवाह पर प्रतिबंध। सभी धर्मों में विवाह की न्यूनतम उम्र लड़कों के लिए 21 और लड़कियों के लिए 18।
- वैवाहिक दंपति में यदि कोई एक बिना दूसरे व्यक्ति की सहमति के धर्म परिवर्तन करता है तो दूसरे को तलाक लेने और गुजारा भत्ता लेने का हक मिलेगा। दंपति के तलाक या घरेलू झगड़े के समय 5 वर्ष तक के बच्चे की कस्टडी माता के पास रहेगी
- सभी धर्मों में पति-पत्नी को तलाक लेने का समान अधिकार होगा। सभी धर्म-समुदायों में बेटा-बेटी को संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा।
- मुस्लिम समुदाय में प्रचलित हलाला और इद्दत की प्रथा पर रोक लगेगी। संपत्ति में अधिकार के लिए जायज और नाजायज बच्चों में भेद नहीं।
- नाजायज बच्चों को दंपति की जैविक संतान माना जाएगा
- किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसकी संपत्ति में पत्नी और बच्चों को समान अधिकार। लिव-इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा।

सार-संक्षेप

जहरीला धुआं बंद न हुआ तो प्लांट में धरना देंगे ग्रामीण

गरमपानी : अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर छड़ा क्षेत्र के समीप लगे हॉटमिक्स प्लांट से निकल रहे जहरीले धुएं से आसपास के गांवों के बाशिंदों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यदि समय रहते धुएं का निस्तारण नहीं किया गया तो सैकड़ों लोग बीमारियों की जद में आ सकते हैं। क्षेत्रवासियों ने जल्द ठोस उपाय न किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दे धरने का ऐलान कर दिया है। गांव के बाशिंदों के स्वास्थ्य पर लगातार बुरा प्रभाव पड़ता जा रहा है पर सुध नहीं ली जा रही। मनमाना रवैया अपना नियमों की धज्जियां उड़ाकर प्लांट संचालित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है की यदि जल्द हाटमिक्स प्लांट नहीं हटाया गया तो ग्रामीणों को साथ लेकर प्लांट परिसर में ही धरना शुरू कर दिया जाएगा।

प्रशिक्षण में 100 से अधिक दीदीयों ने किया प्रतिभाग

भीमताल : विकासखंड भीमताल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लखपति दीदियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ, जिसमें भीमताल की 100 से अधिक दीदियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए अपर परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल ने बताया कि प्रशिक्षण में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे मौजूद थे। दो दिवसीय प्रशिक्षण में महिलाओं को उद्यान विभाग तथा कैप की ओर से फूलों की खेती का प्रशिक्षण दिया गया। लखपति दीदियों ने अपनी आजीविका को लेकर तथा लखपति दीदी बनने के सफर के अनुभव को उच्चाधिकारियों के साथ साझा किया।

मल्लीताल की अंडा मार्केट में धंसी सड़क, खतरा बढ़ा

अंडा मार्केट में धंसी सड़क।

नैनीताल : मानसून की पहली बारिश में ही जनपद में भारी नुकसान हो चुका है। दर्जनों सड़कें बाधित हो चुकी हैं तो वहीं कई स्थानों पर भूस्खलन व पहाड़ियों के दरकने से लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। जबकि अभी पूरा मानसून सीजन बचा हुआ है। ऐसे में आने वाले समय में आपदा और भयंकर रूप अख्तियार कर सकती है। नैनीताल नगर में भी मानसून के दौरान चार्टन लॉज ने खतरे की घंटी बजा दी है। वहीं बारिश रुकने के बाद धूप का असर पड़ने से शुक्रवार को मल्लीताल स्थित अंडा मार्केट में रोड के बीचों बीच सड़क धंसनी शुरू हो चुकी है, जिससे पैदल व दोपहिया वाहनों सहित स्थानीय लोगों में डर का माहौल है।

कूकना गांव में बैल के हमले से महिला घायल

भीमताल : विकासखंड ओखलकांडा के कूकना ग्राम सभा में खेत में काम करते समय एक बैल ने खाली देवी पत्नी गोपाल दत्त (40) को घायल कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि परिजन घायल को ढोली चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सक नहीं मिलने पर परिजन घायल को हल्द्वानी ले गए।

शाम के समय तेंदुआ दिखाई देने से दहशत

भीमताल : भीमताल के महरा गांव में हाइडिल गेट के समीप शाम छ बजे तेंदुआ दिखाई देने से दहशत है। स्थानीय निवासियों के मुताबिक शाम को यह तेंदुआ एक बाउंड्री वॉल पर बैठ गया। स्थानीय निवासियों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग कर तेंदुए से निजात दिलाने की मांग की।

रमेश चंद जोशी बने तल्लीताल टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष

रमेश चन्द्र जोशी।

नैनीताल : तल्लीताल टैक्सी मालिक समिति यूनियन के चुनाव शुक्रवार को सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए, जिसमें रमेश चन्द्र जोशी को अध्यक्ष और सुनील दत्त जोशी को निर्विरोध कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। वहीं गोविंद सिंह पंवार को महासचिव और अमर सिंह मेहरा को उपाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। उसके बाद चुने गए प्रतिनिधियों ने शपथ ली। रमेश चन्द्र जोशी ने कहा कि टैक्सी यूनियन का लक्ष्य सभी टैक्सी चालकों को समान रूप से कार्य प्रदान करना है और टैक्सी चालकों के अधिकार की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि टैक्सी यूनियन बनाने का उद्देश्य टैक्सी भाड़े में एकरूपता लाना है। इस दौरान ललित मोहन जोशी, गणेश जोशी, महेश आर्य, रमेश आर्य, जितेंद्र, दिनेश दानू, भूपेन्द्र दानू आदि मौजूद रहे।

चौथे दिन भी नहीं लगा गधेरे में डूबे फौजी का सुराग

भीमताल : बमेटा गांव के पास गधेरे में मंगलवार को नहाते समय हिमांशु दफौटिया को डूबे चार दिन हो गए हैं। सघन सर्च अभियान के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है। इधर परिजनों ने उपकरण विहीन सर्च दल के सर्च अभियान पर प्रश्न लगाया है। एसडीएम केएन गोस्वामी ने कहा कि टीम रेस्क्यू अभियान चला रही है पर सफलता नहीं मिल पाई है। एसडीएम ने कहा कि ड्रोन की मदद से भी हिमांशु को खोजा जा रहा है।

कुमाऊं विवि में रोपे बांज के पौधे

नैनीताल : कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में गुरुवार को 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के तहत हरेला महोत्सव का शुभारम्भ कुलपति प्रो. दीवान एस. रावत ने भौतिकी विभाग के सामने बांज के पौधे रोपित कर किया। इस मौके पर कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि हरेला महोत्सव हमें प्रकृति से जोड़ता है और हमारे पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी को याद दिलाता है। विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों, संकाय सदस्यों और छात्रों ने भी भाग लिया और 'एक पेड़ मां के नाम' थीम को सफल बनाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो. ललित तिवारी द्वारा किया गया। इस दौरान प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो .चित्रा पांडे, प्रो. संजय पंत, प्रो. राजीव उपाध्याय, प्रो .गीता तिवारी, प्रो .नीलू लोधियाल, प्रो. सुषमा टम्टा आदि मौजूद रहे।

सीएलएफ के विभिन्न पदों के लिए हुई परीक्षा

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक मुख्यालय स्थित सभागार में क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) के विभिन्न पदों के लिए हुई परीक्षा में महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने प्रतिभाग किया। रिफ संस्था के सहायक प्रबंधक अवनीश पांडे के अनुसार परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। ब्लॉक सभागार में नव ज्योति व जय बेतालेश्वर सीएलएफ में कार्मिक चयन परीक्षा आयोजित हुई। विजन प्रमोटर, ग्रुप मोवलाइजर, व लेखाकार पद के लिए हुई परीक्षा के लिए कई महिलाओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया। परीक्षा के लिए ब्लॉक मुख्यालय में विशेष इंतजाम किए गए थे। रिफ संस्था के अधिकारियों की देखरेख में तीन घंटे की परीक्षा हुई। अधिकारियों के अनुसार परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो चुकी है। जल्द परिणाम घोषित कर तैनाती कर दी जाएगी।

नगर पालिका प्रशासन ने चौकी के समीप लगा दिया वाहन पार्किंग शुल्क का नया बोर्ड

पार्किंग शुल्क का बोर्ड लगाने पर भड़के लोग

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : नगर पालिका की ओर से भीमताल के डांठ में लगाए गए बोर्ड को लेकर क्षेत्रवासियों ने रोष व्यक्त किया है। नगर पालिका ने पार्किंग शुल्क चौकी के समीप वाहन पार्किंग शुल्क का बोर्ड लगा दिया।

दरअसल पूर्व में नगर पालिका के द्वारा केवल पार्किंग में वाहन खड़ा करने का शुल्क लिया जाता था और भीमताल से आगे जाने वाले वाहनों से यह शुल्क नहीं लिया जाता था, जबकि भीमताल से आगे इसी मार्ग में कमलताल, जंगलियागांव, नौकुचियाताल आदि क्षेत्र भी हैं। अब चूंकि इस क्षेत्र में बहुत से बाहर के लोगों ने अपनी कोठी बनाई हुई हैं और वह स्वयं भी और उनके मेहमान भी यहां से गुजरते हैं। ऐसे में कभी भी पुराने ठेकेदार ने इन लोगों ने मार्ग क्रासिंग का पैसा नहीं लिया, लेकिन अब नगर पालिका के नए बोर्ड से सभी को आपत्ति है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि मार्ग से गुजरने पर शुल्क लेना ठीक नहीं है। जब कि वह पार्किंग में अपना वाहन खड़ा नहीं कर रहे हैं। वहीं बताया कि इस प्रकार के आदेश का वे विरोध करेंगे। इससे आर्थिक बोझ जनता पर बढ़ेगा।

हम लोगों का जब तक ठेका था, हम लोगों ने कभी भी क्रासिंग होने पर कोई शुल्क नहीं लिया। मेरा यह कहना है कि यह नए ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। इसकी जांच होनी चाहिए। **-राहुल तोमर**, पूर्व ठेकेदार

पुराने ठेकेदार के द्वारा कभी भी रोड क्रासिंग करने पर शुल्क नहीं लिया गया, अब चूंकि आगे बहुत सी ग्राम सभा हैं ऐसे में उनसे शुल्क लेना गलत ही नहीं नियम विरुद्ध भी है। इसका क्षेत्र की जनता पुरजोर विरोध करेगी। **-मनोज दुर्गापाल**, भाजपा कार्यकर्ता व कारोबारी

शुल्क संबंधी लगा बोर्ड। ● अमृत विचार

शहीद सैनिक विद्यालय में किया ड्रेस वितरण

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : लेक सिटी वेलफेयर क्लब की पहल पर शुक्रवार को भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में स्व. चमन लाल बजाज की स्मृति में ड्रेस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान शाहनवाज, निशा, दिव्या ढैला, नेहा आर्या, माधो सिंह, कार्यालय कर्मी भगवान सिंह, हिमांशु सिंह एवं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले दीपांशु, टीया बिष्ट, सिमरन, जसित, कृतिका, ममता, एवं सुमित फर्त्याल आदि शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रयासों की सराहना कर विद्यालय के संस्थापक स्व. प्रताप भैया को स्मरण किया।

मुख्य अतिथि ने विद्यालय को सांसद निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने डॉ. कल्पना सैनी का स्वागत कर विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान उन्होंने भाजपा नेता संतोष साह के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट ज्योति प्रकाश ने मुख्य अतिथि से पढ़ाई और खेल गतिविधियों में सहयोग करने का अनुरोध किया।

जल स्रोतों के लिए वरदान साबित हुई बारिश

गर्मी में लंबे समय तक बारिश नहीं होने पर करना पड़ा था जल संकट का सामना, अब झील में भी बढ़ने लगा पानी

अच्छी खबर

- भीषण गर्मी के कारण पांच ब्लॉकों में 36 जल स्रोत पहली बार सूखे
- 44 राजस्व गांव व 58 बसावटों में पानी के लिए मचा था हाहाकार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: मानसून की पहली बारिश जल स्रोतों और हैंडपंपों के लिए वरदान साबित हुई। गर्मी के मौसम में लम्बे समय तक बारिश ना होने के कारण भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिला, जिसका सीधा प्रभाव जलस्तर पर पड़ा, जिससे क्षेत्र के जलस्रोतों के साथ हैंडपंप भी सूख चुके थे।

जलस्तर में कमी और जलस्रोतों के सूखने से लोगों की मुसीबत भी बढ़ गई थी। दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी के लिए बनाए गए हैंडपंप भी सूख चुके थे। इससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों के लिए पानी का संकट गहरा गया था। गर्मी के कारण जलस्तर पाताल की ओर समाने लगा था। नैनी झील का जलस्तर भी माइनस आठ इंच तक पहुंच गया था, जो लगाकर बारिश के बाद वर्तमान में आठ फिट साढ़े चार इंच पर पहुंच गया है।

इस साल की भीषण गर्मी के कारण पांच ब्लॉकों में लगभग 36 जल स्रोत पहली बार सूखे, वहीं क्षेत्र के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार देखने को भी मिला। जल संस्थान से प्राप्त आंकड़ों की बात करें तो भीषण गर्मी से डिविजन में 32 स्कीमें सूख गई थी। इसके अलावा अन्य स्कीमें भी बुरी तरह से प्रभावित हो चुकी थी। इनमें अधिकतर धारी और रामगढ़ ब्लॉक की योजनाएं शामिल थी। पांच ब्लॉक भीमताल, धारी, रामगढ़, बेतालघाट और रामनगर के 44 राजस्व गांव और 58 बसावटों में पानी के लिए लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था।

नैनीझील के जलस्तर में बढ़ोत्तरी होने के बाद नाव संचालक भी पर्यटकों को आसानी से करा रहे हैं नौकायन। ● अमृत विचार

अब तक 36 जल स्रोत हो चुके हैं रिचार्ज

जल संस्थान के अधिशासी अभियंता विपिन कुमार चौहान ने कहा कि लगातार हुई बारिश से लगभग 36 जल श्रोत रिचार्ज हो चुके हैं। वहीं भीषण गर्मी से सुख चुके हैंडपंपों में भी पानी चलने लगा है, जिससे लोगों को पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

इस साल नैनी झील का जलस्तर न्यूनतम माइनस आठ इंच पर पहुंच गया था, जो बारिश के बाद अब आठ फिट साढ़े चार इंच पर पहुंच गया है। **-डीडी सती**, सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग

तल्लीताल स्थित जल स्रोत से बहता पानी। ● अमृत विचार

तलाकशुदा पति जबरन घुसा कमरे में, मुकदमा दर्ज

नैनीताल: नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र निवासी एक महिला ने पति पर तलाक के बाद भी जबरन उसके कमरे में घुसकर परेशान व अभद्रता करने के आरोप लगाए हैं। महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मल्लीताल आयारपाटा निवासी रूपा ने शिकायती पत्र सौंपते हुए कहा कि उसका पति से बीते वर्ष पूर्व तलाक हो चुका है, जिसके बाद से वह बच्चों के साथ मल्लीताल क्षेत्र में किराए के भवन में रहती है, लेकिन तलाक के बाद भी रोजाना रात को उसका तलाकशुदा पति शराब पीकर जबरन उसके कमरे में घुस जाता है। उसके साथ मारपीट करने के साथ ही उसके साथ छेड़ा खानी व अश्लील हरकत करता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। घर में हल्ला होने पर मकान मालिक समेत पड़ोसी भी नाराजगी जता रहे हैं, जिससे उसके मन में भय बना हुआ है। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर मल्लीताल निवासी सौरभ कनवाल के खिलाफ सम्बंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

दुकान में कार्य करने वाले ने कारोबारी को दी धमकी

नैनीताल: नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में एक मीट कारोबारी ने अपने कर्मचारी से उधार दिए पैसे वापस मांगे तो कर्मचारी ने धमकी दे डाली। मल्लीताल निवासी मीट कारोबारी अतुल ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि नगीना निवासी एक युवक उसकी दुकान में काम करता था।

उसकी शादी के समय उसने एक लाख रुपया उधार के रूप में मांगा और जल्दी वापस करने की बात कही, लेकिन शादी के बाद वह उसके वहां काम करने नहीं आया। ना ही उसके पैसे वापस किये।

जब उससे काम पर आने को कहा तो उसने काम पर आने से मना कर दिया। साथ ही कर्मचारी धमकी देने लगा, जिसके बाद मीट कारोबारी ने कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है

सभी छावनी परिषद निगम और निकायों में शामिल की जाएंगी

संवाददाता, नैनीताल

प्रक्रिया जारी

- बोर्ड खत्म होगा लेकिन जमीन केन्द्र सरकार की रहेगी
- सभी कैन्ट बोर्ड के कार्यालयों में भेजा गया इस सम्बन्ध में पत्र

अमृत विचार : प्रदेश की सभी छावनी परिषद जल्द ही नगर निगम और निकाय में शामिल होंगे। इसकी प्रक्रिया अभी चल रही है। इस सम्बन्ध में एक पत्र सभी कैन्ट बोर्ड के कार्यालयों में भेजा गया है। नागरिक क्षेत्र को दी जाने वाली सुविधाओं के लिए निर्मित सम्पत्तियों को नगर निगम और नगर पालिकाओं को बिना शुल्क हस्तान्तरित कर दिया जायेगा। कैन्टोनमेन्ट बोर्ड की सारी सम्पत्तियां और दायित्व भी प्रदेश सरकार के नगर निगम और नगर पालिका को बिना शुल्क हस्तान्तरित की जायेगी।

पहले चरण में देहरादून और क्लेमेंट टाउन बोर्ड को शामिल किया गया है। सम्पूर्ण नागरिक क्षेत्र प्रदेश की नगर निगम और नगर पालिका को सौंपे जाएंगे, लेकिन जहां कहीं भी भारत सरकार का स्वामित्व अधिकार है उसे भारत सरकार द्वारा बरकरार रखा जायेगा। नागरिक क्षेत्र की जमीन का मालिकाना हक केन्द्र सरकार के पास ही रहेगा, लेकिन नगर पालिका व नगर निगम नागरिक क्षेत्र के नागरिकों को सिर्फ पानी, बिजली और सफाई आदि मूलभूत सुविधायें ही उपलब्ध करायी जाएगी। ऐसी दशा में नगर निगम और नगर पालिका को हस्तान्तरित जमीन का स्वामित्व केन्द्र सरकार के पास ही रहेगा, जिसका कोई फायदा आम नागरिकों को नहीं मिलेगा। नागरिकों के घरों की जमीनों के पट्टे नहीं बन सकेंगे और ना ही लोकल स्तर पर नगर पालिका मकान के नक्शे पास कर पायेगी। रक्षा मंत्रालय के इस निर्णय के बाद नैनीताल छावनी में कार्यरत करीब 80 संविदा कर्मचारियों को बेरोजगार होने का डर सताने लगा है। छावनी परिषद् नैनीताल के सीनियर कंसलटैन्ट कुंवर सिंह कबडोला ने बताया कि नैनीताल कैन्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वरुण कुमार इस विषय में दिल्ली बैठक में शामिल हुए। मंत्रालय में हुई बैठक से पता चला है कि जितनी भी स्वीकृति कैन्ट बोर्ड या डीईओ ऑफिस देता है वह सब मंत्रालय देगा और नगर पालिका और नगर निगम को स्वीकृति देने का कोई हक नहीं होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों और जनता के साथ अन्याय नहीं होगा। इसमें अन्तिम निर्णय मंत्रालय का होगा।

बोट हाउस क्लब की नई कार्यकारिणी के लिए मतदान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: नगर की प्रतिष्ठित संस्था बोट हाउस क्लब की वार्षिक आम सभा में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष की आय व्यय का ब्यौरा रखा गया जिसे सदन ने स्वीकार किया, इसमें 14 दिसंबर 2023 को हुई बैठक के प्रस्तावों की पुष्टि की गई। इसके बाद मतदान प्रक्रिया शुरू हुई, जो रात्रि आठ बजे तक जारी रही।

अब शनिवार को क्लब के चयनित नौ पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी जिनमें से सदस्यों की रायशुमारी से सचिन उपसचिव कोषाध्यक्ष पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। दूसरी ओर शुक्रवार को बोट हाउस क्लब में 344 सदस्यों ने आफ लाईन बोटिंग की।

बोट हाउस क्लब सभागार में हुई सभा में सभी सदस्यों ने एक राय होकर कहा कि कमेटी बेहतर कार्य कर रही है। सदस्यों ने वोटिंग सिस्टम को सराहा। कहा कि इससे देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे सदस्य वोटिंग कर पा रहे हैं। तय किया गया कि क्लब के पास मौजूद धनराशि को म्यूचुअल फंड अथवा अन्य में निवेश किया जाएगा। क्लब के स्वागत कक्ष और बेहतर किया जाएगा। शौचालय आदि को प्रथम तल से भूतल में लाया जाएगा। खाने की गुणवत्ता को और बेहतर किया जाएगा। दिन में मतदान शुरू हुआ।

वोट डालते बोट हाउस क्लब के सदस्य।

चाक-चौबंद मेले को पूर्णत : पॉलीथिन मुक्त रखने के लिए दुकानदारों को किया निर्देशित

भीमताल में तेज हुई हरेला मेला की तैयारी

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : नगर में दशकों से लग रहे हरेला मेले की तैयारियां नगर पालिका की ओर से जोर शोर से की जा रही हैं। नगर में 16 जुलाई से शुरू होने वाला मेला 21 जुलाई तक चलेगा।

इस संबंध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह ने बताया कि मेले में सफाई की व्यवस्था के लिए निविदा कर ली गई है। झूले के लिए भी निविदा की प्रक्रिया संपन्न हो गई है। मेला पूर्णतः पॉलीथिन मुक्त रहे इसके लिए प्रत्येक दुकानदार को निर्देशित कर लिया गया है और पॉलीथिन का प्रयोग करने पर कार्रवाई की जाएगी।

अपनी-अपनी बात

नगर पालिका द्वारा मेले की लगभग सारी तैयारियां कर ली गई हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए दलों से संपर्क कर लिया गया है वहीं सुरक्षा, पेयजल और साफ सफाई की व्यवस्था भी की गई है। **-उदयवीर सिंह**, अधिशासी अधिकारी

सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। कैमरों की संख्या को बढ़ाया जा रहा है। लोक सांस्कृतिक दलों और स्थानीय गायकों से भी संपर्क किया जा रहा है। भव्य बनाने का प्रयास रहेगा। **-प्रमोद कुमार**, एसडीएम नैनीताल और मेला अधिकारी

हरेला मेला हमारा पारंपरिक मेला है, इसको भव्यता प्रदान करने के लिए नगर पालिका और स्थानीय लोग लगातार कार्य कर रहे हैं। बाहर से अधिक से अधिक व्यापारी आएं इसका प्रयास किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिले। **-मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष, भाजपा

मेले में बाहर से आए हुए व्यापारियों से अवैध वसूली ना हो। इसका विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। **-नितेश बिष्ट**, सामाजिक कार्यकर्ता



सफाई की व्यवस्था, दुकानदारों के पतों का सत्यापन और झूले जो लगते हैं। उनके फिक्स रेट होने चाहिए, तभी अधिक से अधिक जनमानस जुड़ेगा। **-अखिलेश सेमवाल**, भाजपा कार्यकर्ता

ग्रामीण क्षेत्रों से जो लोग पहुंचते हैं उनके लिए यातायात व्यवस्था के साथ-साथ निशुल्क बस सेवा भी उपलब्ध हो तो मेले को एक अनूठी पहचान मिलेगी। **-कार्तिक कनार्टक**, कारोबारी

दिव्यांग पेंशन के लिए निशुल्क आवेदन

भीमताल: लोगों को अब बाहर केन्दों से धन देकर ऑनलाइन दिव्यांग पेंशन कराने से छुटकारा मिलेगा। अब वह हल्द्वानी बेस अस्पताल में जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केन्द्र से निःशुल्क पेंशन के आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अपैल 2024 से सभी प्रकार की पेंशन योजना के आवेदन पत्र ऑनलाइन प्राप्त किये जा रहे हैं। विशेष रूप से दिव्यांग पेंशन आवेदनकर्ताओं की सुविधा और जनहित में जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केन्द्र, बेस अस्पताल, हल्द्वानी में निःशुल्क दिव्यांग पेंशन के आवेदन ऑनलाइन की व्यवस्था की गयी है। अधिक जानकारी कार्यालय के मोबाइल नंबर 8439391331 एवं दूरभाष संख्या 05946250220 पर सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद लोग।

छोटे-छोटे रोजगार से जोड़कर महिलाओं की आर्थिकी होगी मजबूत : हरीश बिष्ट

भीमताल, अमृत विचार : भीमताल ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंत नगर के तत्वावधान में आयोजित भारतीय कृषि अनुसंधान मुर्गी पालन, पशु पालन, अनुसूचित जाति समुदाय को सशक्तिकरण के लिए क्षमता विकास दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। ब्लॉक मुख्यालय में ग्रामीण महिलाओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण में प्रमुख ने कहा प्रशिक्षण से किसानों की आय बढ़ाने व आर्थिक की उन्नति करेगा। छोटे छोटे उद्यमों से पलायन को रोकने के साथ ग्रामीणों की आय बढ़ेगी। महिलाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। इस दौरान डा. बलवान सिंह, डा.बीके मंडल, डा. रिम्पू सुधन, डा.सुधा, सतीश कुमार, सुषमा देवी सहित लाभार्थी विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

70 प्रतिशत रोजगार स्थानीय लोगों को मिले

भीमताल, अमृत विचार : भीमताल की औद्योगिक घाटी में उद्योगों को खोलने और उसमें रोजगार उपलब्ध कराने और स्थानीय लोगों को 70 प्रतिशत रोजगार देने की मांग को लेकर बेरोजगार संघ के अध्यक्ष पूरन चंद्र बृजवासी ने मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में अवगत कराया कि स्थानीय लोगों का पलायन रुके, इसके लिए तत्कालीन केन्द्रीय उद्योग मंत्री स्व. पं. नारायण दत्त तिवारी ने इसकी नींव रखी थी। बाद में उद्योग भी स्थापित हुए पर वर्ष 2000 से 2004 तक इन उद्योगों के प्रबंधकों ने भारत सरकार व प्रदेश सरकार के द्वारा दिए जाने वाले अनुदान का भरपूर लाभ उठाकर अपने उद्योग बंद कर दिए। अब हालत यह है कि लगभग 50 प्रतिशत से अधिक भूभाग झाड़ियों से भरा हुआ है।

आज का मौसम

बीच-बीच में बारिश होने की संभावना है

31.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.22
सूर्यास्त 07.13

एक नजर

जिले में दस ग्रामीण सड़कें अभी भी बंद

हल्द्वानी : भूस्खलन और मलबा आने की वजह से नैनीताल जिले में 10 ग्रामीण सड़कें अभी भी बंद हैं। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक मंगोली-खमारी थापला, देवीपुरा-सौड, खनस्यू-रिखाकोट, बजून-अक्सू, कालाखेत-दिग्थरी, लमजाला मोटर मार्ग, मल्यूटी मोटर मार्ग, फतेहपुर-बेल मार्ग बंद हैं। इसके अलावा हरीशताल मार्ग अभी बंद है। सभी बंद मार्गों को खोलने का कार्य तेजी से चल रहा है। जिन स्थानों पर लगातार मलबा गिर रहा है वहां जेसीबी तैनात की गई हैं।

शहर में छाए रहे बादल काठगोदाम में हुई बारिश

हल्द्वानी : शुक्रवार को आसमान बादलों से घिरा रहा पर शहर में बारिश नहीं हुई, लेकिन काठगोदाम क्षेत्र में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने 16 जुलाई तक जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुरुवार की रात जिले के भदयूनी गांव के जंगलों में मूसलाधार बारिश हुई। जिससे नदी-नाले उफान पर आ गये थे। शुक्रवार को बारिश न होने से लोगों को काफी राहत मिली। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

फूलचौड़ व पंचायत घर में सात घंटे गुल रही बिजली

हल्द्वानी : सड़क किनारे पेड़ों की कटाई-छंटाई के चलते शुक्रवार को पंचायत घर व गन्ना सेंटर बिजली उपकेंद्र से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 7 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीण विद्युत वितरण खंड के ईई डीडी पांगती ने बताया कि पेड़ों कटाई-छंटाई के चलते शटडाउन लिया गया था।

देहरादून-हल्द्वानी हाईवे पर निहाल नाले के कटाव से बही सड़क का निरीक्षण करतीं एसडीएम रेखा कोहली। ● अमृत विचार

निहाल नाले के उफान से चकलुवा में फिर बही सड़क

पुलिया रोकने को लगाया गया लोहे का गार्डर और मिक्चर मशीन भी बही, आवाजाही बंद

बारिश से आफत

- बारिश से कालाढूंगी थाने के समीप गिरे तीन विशालकाय पेड़
- कालाढूंगी, चकलुवा, बैलपड़ाव व कोटाबाग में गुल रही बिजली

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : गुरुवार की रात हुई मूसलाधार बारिश ने कई जगह कहर बरपाया। नदी-नाले उफान पर आने के साथ ही कई जगहों पर विशालकाय पेड़ गिरने से यातायात ठप रहा। वहीं देहरादून-हल्द्वानी हाईवे में चकलुवा के पास निहाल नाले के उफान से पुलिया की निर्माणाधीन सड़क फिर से बह गई। पानी के तेज बहाव में पुलिया को रोकने के लिए लगाया गया लोहे का गार्डर और ठेकेदार की मिक्चर मशीन भी बह गई, जो करीब आधा किलोमीटर दूर जाकर मिली।

बीती छह जुलाई को निहाल नाले के उफान पर आने से देहरादून-हल्द्वानी हाईवे पर स्थित पुलिया के नीचे एक हिस्से की दीवार बह गई थी। पुलिया को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग ने लोहे का गार्डर लगाया और सुरक्षा दीवार निर्माण का कार्य शुरू किया। बीती 10 जुलाई को प्रशासन ने पुलिया को हल्के वाहनों के लिए खोल दिया था। गुरुवार की रात हुई भारी बारिश से निहाल नाला फिर उफान पर आ गया और सड़क के ऊपर खड़ी मिक्चर मशीन के साथ सुरक्षा दीवार और लोहे के गार्डर को बहा ले गया। प्रशासन ने मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी है। छोटे वाहनों को रामपुर-विदरामपुर गांव से वन-वे कर निकाला जा रहा है।

इधर, कालाढूंगी थाने के समीप देर रात यूके लिप्टिस के तीन विशालकाय पेड़ सड़क पर गिर गए। जिससे मार्ग में यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने वन विभाग की मदद से पेड़ काटकर मार्ग खुलवाया। पेड़ गिरने से बिजली के तार टूट गए। जिससे रातभर कालाढूंगी, चकलुवा, बैलपड़ाव व कोटाबाग में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। सुबह 8.30 बजे आपूर्ति बहाल हुई। लोनिवि के जेई गणेश रौतेला ने बताया कि दोबारा से नाले की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। एसडीएम रेखा कोहली ने अधिकारियों के साथ पुलिया का निरीक्षण किया। एसओ भगवान महर ने बताया कि वन -वे ट्रैफिक व्यवस्था कर छोटे वाहनों को निकाला जा रहा है। यात्री बसों के लिए शिफ्टिंग की व्यवस्था की गई है।

कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे में गिरे यूके लिप्टिस के पेड़ को क्रेन से हटवाते विद्युत व वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

दिनभर की तलाश नहीं मिला आकाश

संवाददाता, हल्द्वानी

घटना

- गुरुवार की रात देवखड़ी नाले में बाइक समेत बह गया था
- शुक्रवार को दिनभर खोजबीन में जुटी रहीं बचाव टीमें

लापता आकाश।

अमृत विचार : देवखड़ी नाले में बहे बाइक सवार आकाश का शुक्रवार की देर शाम तक कहीं पता नहीं चल पाया। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, दमकल व पुलिस की टीमों ने दिनभर सर्च अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आकाश के लापता होने से परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

40 वर्षीय आकाश अपने परिवार के साथ काठगोदाम में किराए पर रहता है। मूलरूप से बरेली के सुभाषनगर थाना क्षेत्र का रहने वाला आकाश यहां दुर्गा सिटी सेंटर के पास एक पेट्रोल पंप में सेल्समैन का काम करता है। बीते गुरुवार की रात करीब साढ़े दस बजे आकाश काम निपटाकर घर लौट रहा था। बारिश के बीच हाईडिल गेट चौराहा पर देवखड़ी नाला उफान पर था।

लोगों ने उसे नाला पार करने से मना किया लेकिन वह नहीं रूका और अपनी बाइक संख्या यूपी 25 सीएल-7620 से नाला पार करने लगा तभी वह नाले के तेज बहाव में आकर बाइक समेत बह गया। घटनास्थल से कुछ दूरी पर उसकी बाइक मिल गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। घटना के बाद से पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, दमकल और पुलिस की टीम उसकी तलाश में जुटी हैं। शुक्रवार को देवखड़ी नाले में खोजबीन के बाद टीमों ने नैनीताल रोड से सटी नहर में भी खोजबीन की। इधर, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने बताया कि लापता आकाश की तलाश की जा रही है।

पापा घर आ जाओ तब खाना खाएंगे...

आकाश की बड़ी बेटी शगुन ने गुरुवार की रात 10:30 बजे उसे फोन किया और कहा कि 'पापा खाना बन गया है आप जल्दी आ जाओ...सब साथ में खाना खाएंगे'। आकाश ने भी जल्दी आने की बात कही। रात लगभग 11 बजे के बाद आकाश का फोन लगना बंद हो गया। करीब 11:30 बजे आकाश की पत्नी सत्या सिंह ने पड़ोस में रहने वाले युवक को आकाश की खबर लेने के लिए भेजा। युवक हाईडिल चौराहे पर पहुंचा तो पता लगा कि आकाश नाले में बहकर लापता हो गया है। परिवार के लोग अभी भी आकाश का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह सकुशल वापस आ जाएगा।

वॉकवे मॉल के पास नाले में आकाश की खोजबीन करती टीम। ● अमृत विचार

घरों में घुसा पानी और मलबा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गुरुवार की रात काठगोदाम में कलसिया नाला बारिश से उफान पर आ गया। जिससे नाले के आसपास बने घरों में पानी और मलबा घुस गया। कई घरों में पानी और मलबे से कीमती सामान खराब हो गया। लोग रातभर जागकर घरों से पानी बाहर निकालते रहे। कलसिया नाले के पास रहने वाला एक परिवार अपना सामान लेकर आंबेडकर भवन में पहुंच गया।

प्रभावित प्रदीप कुमार ने बताया कि उनका घर नाले के पास है। गुरुवार की रात 10 बजे पानी और मलबा आना शुरू हो गया था, वह तुरंत पूरे परिवार को लेकर घर से निकल गए और आंबेडकर भवन में चले गए। विगत वर्ष भी कलसिया का बहाव आया था और नाले का पानी उनके घर में घुस गया था। तब भी उन्हें परिवार के साथ घर छोड़ना पड़ा था। बाद में विधायक सुमित हृदयेश ने नाले के पास एक दीवार बनवाई। जिससे इस बार पानी का बहाव उतना तेज नहीं था। वहीं हीरालाल ने बताया कि पिछले वर्ष एक भवन नाले की जद में आकर पूरा बह गया था। रोशनलाल ने कहा कि नाले को सही तरह से चैनेलाइज करने की जरूरत है।

काठगोदाम में कलसिया नाले की जद में आया मकान।

काठगोदाम में आपदाग्रस्त क्षेत्र का दौरा करते विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

सुमित ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया

हल्द्वानी, अमृत विचार : कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने गुरुवार की रात आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने सरकार से आपदा प्रबंधन सही तरह से करने की मांग की। विधायक सुमित कलसिया, रकसिया और आमपानी नालों के उफान से प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे और प्रभावित लोगों से मुलाकात की।

उन्होंने जमरानी कॉलोनी, देवखड़ी, काठगोदाम, बद्रीपुरा, वार्ड नंबर 34, 35, 36, 37 में जलभराव और जानमाल के नुकसान का जायजा लिया। साथ ही मौके पर अधिकारियों को राहत पहुंचाने के निर्देश भी दिए। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार को कलसिया और रकसिया नालों के सुधार के प्रस्ताव पहले ही दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने सरकार से अपील की कि इन प्रस्तावों को स्वीकार कर नालों पर सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जाए, ताकि जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े और जान-माल की हानि न हो।

देवखड़ी नाले के स्त्रोत से की जाएगी सफाई

प्रबंधन

- जिला प्रशासन ने निरीक्षण के बाद लिया फैसला
- राजस्व में सिंचाई व वन क्षेत्र में वन विभाग को दी गई जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला प्रशासन ने शुक्रवार को काठगोदाम, जवाहर ज्योति, दमुवाढूंगा आदि जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। साथ ही पानी की निकासी के लिए नालों व नहरों की सफाई के लिए जरूरी निर्देश दिए।

बीते गुरुवार को काठगोदाम में भदयूनी के जंगलों में हुई भारी बारिश से जवाहर ज्योति, दमुवाढूंगा बंदोबस्ती, बिठौरिया नंबर-1, गायत्री विहार, चौफुला आदि क्षेत्रों में जलभराव हो गया था। घरों व दुकानों में मलबा और पानी घुस गया। इधर, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, उप नगर आयुक्त तुषार सैनी ने देवखड़ी नाले के अपस्ट्रीम में आमखेड़ा और बरेला आम स्ट्रीम तक जायजा लिया। यह दोनों स्ट्रीम मिलकर ही देवखड़ी नाला बनता है। निरीक्षण में सामने आया कि अपस्ट्रीम में भारी मात्रा में आरबीएम, पेड़ और गिल्टे वगैरह पड़े हुए हैं, जिस वजह से नाले का स्तर काफी ऊपर उठ गया है। यही वजह है कि गहराई होने के बाद भी नाला उफान पर है। इस पर उन्होंने रामनगर डीएफओ दिगंथ नायक से नाले की सफाई और पेड़ हटवाने के लिए कहा, ताकि पानी की निकासी हो सके। इस पर वन अधिकारियों ने बताया कि वन निगम ने लॉट बना दी है, जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। इसके बाद टीम गायत्री विहार पहुंचीं, यहां भी लोगों के घरों व दुकानों में मलबा घुस गया था। नगर निगम की टीम से कीचड़ वगैरह की सफाई कराई गई। इसके बाद टीम ने नहर कवरिंग रोड पर कच्चे नाले में मलबा आने से पानी निकासी बंद हो गई थी। इस पर जेसीबी से सफाई करवा पानी की निकासी सुचारू कराई गई। एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को 26 लोगों को तत्काल सहायता राशि दी गई। इसके अलावा पानी की निकासी को नगर निगम देवखड़ी नाले और सिंचाई विभाग चौफुला चौराहे पर जेसीबी से नाले की सफाई कर रहा है।

काठगोदाम में कलसिया नाले के निरीक्षण के दौरान प्रभावितों से बातचीत करते एसडीएम। ● अमृत विचार

लापरवाही | जगह-जगह अतिक्रमण से अब सड़कों पर बहता है नालों का पानी, अवैध कब्जों से नालों की चौड़ाई हुई कम

अतिक्रमण ने देवखड़ी और बरसाती नालों का गला घोंटा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : देवखड़ी और देवलढूंगा के बरसाती नालों पर अतिक्रमण होने से नालों का दायरा बेहद कम हो गया है। अतिक्रमणकारियों ने प्रशासन, वन विभाग और सिंचाई विभाग से बेखौफ होकर दोनों नालों से सटाकर या नाले के अंदर घुसकर निर्माण किया है। जिस वजह से बारिश में नाले का पानी अब सड़क पर बह रहा है।

वार्ड संख्या 35 के देवखड़ी क्षेत्र से एक नाला निकलता है, जिसे देवखड़ी नाला कहा जाता है। इस नाले की जिस स्थान से शुरुआत होती है लोगों ने वहीं से इसके ऊपर अतिक्रमण किया हुआ है। लोगों ने भवन बनाकर नाले की चौड़ाई को कई जगह कम कर दिया है। नहर कवरिंग रोड पर जहां नाला मिलता है, वहां भी नाले पर भवन का निर्माण नाले के अंदर से किया गया है। नहर कवरिंग रोड पर एक मंदिर का निर्माण भी नाले की जद में किया गया है। कुछ दिन पूर्व नैनीताल रोड के पास नाले की चौड़ाई को सही करने के लिए अवैध निर्माण तोड़ा गया था, लेकिन अभी भी नाले के ऊपर कई अवैध निर्माण हैं। वहीं बीते गुरुवार की रात हुई मूसलाधार बारिश से देवलढूंगा में बरसाती नाला उफान पर आ गया। जिससे नाले का पानी और मलबा लोगों के घर में घुस गया। लोग रात भर जागकर घर के अंदर से पानी और मलबा निकालते रहे। लोगों के अनुसार नाले में इस तरह का बहाव लगातार दूसरे वर्ष आया है। इससे पहले बहाव इतना नहीं होता था। काठगोदाम से भदयूनी गांव के लिए सड़क बनने के बाद से नाले का बहाव तेज हो गया है। देवलढूंगा में एक स्कूल के भवन का निर्माण ठीक नाले के ऊपर किया गया है। जिस वजह से नाले की चौड़ाई कम हो गई है।

देवलढूंगा में बरसाती नाले पर किया गया स्कूल का निर्माण। ● अमृत विचार

देवखड़ी के इसी नाले में बहा आकाश। ● अमृत विचार

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता पर गाज, हुए अटैच

संवाददाता, हल्द्वानी

कार्रवाई

- बाढ़ सुरक्षा कार्य में लापरवाही बरतने पर अल्मोड़ा मुख्य अभियंता कार्यालय से अटैच
- दिनेश सिंह रावत को मिला अधिशासी अभियंता हल्द्वानी का चार्ज

अमृत विचार : सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता बीसी नैनवाल पर गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम के बाढ़ सुरक्षा कार्य में देरी व लापरवाही बरतने पर कार्रवाई हुई है। उन्हें सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता पद से हटाकर अल्मोड़ा मुख्य अभियंता कार्यालय से अटैच किया गया है।

सिंचाई विभाग के सचिव डॉ. आर राजेश कुमार की ओर से जारी आदेश के तहत उक्त कार्रवाई हुई है। नैनवाल के स्थान पर अधिशासी अभियंता हल्द्वानी का चार्ज दिनेश सिंह रावत को दिया गया है। सिंचाई विभाग को अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम को गौला नदी के प्रवाह से बचाने के लिए लगभग 200 मीटर तक बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण करना था। इसके लिए खेल विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेजा था, दीवार निर्माण का कार्य सिंचाई विभाग को करना था। मगर शासन से बजट न मिलने के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया। पिछले दिनों हुई भारी बारिश से गौला नदी उफान पर आ गई थी। जिससे भू-कटाव होने से स्टेडियम की पार्किंग की सड़क, नाली व बिजली के पोल नदी में समा गये थे। आनन-फानन में सिंचाई विभाग ने गौला नदी के चैनलाइजेशन का कार्य शुरू किया था। कार्य देरी से शुरू करने और लापरवाही बरतने पर सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने अधिशासी अभियंता नैनवाल पर कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से विभाग के अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मचा है।

गौला नदी में जलस्तर बढ़ने से लगातार अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम की ओर भू-कटाव हो रहा है। इससे स्टेडियम का क्रिकेट मैदान खतरे की जद में आ गया है। जल्द भू-कटाव रोकने के इंतजाम नहीं किये गए तो क्रिकेट मैदान भी गौला नदी में समा जायेगा।

वरिष्ठता लाभ समाप्त करने पर किया प्रदर्शन

वन विकास निगम के कर्मचारियों ने प्रदेश संगठन के आह्वान पर डिपो में धरना देकर रोष व्यक्त किया

संवाददाता, कालाढूंगी/ रामनगर

अमृत विचार : वन विकास निगम के कर्मचारियों की वरिष्ठता शासन की ओर से समाप्त किए जाने को लेकर निगम कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

शुक्रवार को उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन पश्चिम क्षेत्र रामनगर के बैनर तले वन विकास निगम के कर्मचारियों ने प्रदेश संगठन के आह्वान पर वन निगम डिपो में धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारी संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र तिवारी ने बताया कि वन विकास निगम के सभी कर्मचारियों की 1991 में वरिष्ठता सूची बनी थी। उसी आधार पर सभी कर्मचारियों को वेतन भत्ते सभी देय हो रहे थे। अब शासन ने बीते 26 जून से तुगलकी फरमान जारी करते हुए वरिष्ठता सूची को निरस्त करने के आदेश जारी कर दिये जो कि उनके अधिकारों का कुठाराघात करना है।

तिवारी ने कहा प्रदेश संगठन के आह्वान पर वन निगम डिपों में एक दिवसीय धरना दिया गया है। अगर पुरानी वरिष्ठता शीघ्र बहाल नहीं की जायेगी तो वन विकास निगम के कर्मचारीगण धरान देने को बाध्य होंगे। इस दौरान कर्मचारियों ने शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने में प्रांतीय प्रचार मंत्री राजू जोशी, नवीन पांडे, जगदीश सिंह बिष्ट, त्रिलोक बिष्ट, मोहन गोस्वामी, महेन्द्र सिंह, दलीप सिंह, गंगा बिष्ट, तारा राम, जीवन लाल, गोधन राम, फकीर राम, विपिन जोशी, मोहन पवार, रामनाथ पांडेय, कुशल सिंह, नंदन नेगी, सुरेश चंद्र, अनिल कुमार, देवी दत्त चौबे, युगल किशोर, हरिनंदन बिष्ट, शेर सिंह बौरा, महेन्द्र सिंह, प्रेम राम, अनिल कुमार सहित दर्जनों कर्मचारी धरने पर मौजूद रहे। वहीं रामनगर में भी वरिष्ठता का लाभ देने के आदेश को निरस्त करने के खिलाफ कर्मचारी संगठनों ने रोष व्यक्त किया। शुक्रवार को उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन पश्चिमी क्षेत्र रामनगर ने वन निगम परिसर आमडंडा में धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कोर्ट के आदेश के बाद दिए गए वरिष्ठता लाभ को निरस्त करने की तीखी निंदा की है।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि उत्तराखंड शासन ने 23 दिसंबर 2002 को विनियमित हुए कर्मचारियों को वरिष्ठता का लाभ देने के लिए 15 फरवरी 2023 को (19 सितंबर 1991 की वरिष्ठता) आदेश जारी किया था। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि निरस्तीकरण का आदेश वापस न होने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। शुक्रवार को धरना प्रदर्शन में कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र सुयाल, क्षेत्रीय मंत्री कर्मचारी संगठन मदन मोहन पांडे, चन्द्र वल्लभ छिम्वाल, उमेश भट्ट, गिरीश पडलिया, तरुण जोशी, संजय पांडे, मोहन चौरसिया, माधवानन्द द्विवेदी, त्रिलोक सिंह मर्तोलिया, महेश तिवारी, डीएस अधिकारी, भूपाल सिंह भंडारी, ईश्वरी भट्ट मौजूद रहे।

कालाढूंगी में शासन के खिलाफ नारेबाजी करते वन विकास निगम के कर्मचारी। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

रोशनी को आशीर्वाद देते उम्मीद की किरण के सदस्य।

निर्धन कन्या का विवाह कराकर किया विदा

रामनगर : ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में उम्मीद की किरण संस्था ने निर्धन कन्या रोशनी के विवाह में पूरा योगदान देते हुए उसे खुशी खुशी विदा किया। ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी ने बताया कि सुंदरखाल निवासी रोशनी के पिता की कुछ य पूर्व सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। कुछ समय बाद उसकी मां का भी देहांत हो गया था। वह अपनी नानी के साथ रहती है। कुछ दिन पूर्व रोशनी की नानी गांव के कुछ लोगों के साथ उनके पास आकर बोली कि रोशनी की 11 जुलाई को शादी है उनके पास कुछ भी नहीं है। शादी के लिए गांव के लोग आपस मे चंदा कर रहे हैं। नम आंखों से उसकी नानी ने बताया कि शादी में 200 लोग होने, उसकी नानी को दिलासा देकर उम्मीद की किरण के सदस्यों ने राय मशविरा किया कि बिन मां बाप की बच्ची का विवाह सब मिलजुल कर करेंगे। रोशनी के परिजनों ने ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी व उम्मीद की किरण के सदस्य राहुल डंगवाल आदि का आभार जताया है।

परीक्षा केंद्रों के आसपास लगाई धारा 163

रामनगर : उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की रविवार को होने वाली पीसीएस-प्रारंभिक परीक्षा के मद्देनजर उपजिला मजिस्ट्रेट राहुल शाह ने छह परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 लागू करने की घोषणा की है। परीक्षा के लिए पीएमश्री अटल उत्कृष्ट जीजीआईसी रामनगर, जीपीपी आर्य कन्या इंटर कॉलेज कोसी रोड, एमपी हिन्दू इंटर कालेज रानीखेत रोड, जीआईसी गुलरघट्टी एआरटीओ रोड रामनगर, जीआईसी गौजानी और ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल हिम्मतपुर ब्लॉक में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

इनरव्हील क्लब ने चलाया पौधरोपण अभियान

हल्द्वानी : इनरव्हील क्लब ऑफ हल्द्वानी राइजिंग स्टार्स ने पौधरोपण अभियान के चौथे चरण के तहत शुक्रवार को सतीश कॉलोनी में अनार, लीची, अंजीर, नींबू आदि प्रजातियों के पौधे लगाए। क्लब की शिखा अग्रवाल ने कहा कि अभियान का उद्देश्य धरती को हरा-भरा बनाना और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि पहले तीन चरणों में कुशवाहा केंद्र, बेस अस्पताल और कृष्णा कुंज कॉलोनी में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर अंशिका अग्रवाल, मोनिका जैन, आकांक्षा, रुचि, शिंपी, खुशबू, प्रतिभा, शिल्पा मौजूद रहीं।

रामनगर में पात्र लोगों को चेक देते विधायक दीवान सिंह बिष्ट।

जरूरतमंदों को वितरित की सहायता राशि

रामनगर : विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 86 पात्र परिवारों को पांच लाख चौरासी हजार रुपये की आर्थिक सहायता के चेक वितरित किये, जो चेक वितरित किये गए उनमें अधिकांश पुत्री विवाह एवं उपचार पाने वाले लाभार्थी शामिल थे। विधायक बिष्ट ने लाभार्थियों को चेक वितरित कर कहा कि सरकार हर पात्र व्यक्ति को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवा रही है। सरकार का यही संकल्प है कि जरूरत मन्द लोगों को दर-दर न भटकना पड़े। चेक वितरण में नगर अध्यक्ष मदन जोशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, पूर्व पालिकध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, युवा नेता जगमोहन सिंह बिष्ट, माया रावत, नीमा मठपाल, मनमोहन बिष्ट, के. पूरन बिष्ट, प्रभु रत्न, कृपाल दत्त जोशी, जितेश टम्टा, कपिल रावत आदि लोग मौजूद रहे।

पत्रकार के निधन पर शोक व्यक्त करते शिक्षक। ● अमृत विचार

शिक्षकों ने पत्रकार जितेंद्र पपनै को दी श्रद्धांजलि

रामनगर : उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा रामनगर द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय घासमंडी में वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र पपनै के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान प्रकाश फुलोरिया, मनोज कश्मीरा, मनोज तिवारी, नंदराम, नवेन्दु जोशी, बसंत वर्मा, कैलाश सुयाल, प्रकाश तिवारी, सुभाष जुयाल, मनोज सिंह आदि शिक्षकों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

साढ़े तीन घंटे देरी से पहुंची बाघ एक्सप्रेस

हल्द्वानी : हावड़ा से काठगोदाम के बीच नियमित चलने वाली बाघ एक्सप्रेस शुक्रवार को अपने निर्धारित समय से साढ़े तीन घंटे देरी से काठगोदाम स्टेशन पहुंची। आमतौर पर ट्रेन सुबह 9.15 बजे काठगोदाम स्टेशन पहुंचती है। देरी से चलने के कारण ट्रेन दोपहर 12.35 बजे स्टेशन पहुंची। काठगोदाम स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि ट्रेन को तय समय पर रवाना किया।

पूर्व सैनिकों के दल ने दिया मदद का आश्वासन

हल्द्वानी : पूर्व सैनिकों के एक दल ने शुक्रवार को भीमताल के पदमपुरी स्थित बमेठा पुल के पास गधेरे में नहाते समय बहे कुमाऊं रेजीमेंट के सेवारत फौजी हिमांशु दफौटी के परिजनों से उनके घर जाकर मुलाकात की। पूर्व कैप्टन सोबन सिंह भड़ ने बताया कि पूर्व सैनिकों ने परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान पूर्व मेजर बीएस रौतेला, मेजर कुंवर भंडारी, कैप्टन खुशाल सिंह माहरा, कैप्टन राम सिंह, सूबेदार मेजर गोविंद सिंह रावत, सूबेदार मेजर खुशाल सिंह रावल, सूबेदार मेजर कुंदन सिंह गड़िया, सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह मेहरा, सूबेदार मेजर मोहन सिंह नेगी, सूबेदार मेजर प्रह्लाद सिंह परिहार, पूर्व सैनिक गोविंद अधिकारी आदि मौजूद रहे।

नलकूप खराब होने से लोग पानी के लिए परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अलग-अलग क्षेत्रों में जल संस्थान के तीन नलकूप खराब होने से लोग पानी के लिए परेशान हैं। करीब 5 हजार की आबादी पानी के लिए जूझ रही है। विभागीय कर्मचारी नलकूपों की मरम्मत में लगे हैं।

राजपुरा पुलिस चौकी के समीप लगा नलकूप पिछले एक सप्ताह से खराब है। जिससे क्षेत्र के लोग तिकोनिया व आसपास के क्षेत्रों से पानी ढोने को मजबूर हो रहे हैं। वहीं ब्लॉक परिसर कार्यालय में लगा नलकूप पिछले 5 दिन से खराब चल रहा है। इस कारण ब्लॉक कार्यालय के आसपास के क्षेत्रों में पानी की दिक्कत बनी हुई है। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि खराब नलकूपों की मरम्मत चल रही है। 2 से 3 दिन में सभी नलकूप ठीक हो जायेंगे और पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

शीशमहल फिल्टर प्लांट से बाधित रही आपूर्ति

हल्द्वानी : शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट से शुक्रवार को पेयजल की आपूर्ति बाधित रही। इसके चलते नैनीताल रोड, राजपुरा, दमुवाढूंगा, इंदिरानगर, ठंडी सड़क समेत कई इलाकों में लोग पानी के लिए परेशान रहे। जल संस्थान ने इन इलाकों में टैंकरों के जरिए पेयजल की आपूर्ति की, लेकिन लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाया। एई नीरज तिवारी ने बताया कि सिल्ट व मलबा आने की वजह से फिल्टर प्लांट से आपूर्ति बाधित रही। सफाई कार्य पूरा होते ही आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

मंडी के बाहर से 15 दिन में हटाना पड़ेगा अतिक्रमण, नोटिस जारी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : शिवलालपुर रियुनिया स्थित नवीन मंडी स्थल के बाहर सरकारी भूमि पर कब्जा हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने करीब 35 लोगों को नोटिस जारी किए हैं। लोनिवि ने कब्जे हटाने के लिए संबंधित लोगों को 15 दिन का नोटिस जारी किया है। नोटिस हाथ में मिलते ही अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया। नोटिस मिलने के बाद ही वहां काबिज लोगों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर बेदखल न करने की गुहार लगाई है।

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रशासन के निर्देश पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। मंडी के बाहर ढेला रोड पर जिन लोगों ने निर्माण किए हैं, वह लोक निर्माण विभाग की भूमि है। ऐसे करीब 35 लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। इस समय तक अतिक्रमण न हटाने पर प्रशासन के सहयोग से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। मंडी के बाहर रह रहे लोगों ने शुक्रवार को एसडीएम राहुल शाह के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा, इसमें कहा गया है कि वह यहां लंबे समय से रह रहे हैं। मंडी समिति उन्हें यहां से हटाने का प्रयास कर रही है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, इंदर सिंह रावत, प्रधान बब्बू चौधरी, राहुल डंगवाल, विमला देवी, सगीर, राजीव, गीता सैनी, क्रांति देवी, प्रीति, अजय, यासमीन, अब्दुल कादीर मौजूद रहे।

रामनगर में एसडीएम को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

बारिश के बीच टूटे पेड़ों को हटवाया

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक के सिरोडी गांव के मुख्य रास्ते पर धराशाई हुए विशालकाय चीड़ के पेड़ों का वन विभाग कि टीम ने निस्तारण कर दिया है। गांव के मुख्य रास्ते पर पेड़ों के गिरने से आवाजाही खतरनाक हो चुकी थी। ग्राम प्रधान नीमा बिष्ट ने पेड़ों का निस्तारण किए जाने पर वन विभाग का आभार व्यक्त किया है। अलग अलग स्थानों पर चार भारी भरकम पेड़ों के गिरने से गांव के बाशिंदों को आवाजाही में तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्कूली बच्चों व बुजुर्गों पल दुर्घटना का खतरा मंडराने लगा। आवाजाही खतरनाक होने पर ग्राम प्रधान नीमा बिष्ट ने वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी को सूचना दे पेड़ों का निस्तारण किए जाने की मांग उठाई। पेडों से लगातार बढ़ रहे खतरे की जानकारी भी दी।

रामनगर में जहरीले सांपों को जंगल में छोड़ती सेव द स्नेक की टीम। ● अमृत विचार

33 जहरीले प्रजाति के सांपों को जंगल में छोड़ा

रामनगर, अमृत विचार : मानसून सीजन में आबादी की ओर आ रहे सांपों को बचाने के लिए कॉर्बेट प्रशासन, वन विभाग और सेव द स्नेक सोसाइटी का अभियान लगातार जारी है। शुक्रवार को तराई पश्चिम वन प्रभाग के रामनगर रेंजर जेपी डिमरी, कोसी रेंजर शेखर तिवारी, डिप्टी रेंजर इंद्रलाल, वन दरोगा वीरेंद्र प्रसाद पांडे के नेतृत्व में सेव द स्नेक एंड वेलफेयर सोसाइटी ने दो दर्जन भर से अधिक जहरीले सांपों को आबादी क्षेत्र से जंगलों में आजाद किया। इसमें 3 पाइथन अजगर सहित 13 रेड स्नेक सनेक, 12 कोबरा, 1 चेकर्ड किल बेक, 3 कापर हेडसेट टिरिकेट, 1 गुल्फ स्नेक समेत कुल 33 सांप शामिल हैं। इस दौरान वीरेन्द्र प्रसाद पांडे, इंद्र लाल, हिमांशी गुप्ता, अमित सुयाल, मनोज, चमन लाल कश्यप, भगवत सिंह रावत, पंकज रावत, राजेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, गजेंद्र सिंह, अर्जुन कश्यप, राजेश कश्यप, किशन कश्यप, विक्की कश्यप, महेंद्र आर्य मौजूद रहे।

डोलकोट और सिमराड मोटर मार्ग पर गुणवत्ताविहीन कार्यों की जांच की मांग

गरमपानी : ग्रामीण सड़कें बजट ठिकाने लगाने का जरिया बन चुकी हैं। पुनर्निर्माण के नाम पर किए जा रहे निर्माण कार्य दम तोड़ जा रहे हैं।

करीब चार करोड़ रुपये के बजट से सिमराड़ - डोलकोट मोटर मार्ग पर किए जा रहे कार्य कुछ ऐसी ही हकीकत बयां कर रहा है। भूस्खलन रोकने को सड़क किनारे लगाए गए सुरक्षा कार्य खुद की सुरक्षा को ही जूझ गए हैं। आरटीआई कार्यकर्ता ने मामला सीएम पोर्टल पर दर्ज करा गुणवत्ताविहीन कार्यों की जांच की मांग उठाई है। रातीघाट - बेतालघाट बेतालघाट मोटर मार्ग से तमाम गांवों को जोड़ने वाले डोलकोट - सिमराड़ मोटर मार्ग पर सरकार ने मरम्मत व सुधारीकरण के कार्य को 4.21 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है कार्य शुरू होने से आवाजाही सुगम होने की उम्मीद जगी पर अभी काम शुरू ही हो सका है की गुणवत्ता को लेकर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं।

महिला महाविद्यालय को सह-शिक्षा बनाने का विरोध

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रदेश के एकमात्र राजकीय महिला महाविद्यालय हल्द्वानी को सह-शिक्षा के रूप में संचालित करने का विरोध शुरु हो गया है। इसको लेकर अभिभावक संघ और छात्र संघ ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

प्रदेश सरकार ने एमबीपीजी कॉलेज, महिला डिग्री कॉलेज और हल्द्वानी शहर गौलापार महाविद्यालय को क्लस्टर के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया है। महिला महाविद्यालय में सिर्फ वाणिज्य, बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रम चलाने और इसे सह-शिक्षा के रूप में संचालित करने की योजना है। इसके अलावा अन्य विषय पढ़ने वाली छात्राओं को एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश लेना होगा। अभिभावकों और छात्राओं का कहना है कि महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज में अनुशासित माहौल है।

"महिला कॉलेज में सुविधाएं बढ़ाने के बजाए इसका स्वरूप बदलना महिला विरोधी कदम है। इस फैसले का विरोध करते हैं। इस संबंध में उच्च शिक्षा मंत्री से वार्ता कर विरोध दर्ज किया जायेगा।" **- नरेश चंद्र कांडपाल,** अध्यक्ष, अभिभावक संघ महिला कॉलेज

"सह-शिक्षा होने से कॉलेज का माहौल खराब होगा। छात्राओं की सुरक्षा और बेहतर शैक्षिक माहौल के लिए इसे वर्तमान स्वरूप में ही रहने दिया जाए। शीघ्र छात्र संघ बैठक कर आगे की रणनीति तैयार करेगा।" **-प्रीति स्यूनरी,** छात्र संघ अध्यक्ष, महिला कॉलेज

"स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश ने महिला सशक्तिकरण की सोच के तहत महिला महाविद्यालय की स्थापना की थी। कांग्रेस की अन्य जनहितकारी योजनाओं की तरह ही राज्य सरकार की इस संस्थान पर भी टेढ़ी नजर है। इस फैसले का कड़ा विरोध किया जाएगा।" **-सुमित हृदयेश,** विधायक हल्द्वानी

SAHAS Homeo साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय्
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग- • सफेद दाग • सोरायसिस, एलोपेसिया • मुंहासे • झाईयाँ • मस्से व गोखरू • एलर्जी
पेट रोग- • पेट दर्द • गैस • पेट में जलन • कमजोर पाचन • गुर्दे की पथरी
गुदा रोग- • बवासिर • फिशर • बवासीर के मस्से
लिवर सम्बन्धि रोग- • लीवर में सूजन • बदहजमी
अन्य रोग- • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग- • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
स्त्री रोग- • PCOD • हार्मोस में असंतुलन • ओवरी सिस्ट • अनियमित माहवारी • वजन बढ़ना • बाल झड़ना • थायराइड
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473 शनिवार अवकाश

BABA NEEM KARORI MAHARAJ
बी. एन. के. फिजियोथैरेपी एण्ड रिहेब्लिटेशन सेंटर

डॉ. पल्लवी जोशी
BPT, MPT (Neuro), DIDN, DCT
Fellowship in Chiropractor & Osteopathy
पूर्व चिकित्सक
श्री राममूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली,
एस.आर.एम.एस. स्टेप टू लाइफ लखनऊ
वी. श्री. कॉलेज मेडिसिटी हॉस्पिटल रुद्रपुर
उत्तराखण्ड की पहली मशीन
High Energy Inductive Therapy
3 TESLA MAGNETIC THERAPY
पेशाब करने में होने वाली परेशानी
पेशाब खुद हो जाना या पेशाब होने का अनुभव न होना प्रोस्टेट का दर्द व अन्य यूरीन सम्बन्धित समस्याएं
पैरालाइसिस या लकवा
तंत्रिका तंत्र का पुनर्जन्म लकवाग्रस्त शरीर जैसे हाथ-पैर का लकवा होना और नसों को ठीक करना, जैसे कमर या हाथ की नस, सियाटिका
हाथों एवं घुटनों का गठिया वात (अर्थराईटिस)
हड्डियों एवं जोड़ों एवं मांस पेशियों को मजबूत करना एवं कैल्शियम अवशोषण में वृद्धि करना, हड्डी के जोड़ों में इन्फ्लेमेशन को खत्म करना जोड़ों एवं गठिया वात का इलाज, फ्रैक्चर हीलिंग
सियाटिका, कमर दर्द, नस का दर्द, कूल्हे के पीछे होने वाला दर्द
उठने-बैठने में होने वाला कमर में दर्द, पैरों में झनझनाहट, कूल्हे की हड्डी सड़ना (ANW), लम्बे समय से बना हुआ कमर में दर्द
Thirty minutes on the "emField Pro" is equivalent to doing over 10,000 Kegels!
मरीज के ठहरने की सुविधा
अन्य सुविधाऐं
• रोबोटिक न्यूरो स्पाइन रिहैब • सीपी एण्ड ऑटिज्म रिहैब • कायरोप्रैक्टिक थैरेपी • सॉकवेव थैरेपी • क्लास 4 लेजर थैरेपी • मैट्रिक्स थैरेपी • इलैक्ट्रो कॉम्बिनेशन थैरेपी • ड्राइ निडलिंग • कपिंग थैरेपी (आइस, फायर, हीजामा) • कायनेजियो टेपिंग • आई.एस.टीएम. • रोबोटिक हार्नेस सिस्टम • ११ एक्टिविटी वर्क स्टेशन
समस्याऐं :
पैरालाइसिस, चेहरे का लकवा, कमर में दर्द, स्लिप डिस्क, शरीर में घाव, बैड सोर, सर दर्द, माइग्रेन, जोड़ों का दर्द (गठिया), कोहनी में दर्द, कंधों का जाम या दर्द, गर्दन में दर्द/जकड़न/चक्कर आना, साइटिका (कमर से पंजे तक दर्द), घुटनों का दर्द (ऑर्थराइटिस), बच्चों के विकास में देरी (जन्मजात बीमारी), फ्रैक्चर एवं सर्जरी के बाद जकड़न, मांसपेशियों में खिंचाव, एड़ी में दर्द, हाथ-पैरों में कंपन व सुन्नपन, डिलीवरी के बाद महिलाओं को होने वाली समस्याऐं (मांसपेशियों का ढीला होना, आदि)
FREE OPD
नियर टिक्कू मॉर्डन स्कूल
यूनियन बैंक के पीछे, ठंडी सड़क, हल्द्वानी
Mob. 7042450105
9458703187, 8755546873

प्रवेश प्रारम्भ
BIU FOPS
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलाजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में पांच दिवसीय हरेले पर्व का आगाज, स्व. बलवंत सिंह चुफाल को मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

जा दीपू रानीखेत भर्ती खुल गे...पर जमकर थिरके लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में शुक्रवार से पांच दिवसीय हरेला पर्व का रंगारंग आगाज हो गया है। कार्यक्रम के पहले दिन सांस्कृतिक संध्या में तीन लोक गायकों अपने मधुर गीतों से समा बांधा।

लोक गायक महिपाल मेहता ने सर्वप्रथम गोल्ज्यू वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद गोरखा चेली भागुली..., तिले धारू बोला..., नारंगी साड़ी काव बिलौजा...गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं गायिका बबीता आर्या ने जा दीपू रानीखेत भर्ती खुली गै..., ओ मेरो चंदना समझी रये झन... एवं गायक हरेंद्र कठायत ने हाथ दातुली कमर जोड़ी बन जाली भौजी घास काटना..., देब धुरै की सुमन छोड़ी मेला आरये देवीधुरा... और सरूली मोहन कुमाउनी झोड़ा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुमित हृदयेश ने दीप प्रज्जविलत कर किया। इससे पूर्व सुबह 11 बजे मंच के पदाधिकारियों ने गोल्ज्यू मंदिर में पूजा-अर्चना की। दोपहर 2 बजे से मंच पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम से पूर्व मंच के संस्थापक स्व. बलवंत सिंह चुफाल को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, भुवन जोशी, हरीश सिंह मेहता, गोपाल सिंह बिष्ट, यूसी जोशी, लीलाधर पांडे, शोभा बिष्ट, पुष्पा संभल, त्रिलोक बनोली, देवेंद्र तोलिया, विमला सांगुड़ी, जया पाठक, मंजू दानू, चंद्र शेखर परगाई, चंद्रशेखर तिवारी, रितिक आर्य मौजूद रहे। इधर, हरेला पर्व के मौके पर उत्थान मंच में मेले का भी शुभारंभ किया। जिसमें विभिन्न पहाड़ी उत्पादों के स्टॉल लगाए गये हैं। मेले के पहले दिन लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

हरेला पर्व में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

महिपाल मेहता।

बबीता आर्या।

हरेंद्र कठायत।

संस्कार गीत में कंचन ने मारी बाजी

संस्कार गीत प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में कंचन तिवारी प्रथम, तन्मय पंत द्वितीय और यथार्थ तिवारी तृतीय रहे। लोक गीत प्रतियोगिता में चंद्रा प्रथम, वैभव द्वितीय, प्रशांत तृतीय और कृतिका चतुर्थ रहीं। लोक नृत्य परिणाम में कोरल ग्रुप इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, नव दुर्गा द्वितीय और हैरिटेज कॉन्वेंट स्कूल तृतीय स्थान पर रहा।

आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए दैवीय आपदा में तुरंत भेजें प्रस्ताव

मंडलायुक्त ने अतिवृष्टि से हुए नुकसान की समीक्षा के दौरान अधीनस्थों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंडलायुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अतिवृष्टि से हुए नुकसान की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों एवं सरकारी विभागों के अध्यक्षों को दैवीय आपदा मद में मरम्मत के लिए बजट मांगने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने कहा कि संज्ञान में आया है कि नैनीताल शहर के कुछ होटल व स्कूलों ने बारिश का पानी पाइप के जरिए छतों से सीधे सीवर लाईनों से जोड़ा है। इस वजह से सीवर उफान मारकर सड़क पर आ रहा है, बाद में गंदगी नैनी झील में समा रही है। उन्होंने सिंचाई विभाग को ऐसे होटल व स्कूलों को चिन्हित कर नोटिस देने और दोबारा ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि नदियों से भू-कटाव व बरसाती नालों में मलबा आने से आबादी क्षेत्रों में जलभराव से नुकसान होता है। इस नुकसान की मरम्मत के लिए आपदा मद में एस्टीमेट बनाकर बजट मांगा जाए, ताकि तुरंत राहत दी जा सके। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन में आपदा के मद्देनजर राहत शिविरों को चालू रखें और उनमें बिजली, पानी, राशन की सभी सुविधाएं होनी चाहिए। मंडलायुक्त दीपक रावत ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों एवं पुलिस अधीक्षकों से कहा कि नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को चिन्हित कर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि आपदा से जो प्रभावित हो रहे हैं उनको तत्काल धनराशि दी जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि ऊधमसिंह नगर जिले में 1300, नैनीताल में 224, चम्पावत में 2000 परिवारों को राहत राशि दी गई है। बाकी परिवारों का सर्वे जारी है, जल्द ही धनराशि दी जाएगी। वहीं, कुमाऊं में मोहान-भतरौजखान राज्य मार्ग बंद होने पर नाराजगी जताई। इस पर संबंधित विभाग ने बताया कि 27 जुलाई तक राज्यमार्ग सुचारू कर दिया जाएगा।

मंडलायुक्त ने कहा कि आपदा की वजह से कुमाऊं मंडल में जो भी जिला, ग्रामीण मार्ग बंद हैं उन्हें जल्द से जल्द खोला जाए और भूस्खलन के लिहाज से संवेदनशील स्थानों पर कार्यदायी एजेंसियां जेसीबी, पोकलैंड वगैरह रखें, ताकि मार्ग बंद नहीं हों। ऐसे स्थानों पर क्रश बैरियर, स्लाइड बैरियर और साइनेज बोर्ड्स लगाया जाएं। इस दौरान नैनीताल डीएम वंदना, ऊधमसिंह नगर डीएम उदय राज सिंह, बागेश्वर डीएम अनुराधा पाल, पिथौरागढ़ डीएम रेनू जोशी, अल्मोड़ा डीएम विनीत तोमर, चम्पावत डीएम नवनीत पांडे आदि मौजूद रहे।

वीडियो कांफ्रेंसिंग से सभी जिलाधिकारियों से अतिवृष्टि से हुए नुकसान की समीक्षा करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

स्वच्छता व जल संरक्षण का संदेश देगा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिलाधिकारी वंदना सिंह ने हरेला पर्व के उपलक्ष्य में जनपद में वृहद पौधरोपण को लेकर विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने स्पष्ट किया कि 15 जुलाई से एक सप्ताह तक हरेला पर्व मनाया जाएगा, जिसमें पौधरोपण के साथ ही स्वच्छता एवं जल संरक्षण वगैरह कार्यक्रम होंगे।

डीएम ने कहा कि नैनीताल रोड स्थित नगर निगम के 12 पार्कों में हरेला पर्व पर जिला स्तरीय कार्यक्रम होगा। 16 जुलाई को सामुदायिक जन सहभागिता से वृहद स्तर पर पौधरोपण होगा। उन्होंने कहा कि वनाग्नि, जल संरक्षण, स्वच्छता आदि क्षेत्रों में बेहतरीन योगदान देने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

तय हुआ कि 15 जुलाई को स्वच्छता अभियान और गड्ढा खुदान कार्यक्रम, 16-17 जुलाई को विभिन्न स्थलों पर पौधरोपण, 18 जुलाई को ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के लिए ग्राम सभा से योजना पारित होगी, 19 से 22 जुलाई तक विभिन्न विभागों की ओर से जल संरक्षण को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्यशालाएं आयोजित होंगी। इस दौरान तराई पूर्वी वन डिवीजन के डीएफओ हिमांशु बागरी, तराई पश्चिमी वन डिवीजन के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य, नंधौर एसडीओ ममता चंद, उप नगर आयुक्त तुषार सैनी आदि मौजूद रहे।

कैंप कार्यालय में बैठक करतीं डीएम वंदना सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

269 मोबाइल मालिकों को लौटाए

बरामदगी

- पिछले छह माह में खोए फोन विभिन्न राज्यों से किए बरामद
- एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने असल मालिकों को लौटाए

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पुलिस ने 269 लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल लौटा दिए हैं। खोए हुए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस का आभार जताया।

एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने शुक्रवार को पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में हुई प्रेस वार्ता में बताया कि खोए हुए मोबाइल फोन बरामद करने के लिए जनपद स्तर पर मोबाइल एप सेल बनाई गई है। सेल ने जनवरी से जून माह तक बीते छह माह में खोए हुए मोबाइल फोनों की आईएमईआई नंबर सर्विलांस पर लगाकर उनकी लोकेशन निकाली। बाद में इन फोनों को उत्तर प्रदेश, दिल्ली, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के अलग-अलग शहरों से बरामद किया।

सेल ने विभिन्न कंपनियों के 269 मोबाइल फोन बरामद किए जिनकी कीमत 46.35 लाख रुपये आंकी गई है। इसके बाद उन्होंने असली मालिकों को मोबाइल लौटाए। कई माह बाद अपना फोन पाकर उनके चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस का आभार जताया। इस दौरान एसपी अपराध हरबंस सिंह, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सेल इंचार्ज हेमचंद्र पंत, कांस्टेबल किशन कुंवर, पूजा चौधरी आदि शामिल रहे।

लोगों को मोबाइल लौटाते एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा। ● अमृत विचार

1054 वाहनों के काटे चालान, 103 सीज किए

कार्रवाई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : परिवहन विभाग ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 1054 वाहनों के चालान और 103 वाहनों को सीज किया गया। आरटीओ प्रवर्तन नंदकिशोर ने बताया कि प्रवर्तन टीमों ने नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और चम्पावत में 11 से 12 जुलाई को विशेष चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान टैक्सी, मैक्सी, ऑटो, ई-रिक्शा, स्कूल बसों व वाहनों की चेकिंग की। अभियान के दौरान बिना फिटनेस पर 105 वाहन, बिना टैक्स पर 175, परमिट नहीं होने पर 74, ओवरलोडिंग में 122, बीमा नहीं होने पर 121, निजी वाहनों के व्यावसायिक उपयोग पर 14, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल चलाने पर 14, सीट बेल्ट नहीं पहनने पर 120, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 110, अल्ट्रेशन में 11, अग्निशमन यंत्र नहीं/खराब होने पर 39, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर 17, बिना रिफ्लेक्टर 17, प्रदूषण की अनापत्ति नहीं होने पर 68 वाहनों के चालान किए। 376 दोपहिया वाहनों के बिना हेलमेट पर चालान किए गए। सवारी अधिक मिलने पर 9 वाहनों के चालान हुए। टीम में 5 एआरटीओ, 9 परिवहन कर अधिकारी व 9 बाइक स्क्वॉयड एसआई शामिल थे।

काठगोदाम क्षेत्र में बाघ दिखने से दहशत

हल्द्वानी, अमृत विचार : काठगोदाम क्षेत्र में बाघ दिखने से लोगों में दहशत का माहौल है। नगर पालिका इंटर कॉलेज के पास एक युवक का बाघ से आमना-सामना हुआ। दीपक भंडारी ने बताया कि बीते बुधवार की रात साढ़े 10 बजे वह हल्द्वानी से अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। तभी इंटर कॉलेज के पास बाइक खड़ी करने के बाद गली से पैदल ही घर की ओर से जा रहे थे। अचानक सामने से बाघ चहल-कदमी करते दिखा। सामने बाघ को देख दीपक भयभीत हो गए। किसी तरह दीपक अपनी जान बचाकर घर की ओर भागे और परिजनों व स्थानीय लोगों को बाघ की मौजूदगी बताई। क्षेत्र के लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से बाघ की निगरानी के लिए कैमरे लगाने की मांग की है।

राज्य में आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह से असफल: हरीश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आपदा से हुए भारी नुकसान पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए राज्य में आपदा प्रबंधन विभाग को पूरी तरह से असफल बताया। कहा कि अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम के बचाव के लिए हमारी सरकार ने जो योजना बनाई थी उस पर भाजपा सरकार ने ध्यान नहीं दिया।

शुक्रवार को हल्द्वानी पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि बारिश के दिनों में लोग डर के साए में जीने को मजबूर हैं। प्रदेश सरकार लोगों को प्राकृतिक आपदा से सुरक्षा नहीं दे पा रही है। कलसिया और रकसिया नाले में सुरक्षा कार्य नीचे किए जा रहे हैं, जबकि सुरक्षा कार्य ऊपर से करने होंगे नहीं तो नाले इसी तरह से तबाही मचाते रहेंगे।

रावत ने कहा कि गौलापार में अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम के बचाव के लिए केवल दीवार बनाने से कुछ नहीं होगा। कांग्रेस सरकार में स्टेडियम के बचाव के लिए रिवर फ्रंट को किच्छा तक बनाने की योजना पर काम किया जा रहा था, लेकिन जिस तरह से गौलापार से आईएसबीटी और अंतर्राष्ट्रीय जू चला गया, उसी तरह से रिवर फ्रंट भी चला गया है।

एमबीपीजी कॉलेज में हुए 335 छात्रों के प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज में शुक्रवार को प्रवेश प्रक्रिया पूरी हुई। गुरुवार को प्रवेश प्रक्रिया के दौरान हंगामा हो गया था, जिस कारण प्रवेश प्रक्रिया बंद कर दी गई थी। शुक्रवार को भी प्रवेश के दौरान हंगामे की आशंका थी, लेकिन शांतिपूर्ण तरीके से प्रवेश प्रक्रिया संपन्न हुई। व्यवस्थित तरीके से प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो, इसके लिए कॉलेज में छात्र-छात्राओं के दस्तावेज सत्यापन के लिए अलग-अलग काउंटर लगाए गए थे।

परीक्षा केंद्र के साथ ही कमरा नंबर 87 और आईक्यूएसी भवन में काउंटर लगाए गए थे, जिससे एक ही जगह पर भीड़ एकत्र न हो और छात्र-छात्राओं को दस्तावेज सत्यापन में कोई दिक्कत न हो। कॉलेज में शुक्रवार को कुल 335 प्रवेश हुए, जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर में 214, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 43, बीएससी प्रथम सेमेस्टर पीसीएम में 36 और बीएससी प्रथम सेमेस्टर बायोलॉजी में 42 छात्रों ने प्रवेश लिया। कॉलेज में अभी तक कुल 2,865 छात्रों ने अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराकर प्रवेश ले लिया है। वहीं राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में अभी तक 476 प्रवेश हुए हैं, जिसमें बीए में 213, बीकॉम में 49, बीकॉम ऑनर्स में 53, बीएससी गणित में 51 और बीएससी बॉयोलॉली में 110 छात्राओं ने प्रवेश लिया है। शुक्रवार को कॉलेज में मात्र 19 प्रवेश हुए।

एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश के लिए लाइन में खड़े छात्र। ● अमृत विचार

शिक्षा

- व्यवस्था के लिए लगाए गए थे अलग-अलग काउंटर
- महिला डिग्री कॉलेज में हुए मात्र 19 प्रवेश

प्राचार्य ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए मांगे पुलिस कर्मी

एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने भोटियापड़ाव चौकी निरीक्षक और कोतवाली पुलिस को पत्र लिखकर कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चार पुलिस कर्मियों की मांग की है। बताया कि कॉलेज में आये दिन छात्रनेता हंगामा करते रहते हैं। अलग-अलग गुटों में लड़ाई होती है, जिससे प्रवेश बाधित होता है। शुक्रवार को भी कॉलेज में दो गुटों में लड़ाई हुई थी, जिसमें एक छात्र पर दूसरे छात्र ने हमला कर दिया था।

सार-संक्षेप

महिला डिग्री कॉलेज में पौधरोपण करतीं प्राचार्य और एनसीसी की छात्राएं।

सभी को स्वच्छ जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता

हल्द्वानी : राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को एनसीसी इकाई ने स्टॉप बैगिंग द प्लेनेट गो बायो ग्रीन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने पौधरोपण कर किया। इस मौके पर प्रो. पुरोहित ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती को सुरक्षित रखने के लिए सभी को स्वच्छ जीवन शैली अपनाने की दिशा में बढ़-चढ़कर कदम उठाने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता डॉ. फकीर सिंह ने कहा कि आज हम नवीनतम टेक्नोलॉजी के दास हैं। इस पर विचार करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्रदूषण को नियंत्रण करने और जीवन में बायो बैग को पॉलिथीन के विकल्प के रूप में प्रयोग करने के बारे में बताया गया। इस दौरान डॉ. रेखा जोशी, डॉ. गीता पंत, डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. रितुराज पंत मौजूद रहे।

पर्यावरण को लेकर लोगों को जागरूक किया

हल्द्वानी : सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली एवं कदम समिति के संयुक्त प्रयास से पर्यावरण संरक्षण को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। समिति कार्यालय में आयोजित शिविर में 20 विद्यालयों के शिक्षक और प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। जिन्होंने पर्यावरण को लेकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान जय अरिहंत कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. डीएस रौतेला मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष चंदन भाकुनी, उपाध्यक्ष संजय रावत, जीवन बिष्ट, शंकर कोहली आदि थे।

विधायक कैड़ा ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

हल्द्वानी : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शुक्रवार को पनिया बौर, पनिया मेहता, स्यूड़ा, मुरकुड़िया, हैड़ाखान, उधूवा आदि गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने मुरकुड़िया में लग रहे बीएसएनएल टावर का भी स्थलीय निरीक्षण किया। कहा कि टावर लगने का काम अंतिम चरणों में है, जिसका लाभ भीमताल व ओखलकांडा ब्लॉक के एक दर्जन गांव के लोगों को मिलेगा। विधायक ने समस्याओं को लेकर अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर समाधान करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

रोटरी क्लब ने आईवीआरआई में लगाया स्वास्थ्य कैंप

हल्द्वानी : रोटरी क्लब इज्जतनगर बरेली एवं हल्द्वानी के तत्वाधान में मुक्तेश्वर स्थित आईवीआरआई परिसर में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसका स्थानीय लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान भी किया। वहीं संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. वाईपीएस मलिक के नेतृत्व में वैज्ञानिकों और स्कूली छात्रों ने वृहद पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नीरव नीमेश अग्रवाल के साथ विनय कृष्णा, सोनल अग्रवाल, डीसी शुक्ला, कैप्टन चौहान, डॉ. पुतान सिंह, डॉ. खैरा एवं डॉ. मनु मालवीय मौजूद रहे।

आरटीआई कार्यकर्ता गौनिया पर हमला

हल्द्वानी : आरटीआई कार्यकर्ता हेमंत गौनिया के ऊपर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। बताया कि वह शुक्रवार की दोपहर में स्कूटी से बाजार आ रहे थे। उनकी स्कूटी एक बाइक से टकरा गई, जिसमें बाइक का इंडीकेटर टूट गया। कुछ युवाओं व महिलाओं ने उन्हें घेर लिया और मारपीट का प्रयास किया। एक महिला ने स्कूटी की चॉबी निकाल ली। वह किसी तरह वहां से भाग गए। उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस में दी है।

परिवहन निगम के 10 कर्मी बने वरिष्ठ केंद्र प्रभारी

हल्द्वानी : उत्तराखंड परिवहन निगम के 10 कनिष्ठ केंद्र प्रभारियों को पदोन्नत कर वरिष्ठ केंद्र प्रभारी बनाया गया है। बीते गुरुवार को महाप्रबंधक कार्मिक अनिल सिंह ने यह आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक संतोष जेटली, रामकुमारी, जीवन राम, मोहन राम, अजेंद्र कुमार, दीपा वर्मा, मंजू जोशी, पूरन राम, राजाराम भारती, गीता पांडेय को वरिष्ठ केंद्र प्रभारी के पद पर पदोन्नति देकर नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

पौधरोपण करते हल्दूचौड़ व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हल्दूचौड़ : आदर्श व्यापार मंडल हल्दूचौड़ के तत्वावधान में शुक्रवार को व्यापारियों ने आदर्श प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण किया गया। विद्यालय में व्यापार मंडल अध्यक्ष नंद किशोर मिश्रा के नेतृत्व में सदस्यों ने कई फलदार पौधे लगाए। साथ ही प्रत्येक सदस्य ने पौधे लगाने के साथ साथ उनके संरक्षण का संकल्प लिया। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि अगर प्रत्येक व्यापारी कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लें तो काफी हद तक पर्यावरण प्रदूषण की समस्या पर अंकुश लग सकता है। इस दौरान व्यापार मंडल के महामंत्री कमल किशोर जोशी, कांति बल्लभ दुमका, भास्कर जोशी, राजेंद्र सिंह राणा, हरीश बमेटा, कार्तिक गरवाल, सुनील दुमका, देव बहादुर राणा समेत दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

रोडवेज कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हल्द्वानी : रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने वार्ता के लिए समय नहीं देने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। क्षेत्रीय प्रबंधक संचालन को दिए पत्र में कहा गया कि फरवरी माह से संगठन लंबित मांगों के समाधान के लिए द्विपक्षीय वार्ता का अनुरोध कर रहा है, लेकिन 7 माह बीतने के बाद भी प्रबंधन वार्ता के लिए समय नहीं दे रहा है। जिससे कर्मचारियों में प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश है। परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीप चंद्र कांडपाल ने कहा कि निगम प्रबंधन की ओर से कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए जल्द वार्ता नहीं बुलाई गई तो आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी : मुखानी थाना क्षेत्र की कार्तिकेय कॉलोनी फेज-दो निवासी रजिस्ट्रार कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक के पद से सेवानिवृत्त मोहन सिंह सूर्या के मकान में बीती छह जुलाई को चोरी हो गई थी। इस संबंध में उनके पुत्र नितिन सूर्या निवासी भीमताल ने पुलिस को तहरीर सौंपी। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहन सिंह और उनका परिवार इस समय घर पर नहीं है। चोरी का पता नौ जुलाई को लगा। एसओ मुखानी पंकज जोशी ने बताया कि सोने के जेवरात, सोने-चांदी के सिक्के, अष्टधातु व चांदी की मूर्तियां व करीब 10 से12 लाख रुपये नकद चोरी होने की जानकारी तहरीर में दी गई है।

सार-संक्षेप

आंधी बारिश से गिरी बेमौसमी धान की फसल। ● अमृत विचार

आंधी-बारिश से किसानों को नुकसान

जसपुर : आंधी-बारिश से धान व गन्ने की फसल और कई पेड़ गिर गए। बृहस्पतिवार की देर रात्रि आंधी-बारिश से जसपुर क्षेत्र में जगह-जगह गन्ने व बेमौसमी धान की फसल गिरकर खराब हो गई और कई पेड़ भी टूट गए। इससे किसानों का काफी नुकसान हो गया। उधर, भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने कहा कि पिछले कई वर्षों से किसानों पर अतिवृष्टि की मार पड़ रही है। इसलिए अतिवृष्टि से होने वाले नुकसान का आंकलन कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए ।

आलापुर-चकरपुर मार्ग पर रेलवे के अंडरपास पुल में हुआ जलभराव।

अंडरपास पुल की ओर नहीं प्रशासन का ध्यान

बाजपुर : एक तरफ प्रशासन द्वारा आपदा से निजात दिलाने के लिए तमाम नालों की सफाई की जा रही है, तो वहीं बाइपास का काम करने वाले आलपुर-चकरपुर मोटर मार्ग पर बने रेलवे विभाग के अंडरपास पुल की ओर किसी का ध्यान नहीं है जिसके चलते फाटक बंद होने पर प्रतिदिन रेलवे क्रासिंग पर जाम लग रहा है। वहीं बाइपास के रूप में संचालित होने वाले अंडरपास से निकालने वाले वाहनों का दवाब भी मुख्यमार्ग रेलवे क्रासिंग पर ही पड़ रहा है। लगभग 15 दिन से अंडरपास में पानी भरा है और आवागमन पूरी तरह ठप है।

शांतिपुरी गौला नदी में छात्रा अनुष्का की तलाश में जुटी एसडीआरएफ की टीम।

72 घंटे सघन तलाशी के बाद भी नहीं मिली अनुष्का

शांतिपुरी : शांतिपुरी नंबर तीन में बीते मंगलवार को गौला नदी में बही छात्रा अनुष्का का तहसील प्रशासन व एसडीआरएफ की 72 घंटे चली सघन तलाशी के बाद भी कोई पता नहीं लग पाया है। बीते मंगलवार की शाम 6 बजे शांतिपुरी नंबर तीन निवासी राजेन्द्र सिंह बिष्ट की बेटी अनुष्का पैर फिसलने के कारण स्थानीय गौला नदी के तेज बहाव में बह गयी थी। तभी से तहसील प्रशासन, एसडीआरएफ व ग्रामीण युवाओं की टीम लगातार गौला नदी में सर्च अभियान चला रही है। शुक्रवार को घटना के चौथे दिन भी एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा व तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी की देखरेख में एसडीआरएफ व स्थानीय युवाओं की टीमों ने नदी में उतरकर शुक्रवार को सुबह आठ बजे से सर्च अभियान चलाया, जो छह बजे तक जारी रहा।

सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने पर रिपोर्ट दर्ज

काशीपुर : सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी करने से लोगों का आक्रोश भड़क गया। इस मामले में समुदाय विशेष के लोगों ने कुंडा थाने का घेराव किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम लालपुर निवासी बादल ने कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 9 जुलाई की शाम 4 बजे वह फेसबुक आईडी चला रहा था। इसी दौरान उसने फेसबुक पर प्रशान्त अम्बेडकर की आईडी पर एक आपत्तिजनक धार्मिक पोस्ट देखी। इस पोस्ट से धर्म विशेष के लोगों में आक्रोश है। इस मामले को लेकर पूर्व चेयरमेन शमशुद्दीन, हसीन खान, मुजीब अहमद एड, असलम चौधरी, मुशर्रफ हुसैन ने पुलिस अधिकारियों से मिलकर शिकायत की। वहीं फरमान बारसी, सैफुल इस्लाम मदनी, मौ. सद्दान आदि तमाम लोगों ने कुंडा थाने का घेराव भी किया। कुंडा थाना पुलिस ने भरतपुर निवासी प्रशान्त अम्बेडकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नहर-नालों की तलीझाड़ सफाई करवाने के निर्देश

बाजपुर : पहली बारिश में उत्पन्न हुई जनभराव की समस्या पुन: न हो इसको देखते हुए एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेकर चोक नहर-नालों की तलीझाड़ सफाई करवाने एवं जलभराव से निपटने के लिए पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय में बैठक लेते हुए एसडीएम आरसी तिवारी ने कहा कि 6 से आठ जुलाई तक पहली ही बारिश में अतिवृष्टि के कारण काफी जलभराव हुआ था। अभी दो-ढाई माह मानसून का है और आगे बारिश होने पर इस तरह के नुकसान की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान रखा जाए। इस मौके पर एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल, ईओ नगरपालिका बाजपुर मनोज दास, नायब तहसीलदार बीरेंद्र सिंह सजवाण, ईओ केलाखेड़ा आदेश कुमार, ईओ सुल्तानपुर पट्टी गीता चौधरी मौजूद रहे।

छतरपुर रोड पर अंडरपास बनवाने की मांग उठाई

निवर्तमान मेयर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने की डीएम से मुलाकात, डीएम बोले-तकनीकी रुकावट को लेकर जल्द होगी बैठक

मुखर

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: क्षेत्रवासियों की रेलवे अंडरपास खुलवाने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर नगर निगम के निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान एवं ठाकुर जगदीश सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह से मुलाकात की।

शुक्रवार को डीएम से मुलाकात के दौरान निवर्तमान मेयर ने कहा कि छतरपुर रोड से नैनीताल रोड को जोड़ने वाला अहम मार्ग है। इसके आसपास कई गांव हैं। मार्ग नहीं होने से करीब 30 हजार की आबादी हर रोज प्रभावित हो रही है। कई साइकिल व बाइक सवार जान जोखिम में डालकर ट्रैक के ऊपर से गुजरते हैं। अंडरपास निर्माण कार्य होने से रुद्रपुर शहर को भी जाम की स्थिति से निजात मिलेगा। आसपास रहने वाले हजारों लोगों को जिन्होंने किसी न किसी काम से सिडकुल, जिला चिकित्सालय, विकास भवन, स्पोर्ट्स स्टेडियम, पुलिस लाइन अटरिया रोड, पंतनगर हवाई अड्डा, हल्द्वानी आदि आने जाने के लिए इस मार्ग का इस्तेमाल कर सकेंगे जिससे सबका आवागमन सुगम हो सकेगा।

जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि रेलवे अंडरपास निर्माण कार्य से संबंधित जो भी तकनीकी रुकावट थी उसे दूर किया जा रहा है। रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक कर शीघ्र ही रेलवे अंडरपास का काम प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिसके लिए प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिलाधिकारी का आभार जताया। इस अवसर पर अनिल चौहान, ठाकुर जगदीश सिंह, केशव शर्मा, देवेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह चौहान, रघुराज सिंह रावत आदि लोग मौजूद रहे। इधर उत्तराखंड यूथ कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के कार्यकारिणी सदस्य संजय आइस ने छतरपुर मार्ग पर अंडरपास की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर फरमान सिद्दीकी, विकास विश्वास, सुब्रत विश्वास, केके गंगवार, गौतम, गोलू दास, गणेश पाल, शंकर शंकु मौजूद रहे।

पीएम श्री जवाहर नवोदय समिति की बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

प्रधानाचार्य ने बैठक में टिनशेड बनाने समेत रखीं कई समस्याएं

रुद्रपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंध समिति एवं सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें प्रधानाचार्य कंचन जोशी ने विद्यालय में अभिभावकों के लिए टिनशेड का निर्माण कराये जाने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को स्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य ने नालों की सफाई कराने एवं विद्यालय बाउंड्री के बाहर कूड़ा डालने वालों पर रोक लगाने, मच्छरजनित बीमारियों से निस्तारण के लिए विद्यालय परिसर में नियमित रूप से फागिंग कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रधानाचार्य ने विद्यालय परिसर खेल मैदान में फ्लड लाइट के साथ ही विद्यालय भोजनालय एवं छात्रावास में सोलर गीजर स्थापित करने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को उरेडा के माध्यम से सोलर गीजर लगवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा, शिक्षक रमेश चंद्र, अनुराग शर्मा, पूजा सुयाल, अभिभावक संतोष डिमरी आदि मौजूद थे।

राज्य सिविल प्री परीक्षा के लिए बनाए 37 केंद्र

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से 14 जुलाई यानी रविवार को राज्य सिविल व प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे और दोपहर 2 से 4 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के लिए जनपद में 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के दिन केंद्रों के आसपास धारा-144 लागू रहेगी।

शुक्रवार को परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने डॉ. एपीजे कलाम सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों व सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए ड्यूटी पर तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट, अधिकारी व कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सही तरीके से करें। परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित समय के अनुरूप ही अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार ने कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया है। नकल करने और अन्य किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इस अवसर पर सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी मनोज कत्याल, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ.अमृता शर्मा, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, कौस्तुभ मिश्र, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह उपस्थित थे।

सतर्कता

- परीक्षा के दिन केंद्रों के आसपास रहेगी धारा 144 लागू
- 14 जुलाई को दो पालियों में आयोजित होगी परीक्षा

बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: बिना किसी भेदभाव के बाढ़ पीड़ितों को सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे लोगों ने उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को काफी संख्या में लोग भाजपा नेता नामित सभासद विमल शर्मा के नेतृत्व में एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय जा पहुंचे और वहां मौजूद उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी से मुलाकात कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें बिना किसी दबाव के नगर में बाढ़ से पीड़ित लोगों को मुआवजा देने, नगरपालिका में पानी निकासी के लिए पंप की व्यवस्था की करने, नगरपालिका बाजपुर में 15 मई 2023 से 10 जुलाई 2024 तक के सभी सड़क निर्माणों की जांच करवाने, नगरपालिका गांधी नगर के समीप अंडरपास की पानी निकासी करवाकर शहर व गांव के कई हजार लोगों को राहत पहुंचाने की मांग की है। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों की जांच करवाने की मांग भी की है। इस मौके पर ममता, दीप्ति, दिनेश, अनिल, रिंकू, देवेंद्र राय, सुमनलता, कुंता, सुधा, दर्शन, सुरेश, अंशु, विमला, कुसुम, रजनी, तन्नु, अलका, मीना, सरोज, गीता, सीमा, अनमोल, शोभा, रेखा, किरन, रीतू, लक्ष्मी, संजू, विमलेश, मीना, अन्नु, शांति, सोमवती, इंद्रेश, प्रीति, अजय, सुरेश आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते बाढ़ पीड़ित। ● अमृत विचार

768 डिफॉल्टरों को भेजा गया नोटिस

सख्ती

- काशीपुर एआरटीओ में 1155 डिफॉल्टरों पर 30 करोड़ से अधिक का बकाया

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : लंबे समय से परिवहन विभाग का टैक्स जमा नहीं करने वाले डिफॉल्टरों के खिलाफ एआरटीओ ने कड़ा रुख अपना लिया है। इसके लिए एआरटीओ ने बीते तीन माह में 768 डिफॉल्टरों को नोटिस भेजने की कार्रवाई है। वहीं डिफॉल्टरों ने डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का टैक्स जमा कर दिया है।

लंबे समय से परिवहन विभाग टैक्स जमा नहीं करने वाले संचालकों को विभाग डिफॉल्टर की लिस्ट में शामिल करता है। वहीं काशीपुर एआरटीओ कार्यालय ने टैक्स जमा नहीं करने वाले 1155 संचालकों को डिफॉल्टर लिस्ट में शामिल किया है। इन डिफॉल्टरों पर विभाग का 30 करोड़ से अधिक का टैक्स बकाया है। वहीं अब एआरटीओ ने डिफॉल्टरों से टैक्स वसूली के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए नोटिस की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसमें बीते तीन माह में 768 लोगों को नोटिस भेजा गया है। एआरटीओ विमल पांडेय ने बताया कि टैक्स वसूली की कार्रवाई तेज कर दी है। डिफॉल्टरों को नोटिस भेजने की कार्रवाई की जा रही है। नोटिस का जवाब नहीं देने वालों के खिलाफ आरसी काटने की तैयारी की जाएगी।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

खटीमा : विकासखंड के एक गांव के युवक ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि बृहस्पतिवार को उसकी बहन जो मानसिक रूप से कमजोर है शाम साढ़े सात बजे घर आई तो उसके बाल बिखरे और कपड़े फटे हुए थे और कपड़ों पर खून के निशान थे। उसने बताया कि गांव के शुभम उससे दुष्कर्म किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मेरे पति के सैन्य अभिलेखें में मेरा नाम DHARMA दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। मेरे सभी दस्तावेजों के अनुसार मेरा सही व वास्तविक नाम DHARMA ANARKOTI दर्ज कर दिया जाए।

- धर्मा अनरकोटी पत्नी आर्मी नं. 4201221F हवलदार खुशाल सिंह अनरकोटी, निवासी ग्राम-बड़ेत, पो. ओ. देवद्वार (नैनीताल)

चोरी की बाइक के साथ तीन लोग गिरफ्तार

काशीपुर, अमृत विचार : पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही आरोपियों के कब्जे से बाइक समेत चोरी का अन्य भी बरामद किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है।

शुक्रवार को चोरी का खुलासा करते हुए एसआई विपुल जोशी ने बताया कि बीते दिनों शिवनगर निवासी राहुल शर्मा ने बाइक चोरी की शिकायत की थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा की मदद से बाइक की तलाश शुरू कर दी थी। बताया कि शुक्रवार को बाजपुर रोड पर चेकिंग के दौरान एक आरोपी प्रदीप यादव को चोरी की बाइक के साथ पकड़ लिया। आरोपी की निशानदेही पर दो अन्य आरोपी मुरादाबाद निवासी जयप्रकाश यादव, सोनू मसीह को पकड़ा। साथ ही उनके कब्जे से एक चोरी का चेसिस, तीन मोटर की टंकियां व मडगार्ड कवर बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

चेक बाउंस में दोषी को देने होंगे 1.60 लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: चेक बाउंस प्रकरण में जिरह सुनने के बाद सिविल जज सीनियर डिवीजन ने चेक बाउंस के दोषी को 1.60 लाख रुपये देने का फैसला सुनाया। बताया जा रहा है कि मामला सात साल पुराना है।

पुराना खेड़ा बस्ती निवासी इमरान खान ने अदालत में याचिका दायर करते हुए कहा था कि गढ़ी कैंट देहरादून निवासी धीरज कुमार से उसकी जान पहचान थी। धीरज ने पारिवारिक परेशानी का हवाला देते हुए उससे 1.30 लाख रुपये उधार लिए थे। आरोप था कि जब रकम वापस करने का तगादा किया तो आरोपी टालमटोल करने लगा। कई बार कहने के बाद भी जब भुगतान नहीं हुआ तो आरोपी के द्वारा दिया गया चेक बैंक खाते में लगाया। वह बाउंस हो गया।

बाद में अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भेजा गया। इसका कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद दायर याचिका की सुनवाई सिविल जज सीनियर डिवीजन हेमंत सिंह की अदालत में शुरू हुई। जहां दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने चेक बाउंस के दोषी धीरज कुमार को 1.60 लाख रुपये की धनराशि का अर्थदंड डालते हुए याचिकाकर्ता को देने का आदेश दिया है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

नुकसान रोडवेज डिपो को हर दिन लगा रहे हजारों की चपत, पुलिस नहीं कर रही कोई कार्रवाई

रोडवेज से सवारियां भर रहे डग्गामार वाहन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर के रोडवेज डिपो में इन दिनों डग्गामार वाहनों का कब्जा है। डग्गामार वाहन रोडवेज गेट से सवारियों को भरकर रुद्रपुर आदि स्थानों पर छोड़ रहे हैं। वहीं रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि डग्गामार वाहनों को लेकर पुलिस से कार्रवाई करने को कहा है, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से रोडवेज को प्रतिदिन हजारों रुपये का नुकसान झेलना पड़ रहा है।

काशीपुर के रोडवेज डिपो में इन दिनों डग्गामार वाहन सवारियों को काशीपुर से रुद्रपुर ले जाने का कार्य कर रहे हैं। काशीपुर से रुद्रपुर जाने के लिए प्रशासन ने डग्गामार वाहनों के लिए कोई रूट नहीं बनाया है। जबकि वाहन स्वामी अन्य रूटों के परमिट से अवैध तरीके वाहनों का संचालन कर रहे हैं। वहीं इसके चलते रोडवेज डिपो को प्रतिदिन हजारों रुपये का नुकसान झेलना पड़ रहा है। काशीपुर डिपो के बाहर रुद्रपुर जाने वाले लोगों को डग्गामार वाहन स्वामी अपनी ओर बुलाते दिखाई देते हैं। बावजूद इसके ऐसे वाहन स्वामियों पर प्रशासन ने कार्रवाई अब तक नहीं की है।

रोडवेज डिपो के बाहर डग्गामार वाहनों में सवारियां बैठाते संचालक। ● अमृत विचार

रोडवेज बसों के पास खड़े होते हैं डग्गामार वाहन

काशीपुर : रोडवेज डिपो से मिली जानकारी के अनुसार, डग्गामार वाहन स्वामी अपने वाहनों को रोडवेज की बसों के पास खड़ा करते हैं। इसके साथ ही यात्रियों को जबरन अपने वाहनों में बैठाने के लिए रोडवेज परिचालकों से विवाद करने को उतारू तक हो जाते हैं।

> डग्गामार वाहनों के चलते रोडवेज को काफी नुकसान हो रहा है। ऐसे वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कोतवाली में लिखित शिकायत दी है। लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है।
> -अनिल कुमार सैनी, एआरएम, काशीपुर

बाजपुर में अज्ञात कारणों से युवती ने लगाई फांसी

बाजपुर: युवती ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इससे परिजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

आसमा।

नगरीय सीमा से सटे ग्राम मुड़िया कलां निवासी आसमा (19) पुत्री मेहंदी हसन ने गुरुवार की देर शाम कमरे में लगे फंखे में चुन्नी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। इसकी जानकारी से परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ही उसे फंदे से उतारकर उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर सरकारी अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। मृतका चार बहनों व एक भाई में दूसरे नंबर की संतान थी। आसमा ने उर्दू की शिक्षा ग्रहण की थी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया जांच-पड़ताल में आपसी पारिवारिक कलह की बात सामने आ रही है। देर सायं गमगीन महौल में उसका दफन किया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

दुकान के बाहर रखा सामान चुराने वाला दबोचा

जसपुर : पुलिस ने दुकान के बाहर से सामान चोरी करने के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया है। जसपुर की सक्कों वाली मस्जिद के पास स्थित दिलशाद अहमद की दुकान के बाहर रखा सामान पंखों की मोटर, पानी की मोटर, फ्रिज का कंप्रेशर आदि चोरी हो गया था। पुलिस ने दुकान मालिक की तहरीर के आधार 11 जुलाई को घटना की रिपोर्ट दर्ज की थी। घटना की विवेचना एसआई सुशील कुमार को सौंपी गई थी। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अहमदनगर रोड पर स्थित एक ट्यूबवेल के पास सद्दाम निवासी ईदगाह रोड मोहल्ला जुलाहान, जसपुर को चोरी के सामान साथ गिरफ्तार किया। घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र चौधरी, एसएसआई राजेश पांडे, एसआई सुशील कुमार आदि शामिल रहे।

शिक्षिका के गले से चेन खींचकर बाइक सवार फरार

जसपुर : दो मोटरसाइकिल सवार बदमाश स्कूल जा रही एक शिक्षिका के गले से सोने की चेन खींचकर फरार हो गए। चमन बाग कॉलोनी निवासी मीनाक्षी पांडे पत्नी मनोज कुमार मिश्रा ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि वह ग्राम कासमपुर में राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका है। वह अपनी साथी शिक्षिका कुसुम डोबियाल के साथ स्कूटी से अपने विद्यालय जा रही थी कि अचानक बाइक सवार दो बदमाशों ने शिव गौरी वाटिका के पास पीछे से झपट्टा मारकर उसके गले से सोने की चेन खींच ली और बदमाश कासमपुर रोड से मुरली वाला की तरफ भाग गए। सूत मिल पुलिस चौकी प्रभारी धीरज टम्टा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तीन स्कूल बसों व दो वाहनों को किया सीज

जसपुर : परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर तीन स्कूल बसों व दो अन्य वाहनों सीज किया है। साथ ही करीब दो दर्जन वाहनों के चालान किए गए। परिवहन विभाग के अधिकारी नंदन आर्य ने बताया कि जसपुर क्षेत्र से काफी शिकायतें मिल रही थीं। इसी क्रम में स्कूल बसों की चेकिंग की गई।

ध्वस्त किए गए इंदिरा आवास योजना के तहत बनाए गए मकान। ● अमृत विचार

खुले आसमान के नीचे जीने को मजबूर ग्रामीण

भगवानपुर कुलड़िया में आशियाने टूटने के बाद बेघर हुए परिवार, इंदिरा आवास-पट्टे धारक हैं उजाड़े गए लोग

फॉलोअप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लोक निर्माण विभाग ने खुद की भूमि बताकर भगवानपुर कुलड़िया गांव में बसे 46 परिवारों को बेघर कर दिया। अब ये लोग खुले आसमान में धूप और बारिश की मार झेलने को विवश हैं, जबकि बेघर परिवारों को इंदिरा आवास योजना से लाभांवित भी किया गया था।

पिछले दो सालों से कानूनी दांवपेच के बाद आखिरकार लोक निर्माण विभाग ने काशीपुर हाईवे स्थित भगवानपुर कुलड़िया की भूमि को अपना घोषित करा लिया था। 11 जुलाई की सुबह लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस प्रशासन ने जबरन लोगों को बाहर निकालकर चिह्नित 46 झुग्गी, झोपड़ियों और कच्चे मकानों को ध्वस्त कर दिया। इसको लेकर दोपहर के वक्त पुलिस और चिह्नित अतिक्रमणकारियों में बवाल हुआ और पुलिस ने बल का भी प्रयोग किया।

शुक्रवार को जब उजाड़े गए परिवारों के यहां मौका मुआयना किया गया तो विषम परिस्थितियों में जीने को मजबूर लोगों को देखकर हर किसी का मन भर गया। आलम यह है कि गुरुवार की पूरी रात बेघर लोग अपने बच्चों के साथ बारिश में भीगते रहे और शुक्रवार को चिलचिलाती धूप में बाहर चारपाई डालकर इस उम्मीद के साथ बैठे हुए थे कि शायद कोई प्रशासन का नुमाइंदा या फिर सत्ताधारी प्रतिनिधि आएगा और कुछ राहत देने की घोषणा करेगा। बेघर लोगों की भूख मिटाने के लिए सामाजिक संगठनों ने भोजन की व्यवस्था भी करनी शुरू कर दी है। उजाड़े गए लोगों का कहना है कि वह पट्टे और इंदिरा आवास योजना के लाभांवित हैं। बावजूद प्रशासन ने बेघर कर दिया।

उजाड़े जाने के बाद चिलचिलाती धूप में चारपाई पर बैठा परिवार। ● अमृत विचार

बेघर हुए लोगों का दर्द

पिछले 40 सालों से लोक निर्माण विभाग को अपनी भूमि नहीं दिखी। गरीबों की पैरवी नहीं होने के कारण न्यायालय ने अपना फैसला सुना दिया। प्रशासन ने बर्बरता पूर्ण कार्रवाई करते हुए बिना समय दिए ही आशियाने को उजाड़ दिया, जबकि उनके पूर्वजों को इंदिरा आवास का पट्टा मिला है और कई रिश्तेदार पट्टाधारक हैं। बावजूद पूरी रात बारिश में भीगते और जागते रात बिताई।
-शांति देवी, पीड़ित

वर्ष 1989 से ही भगवानपुर कुलड़िया के लोगों को पट्टे और इंदिरा आवास दिया गया था। जिन लोगों को प्रशासन अतिक्रमण बता रहा है, उनमें से ज्यादातर आवास योजना के लाभांवित हैं और तोड़े गए मकान भी इंदिरा आवास योजना के तहत बनाए गए हैं। ऐसे में छोटे-छोटे बच्चों को लेकर कहां जाएं। अब बेघर लोगों को शासन-प्रशासन से आशा है कि शायद आशियाना बसाने की व्यवस्था करें।
-सुरेश कुमार, पीड़ित

गरीबों को उजाड़ने के पीछे बिल्डर तो नहीं

संवाददाता, रुद्रपुर

सवाल उठाए

- बेघर लोगों का आरोप, कटने वाली है कॉलोनी
- बेहड़ हुए नाराज, सबूतों के साथ उठाएंगे मुद्दा

अमृत विचार: भगवानपुर कुलड़िया को उजाड़ने के पीछे बिल्डर का दिमाग होने की चर्चा तेज होने लगी है। जहां एक ओर उजाड़े गए लोगों का कहना था कि गांव के पीछे खाली पड़े खेत पर एक बिल्डर कॉलोनी काटने की योजना बना चुका है। वहीं विधायक बेहड़ ने प्रकरण को लेकर नाराजगी जताई और कहा कि जल्द सबूतों के साथ इस मुद्दे को उठाया जाएगा।

गुरुवार को हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद लोगों का कहना है कि भगवानपुर कुलड़िया गांव में बसे दस परिवारों को वर्ष 2004 में पट्टा और 22 से 25 परिवारों को 1989 से इंदिरा आवास योजना से लाभांवित किया गया था। गांव के पीछे ही एक खेती का भूखंड है। जिस पर हल्द्वानी और रुद्रपुर का एक बिल्डर कॉलोनी काटने की योजना बना चुका है। कारण खेत के बिल्कुल सामने ही गांव भगवानपुर कुलड़िया बसा हुआ है। ऐसे में यदि कॉलोनी काटी भी जाती है तो सामने आवाजाही नहीं हो सकती है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों और विधायक बेहड़ ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

गांव के पीछे कई एकड़ का खेती वाला भूखंड है और भूखंड के सामने ही इंदिरा आवास व पट्टाधारक लोगों का गांव भगवानपुर कुलड़िया बसा हुआ है। पिछले तीन माह से लगातार हल्द्वानी का एक बिल्डर बसे लोगों को प्रलोभन देकर खाली कराने की कोशिश कर रहा था। कभी पैसों का लालच तो कभी कॉलोनी में जगह देने का लालच दे रहा था। जब इंकार किया तो प्रशासन ने अतिक्रमणकारी घोषित कर दिया। जब प्रशासन ने योजना का लाभ कई वर्षों पहले दिया है तो उजाड़ा क्यों ?
-वंदना भारती, पीड़िता

वर्ष 1989 से 1890 के बीच उसके पिता चांद बली को प्रशासन ने इंदिरा आवास का पट्टा दिया और योजना के तहत आवास भी बनाया गया। सारी सरकारी सुविधाओं के साथ बिजली-पानी भी गांव में सरकारी है। वर्ष 2014 के करीब भगवानपुर कुलड़िया में भीषण अग्निकांड हुआ था। जिसमें लोगों के पट्टे व योजना के कागज जल गए थे और वर्ष 2017 में खुद खंड विकास अधिकारी ने योजना के पट्टे की कॉपी दी। ऐसे में लोगों को बेघर करना सोची समझी साजिश है। इसमें सारा खेल बिल्डर का हो सकता है। **-जयप्रकाश सिंह**, पीड़ित

भगवानपुर कुलड़िया के लोगों को अतिक्रमणकारी घोषित करना गलत है। कारण वर्ष 2004 में उनके कार्यकाल में कई परिवारों को प्रशासन द्वारा आवासीय पट्टा वितरित किया गया था। वर्तमान में बिल्डर राज हावी हो चुका है। गरीबों को उजाड़ कर कॉलोनियां बसाने की नीति सरकार बना चुकी है। भगवानपुर प्रकरण में बिल्डर की भूमिका है। जिला प्रशासन को कोर्ट में गरीबों की पैरवी करनी चाहिए थी और पट्टे व इंदिरा आवास योजना का जिक्र करना चाहिए था। पैरवी कमजोर रही और गरीबों को उजाड़ दिया गया। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन बिल्डर की जांच करेगा। ऐसा नहीं हुआ तो वह सबूतों के साथ मुद्दा उठाएंगे।
-तिलक राज बेहड़, किच्छा विधायक

बोले रावत :दोहरे चेहरे वाली है प्रदेश की धामी सरकार

पूर्व सीएम का आरोप

- एक उजाड़ने वाला और दूसरा दिखावा करने वाला है चेहरा
- अतिक्रमण के नाम पर गरीबों को उजाड़ा जा रहा

संवाददाता, रुद्रपुर

पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व सीएम हरीश रावत व साथ में किच्छा विधायक बेहड़।

अमृत विचार: पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि प्रदेश में धामी सरकार दोहरे चेहरे वाली है, जो देहरादून से अतिक्रमण के नाम पर गरीबों को उजाड़ने का आदेश करती है और सत्ताधारी जनप्रतिनिधि बचाने का दिखावा करते हैं। बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार गरीब परिवारों को उजाड़ रही है। जिसका कांग्रेस विरोध करती है और करती रहेगी।

शुक्रवार को किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के आवास पर पहुंचे पूर्व सीएम हरीश रावत का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद पूर्व सीएम ने प्रेस वार्ता में कहा कि पुलिस एवं जिला प्रशासन का राजनीतिकरण हो चुका है। पुलिस के अधिकारी सरकार के एजेंट बनकर कार्य कर रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण मंगलौर में हुए उपचुनाव में देखने को मिला। जहां पुलिस खुद कांग्रेस नेताओं को बुलाकर डरा-धमका रही थी और मतदाताओं को लाठीचार्ज का खौफ दिखाया जा रहा है। अफसरशाही हावी होने के कारण प्रदेश में भ्रष्टाचार, अपराध और गरीबों को बेघर किए जाने का ग्राफ बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास ठप पड़ा हुआ है। चारधाम यात्रा प्रभावित हो रही है और भूस्खलन के कारण पर्यटक परेशान हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश की जनता ने भाजपा को काफी हद तक आइना दिखाया है और आने वाले चुनावों में भाजपा मुक्त देश-प्रदेश हो जाएगा। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, गुड्डू तिवारी, हरीश बावरा, साजिद खान, संजय जुनेजा, दिनेश पंत, हरनाम नारंग, अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

चार दिन बाद बरामद हुआ युवक का शव

शक्तिफार्म: बैगुल नदी की बाढ़ में बहे निर्मल नगर निवासी संजीत मंडल का शव चार दिन बाद शुक्रवार को सितारगंज क्षेत्र में नदी किनारे गन्ने के खेत में मिला।

संजीत मंडल।

सोमवार को बैगुल नदी में बाढ़ आने पर निर्मल नगर, 20 क्वाटर निवासी संजीत मंडल (35) पुत्र हजारी मंडल बह गया था। इसके बाद से पुलिस, एसडीआरएफ की टीम तथा ग्रामीण उसे तलाश रहे थे। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे 15 किमी दूर सितारगंज क्षेत्र के नकहा गोठा में ग्रामीण को नदी किनारे गन्ने के खेत में शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने सितारगंज पुलिस को इसकी सूचना दी। सितारगंज से शक्तिफार्म पुलिस चौकी में सूचना दी गई। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के भाई ने संजीत मंडल की शिनाख्त की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सड़क दुर्घटना में फॉरेस्ट गार्ड की मौत

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: सड़क दुर्घटना में एक फॉरेस्ट गार्ड की दर्दनाक मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया।

श्रीपाल सिंह।

वन विभाग के अमानगढ़ रेंज में तैनात फॉरेस्ट गार्ड गांव भगवंतपुर निवासी 57 वर्षीय श्रीपाल सिंह उर्फ राम सिंह शुक्रवार को अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। इसके दौरान वे दोपहर करीब 12:30 बजे मोटरसाइकिल से रेहड़ की ओर से आ रहे थे। धरमपुर पुलिस चौकी से कुछ दूर हाईवे पर स्थित पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर उन्हें कुचल दिया। उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनके शरीर के कई टुकड़े हो गए और छिटक कर इधर-उधर जा गिरे। घटना का मंजर देखकर आसपास के लोगों के दिल दहल गए। घटना की सूचना मिलने पर धर्मपुर पुलिस चौकी प्रभारी एसआई चंदन सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस पर मृतक के परिजन व सगे संबंधी घटनास्थल पर पहुंचे। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया गया कि उनका बड़ा पुत्र कमल कुमार बड़ौन, ओखल कांडा, नैनीताल राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एलटी सहायक अध्यापक है। फॉरेस्ट गार्ड श्रीपाल सिंह उर्फ राम सिंह की नियुक्ति वन विभाग में 1993 में डेली वेज वन दरोगा के रूप में हुई थी। बाद में उन्हें 2003 में प्रोन्नति मिल गई थी।

बाजपुर में हाइवे पर ग्राम नमूना के निकट हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक।

हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

सड़क हादसों में पांच लोग घायल

बाजपुर : दो अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। उन्हें उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने सभी को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर दोराहा के नजदीक कार व बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार गांव बाजपुर निवासी जय गौतम गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि कार चालक ग्राम सरकड़ी रोड केलाखेड़ा निवासी कैफ पाशा पुत्र बबलू के हल्की चोटें आई हैं। वहीं दूसरा हादसा नैनीताल स्टेट हाइवे-74 पर ग्राम नमूना के निकट हुआ है, जहां दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें ग्राम लखनपुर निवासी संजय, ग्राम लालपुर कलां रामपुर (उप्र) निवासी महरबन व ओमवती गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों हादसों में क्षतिग्रस्त कार व बाइकों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

रोष | गुरुद्वारा साहिब के सेवादार ने दी तहरीर, सिख समाज के लोगों में आक्रोश

श्री गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी मामले में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार: गुरुनानक नगरी गोठा में स्थापित गुरुद्वारा साहिब में घुसकर श्री गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूप को जलाने वाले आरोपी के खिलाफ गुरुद्वारे के सेवादार ने मुकदमा दर्ज कराया है। इस दुखद घटना के बाद श्री गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूप को गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचाया गया।

गुरुनानक नगरी गोठा निवासी कुलवंत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गुरुनानक नगरी गोठा में स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में वह करीब 25 वर्षों से सेवा कर रहे हैं। गुरुद्वारे में एक बड़ा कमरा बना हुआ है। जिसके बीच दरवाजे के सामने पालकी साहिब पर श्री गुरुग्रंथ साहिब विराजमान थे। जो करीब 10 वर्ष पुराने धार्मिक अनुष्ठान के तहत स्थापित किए गए थे। 11 जुलाई की सुबह गुरुद्वारे में 5 से 7 बजे तक प्रकाश किया गया। उसके बाद गुरुद्वारा का कुंडा बंद कर दिया गया। सेवक मुख्तार सिंह घर चले गए। दोपहर करीब 12:30 बजे कृष्ण सिंह उर्फ किशन सिंह निवासी नकहा लौका गुरुद्वारे में आया। जिसे गांव के महेंद्र सिंह, इकबाल सिंह और उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में घुसते हुए देखा। आरोप है कि वे गुरुद्वारे में माथा टेकने गए तो किशन सिंह ने श्री गुरुग्रंथ साहिब में आग लगा दी। धुआं उठता देख वह लोग बाहर आए। उस समय किशन सिंह कमरे में मौजूद था। इस दौरान शोर सुनकर लोगों ने किशन सिंह को मौके पर पकड़ लिया। सूचना मिलते ही गांव के मनजीत सिंह और दरबार सिंह भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान उनके द्वारा श्री नानकमत्ता साहिब कमेटी को सूचना दी गई और पुलिस को मौके पर बुलाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी किशन सिंह ने धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। इससे सिख समाज के लोगों में काफी रोष है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को तहरीर देते सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार

दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई: जोगिंदर सिंह

सितारगंज : गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब प्रबंधक कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह ने प्रेस नोट जारी कर गुरु नानक नगरी गोठा में गुरुद्वारा साहिब में अग्निकांड के चलते गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूप को अग्नि भेंट होने की सूचना पर दुख प्रकट किया। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता साहिब की एक टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब श्री अमृतसर साहिब, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर साहिब और स्थानीय प्रशासन से सामंजस्य स्थापित कर मामले में कार्रवाई की कोशिश कराई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि घटना में लिप्त दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमत्ता साहिब प्रतिबद्ध है।

तमंचे के बल पर दो युवतियों का अपहरण

संवाददाता, काशीपुर

दुस्साहस

- अपहरण का वीडियो हो रहा वायरल, पुलिस में हड़कंप
- तमंचे की बट से युवती को मारकर डराया

अमृत विचार : तमंचे के बल पर बाइक सवार एक युवक ने दो युवतियों का अपहरण कर लिया। इसकी वीडियो वायरल होने पर पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस की टीम युवक को पकड़ने के लिए आसपास लगाए गए सीसीटीवी खंगालने में जुटी है।

मानपुर रोड स्थित स्टेडियम के पास शुक्रवार देर शाम 7 बजे दो युवतियां खड़ी थीं। इसी दौरान एक युवक अपाची बाइक से आकर खड़ा हुआ। वायरल वीडियो में युवक युवती को बाइक पर बैठने के लिए इशारा करता है। युवती के मना करने पर युवक अपनी जेब से तमंचा निकालकर बट से युवती को मारता है। इसके डर से युवती बाइक पर बैठ जाती है और दूसरी भी युवती बाइक पर बैठ जाती है। युवतियों के बाइक पर बैठते ही युवक तेजी से बाइक भगा कर फरार हो जाता है। घटना क्रम पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो जाती है। इससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त हो गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। लोगों ने आरोपी युवक को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

कटोराताल पुलिस चौकी प्रभारी एसआई विपुल जोशी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मामले में आरोपित युवक को गिरफ्तार करने के लिए टीम लगा दी गई है। पुलिस टीम आरोपित युवक को जल्द से जल्द ही गिरफ्तार करेगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिवा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मानेन रक्ष्यते धान्यमश्चान् रक्षत्यनुक्रमः।
अभीक्ष्णदर्शनं ग्राश्च स्त्रियो रक्ष्याः कुचैलतः॥

अनाज की रक्षा तौल से होती है, घोड़े की रक्षा उसे लोट-पोट कराते रहने से होती है, सतत् देखरेख से गायों की रक्षा होती है और सादा वस्त्रों से स्त्रियों की रक्षा होती है।

संपादकीय

ऐतिहासिक फैसला

बीते बुधवार को तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता संबंधी में सर्वोच्च न्यायालय का किया गया फैसला ऐतिहासिक और सामाजिक तानेबाने के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि पूर्व में भी मुस्लिम महिलाओं के गुजारा भत्ते संबंधी विवादों पर अदालतें सहानुभूति पूर्वक विचार कर चुकी हैं। करीब दो वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि तलाक के बाद महिला को पति से गुजारा भत्ता पाने का पूरा हक है। हाल में आए सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक और सभ्य समाज के सभी लोगों ने स्वागत किया है। न्यायालय ने कहा है कि हर महिला को गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी धर्म की हो। गौरतलब है कि अभी तक मुस्लिम पर्सनल कानून के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं का गुजारा भत्ता तय होता था। शरीअत कानून के मुताबिक इद्दत की अवधि अर्थात तीन महीने की वह अवधि, जिसमें महिला किसी दूसरे के साथ विवाह नहीं कर सकती, तक ही तलाकशुदा महिला को गुजारा भत्ता दिया जा सकता है। हमारे समाज में आज भी अधिकतर महिलाएं विवाह के बाद पति पर निर्भर हैं। किन्हीं स्थितियों में पति उन्हें छोड़ देता है तो उनका भरण-पोषण मुश्किल हो जाता है। साथ ही जिन महिलाओं पर बच्चों को पालने की भी जिम्मेदारी हो उनका जीवन बहुत ही दुष्कर हो जाता है। बहुत सारी तलाकशुदा मुस्लिम औरतें दुबारा शादी नहीं करतीं, इसलिए केवल इद्दत तक गुजारा भत्ता पाने से उनके जीवन की मुश्किलें दूर नहीं हो पातीं। वहीं जो महिलाएं दूसरा विवाह कर भी लेती हैं, जरूरी नहीं कि उससे उनके बच्चों का उचित तरह से पालन-पोषण हो ही जाए। यहां सवाल यह है कि किसी महिला को केवल धर्म के आधार पर दूसरी महिलाओं से अलग क्यों माना जाना चाहिए?

भारत के नागरिक के तौर पर हर महिला को समान अधिकार मिलना चाहिए। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर भी बल दिया कि गुजारा भत्ता न्यूनतम नहीं, बल्कि पर्याप्त मात्रा का होना चाहिए यानी महिला सही से अपना गुजारा कर सके। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट ने 1986 कानून की नए सिरे से व्याख्या की है। उसने महिला को केवल महिला के रूप में देखा है और उसकी धार्मिक पृष्ठभूमि पर ध्यान देने की बजाय उसकी जरूरतों को प्राथमिकता दी है। साथ ही अदालत ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का विस्तार किया है कि वह चाहे तो सीआरपीसी की धारा-125 के तहत गुजारा भत्ता ले या 1986 कानून के तहत गुजारा भत्ता ले या दोनों के तहत ही अपने अधिकारों को हासिल कर ले। यह लिंग समता की दृष्टि से सराहनीय और स्वागतयोग्य फैसला है।

निराधार है आरक्षण समाप्त करने का विमर्श

डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

इसकी भी अपनी एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलतः जाति आधारित आरक्षण प्रणाली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण प्रणाली विद्यमान है, वह सही मायनों में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'कम्युनल अवार्ड' प्रस्तुत किया था।

भारत की सदियों पुरानी कर्म आधारित वर्ण व्यवस्था का समापन हुआ और वर्ण व्यवस्था के बदलाव के साथ जो विदेशी आक्रांताओं के भीभत्स नीतियों की वजह से भारतीय संस्कृति में विखंडन के कारण ही भारत में जाति व्यवस्था पनपी वही जाति व्यवस्था देश में आरक्षण प्रणाली की उत्पत्ति के लिए जिम्मेदार है। सरल शब्दों में कहें तो इसका उद्देश्य जनसंख्या के उस वंचित के उत्थान हेतु व समाज में समान स्थिति को पा सकें इसीलिए कुछ वर्गों के लिए सरकारी नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों और यहां तक कि संसद व राज्य विधानमंडलों में सीटों तक पहुंच को सुगम बनाया गया है। इन वर्गों को अपनी जातिगत पहचान की वजह से विदेशी आक्रांताओं और समाज के कुछ कट्टर वर्ग के कारण ऐतिहासिक रूप से अन्याय का सामना करना पड़ा। कोटा आधारित सकारात्मक कार्रवाई के रूप में, आरक्षण को सकारात्मक भेदभाव के रूप में भी देखा जा सकता है। भारत में यह भारतीय संविधान द्वारा समर्थित सरकारी नीतियों द्वारा शासित है।

इसकी भी अपनी एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलतः जाति आधारित आरक्षण प्रणाली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण प्रणाली विद्यमान है, वह सही मायनों में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'कम्युनल अवार्ड' प्रस्तुत किया था। इस निर्णय में मुसलमानों, सिखों, भारतीय ईसाइयों, एंग्लो-इंडियन, यूरोपीय लोगों और दलितों के लिए पृथक निर्वाचिका का प्रावधान किया गया। लंबी बातचीत के बाद गांधीजी और अंबेडकर ने 'पूना पैक्ट' पर हस्ताक्षर किए, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि एक ही हिंदू निर्वाचन क्षेत्र होगा, जिसमें कुछ आरक्षण होंगे। स्वतंत्रता के बाद शुरू में आरक्षण केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए ही प्रदान किया गया था। मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर 1991 में ओबीसी को आरक्षण के दायरे में शामिल किया गया था। मंडल आयोग संविधान के अनुच्छेद 340 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने दिसंबर 1978 में बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग आयोग की नियुक्ति की। आयोग का गठन भारत के 'सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों' को परिभाषित करने के मानदंड निर्धारित करने और उन वर्गों की उन्नति के लिए उठाए जाने वाले कदमों की सिफारिश करने के लिए किया गया था। मंडल आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि भारत की जनसंख्या में लगभग 52 प्रतिशत ओबीसी हैं, इसलिए 27 प्रतिशत सरकारी नौकरियां उनके लिए आरक्षित की जानी चाहिए। आयोग ने सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन के ग्यारह संकेतक विकसित किए हैं। हिंदुओं में पिछड़े वर्गों की पहचान करने के अलावा, आयोग ने गैर-हिंदुओं (जैसे-मुस्लिम, सिख, ईसाई और बौद्ध) में भी पिछड़े वर्गों की पहचान की है। इसने 3,743 जातियों की अखिल भारतीय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची तथा 2108 जातियों की अधिक वंचित "दलित पिछड़ा वर्ग" सूची तैयार की है।

> हम कह सकते हैं कि आरक्षण अभी भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, किंतु इसका लाभ जिसको मिलना चाहिए उसको अवश्य मिले, साथ ही इसको ठीक से लागू करने की आवश्यकता है।

1992 के इंद्रा साहनी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत कोटा बरकरार रखा, लेकिन उच्च जातियों के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए 10 प्रतिशत सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की सरकारी अधिसूचना को रद्द कर दिया। इसी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने इस सिद्धांत को भी बरकरार रखा कि कुल आरक्षण लाभार्थियों की संख्या भारत की जनसंख्या के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस निर्णय के माध्यम से 'क्रीमी लेयर' की अवधारणा को भी बल मिला तथा प्रावधान किया गया कि पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण केवल प्रारंभिक नियुक्तियों तक ही सीमित होना चाहिए तथा पदोन्नति तक नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। आरक्षण की आवश्यकता क्यों? देश में पिछड़ी जातियों के साथ हो रहे ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करना। पिछड़े वर्ग के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना, क्योंकि वे उन लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते, जिनके पास सदियों से संसाधनों और साधनों तक पहुंच रही है। राज्य के अधीन सेवाओं में पिछड़े वर्गों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना। पिछड़े वर्गों की उन्नति के लिए योग्यता के आधार पर समानता सुनिश्चित करना अर्थात् योग्यता के आधार पर न्याय करने से पहले सभी लोगों को समान स्तर पर लाया जाना चाहिए।

आरक्षण के विरुद्ध तर्क- राज्य सेवाओं में आरक्षण के कारण सरकारी कर्मचारियों में मतभेद और दुश्मनी पैदा हुई, जिससे कार्यस्थल पर माहौल खराब हुआ। आरक्षण नीति का उद्देश्य जाति को कायम रखना नहीं, बल्कि उसे समाप्त करना था, लेकिन जाति आधारित आरक्षण ने समाज में जाति की धारणा को ही कायम रखा है। आरक्षण की शुरुआत यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों को संसाधनों तक समान पहुंच दी जाए, लेकिन आर्थिक प्रगति के बावजूद वे सामाजिक रूप से वंचित बने हुए हैं। आरक्षण आत्मसम्मान को नष्ट कर देता है, इतना अधिक कि अब सर्वश्रेष्ठ का निर्धारण करने के लिए नहीं, बल्कि सबसे पिछड़े का निर्धारण करने के लिए प्रतिस्पर्धा हो रही है। आरक्षण योग्यतावाद का सबसे बड़ा दुश्मन है, जो कई प्रगतिशील देशों की नींव है। यह वर्गीय निष्ठाओं और आदिम पहचानों का आह्वान करके संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने का एक उपकरण बन गया है। पिछड़ी जातियों के भीतर प्रभावशाली और कुलीन वर्ग ने अपने ही लोगों का आरक्षण का लाभ हड़प लिया है और पिछड़ी जातियों के भीतर सबसे अधिक हाशिए पर पड़े लोग हाशिए पर ही बने हुए हैं। आरक्षण समावेशन के बजाय बहिष्कार का तंत्र बन गया है, क्योंकि कई सामान्य एवं सवर्ण जाति के गरीबों को भी भेदभाव और अन्याय का सामना करना पड़ रहा है, जिससे समाज में निराशा पैदा हो रही है। आरक्षण की बढ़ती मांग के पीछे कारण आरक्षण को अब गलत सोच वाली विकास नीतियों के प्रतिकूल प्रभावों के समाधान के रूप में देखा जाने लगा है। हरियाणा, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे विकसित राज्यों में उनकी अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर होने के बावजूद, तीन बातें लोगों को चिंतित कर रही हैं: तीव्र कृषि संकट, रोजगार वृद्धि में स्थिरता और विकास पथ में विकृतियां। इस पृष्ठभूमि में सरकारों के लिए आरक्षण की बात करना, सुधार करने से कहीं अधिक आसान है। सवर्ण जातियों में आरक्षण की बढ़ती मांग भी विशेषाधिकार खोने के डर और बदलाव से निपटने में असमर्थता से उत्पन्न हो रही है। उच्च जातियों के लोग विशेषकर सरकारी नौकरियों के मामले में वंचित महसूस करने लगे हैं, क्योंकि उन्हें पिछड़े वर्गों के समान लाभ नहीं मिलता। आरक्षण का लाभ वंचित जातियों के बहुसंख्यक वंचित बच्चों को मिलना चाहिए, न कि जातिगत टैग वाले कुछ विशेषाधिकार प्राप्त बच्चों को। उच्च पदस्थ अधिकारी परिवारों, उच्च आय वाले पेशेवरों और एक निश्चित आय से ऊपर के अन्य लोगों को विशेष रूप से सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। आरक्षण के माध्यम से प्रत्येक समुदाय के जरूरतमंद व्यक्ति की निष्पक्ष एवं व्यावहारिक तरीके से मदद करना संभव एवं आवश्यक है।

आरक्षण की प्रक्रिया से वास्तविक आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों को छांटकर न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए। जमीनी स्तर पर शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव समय की मांग है। आगे बढ़ने का रास्ता-आरक्षण उचित है, क्योंकि यह समाज के दलित और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए उचित सकारात्मक भेदभाव प्रदान करता है, लेकिन जब यह समाज को नुकसान पहुंचाता हो और संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दूसरों की कीमत पर कुछ लोगों को विशेषाधिकार सुनिश्चित करता हो तो इसमें यथाशीघ्र परिवर्तन कर दिया जाना चाहिए। आरक्षण से बाहर रखे गए समुदाय, आरक्षण श्रेणी में शामिल जातियों के प्रति द्वेष और पूर्वाग्रह रखते हैं। जब अधिकतर लोग आगे बढ़ने की बजाय पिछड़ेपन की आकांक्षा रखते हैं तो देश स्वयं स्थिर हो जाता है। पिछड़ों के लिए न्याय, अगड़ों के लिए समानता तथा संपूर्ण व्यवस्था की दक्षता के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति अपरिहार्य है। अतः हम कह सकते हैं कि आरक्षण अभी भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, किंतु इसका लाभ जिसको मिलना चाहिए उसको अवश्य मिले, साथ ही इसको ठीक से लागू करने की आवश्यकता है। यह संवैधानिक उपबंध है कोई भी सरकार इसको समाप्त करना तो छोड़िए छेड़ भी नहीं सकती है। आरक्षण समाप्त करने का 'विमर्श' निराधार है।

प्रसंगवश

बुद्ध और युद्ध का गले मिलन

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी रूस यात्रा पूरी कर ली। मोदी वहां पहुंचने पर ही रूस ने यूक्रेन के एक अस्पताल पर गोलाबारी की, जिसमें 29 बच्चे मारे गए। घटना की सभी मानवतावादी शक्तियों ने निंदा की। मोदी ने यह मुद्दा रूसी राष्ट्रपति के सम्मुख उठाया भी और आहत दिखे। आगे चलकर आस्ट्रिया में उन्होंने फिर कहा कि 'हमने संसार को बुद्ध दिए, युद्ध नहीं'। उन्होंने 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद भी रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा था कि 'यह युद्ध का काल नहीं है'। उनकी बात बिल्कुल नहीं मानी गई, रूसी आक्रमण जारी रहे और अब तक दोनों तरफ की कई लाख जाने जा चुकी हैं, जिनमें कुछ भारतीय भी हैं, लेकिन उन्होंने इस दौरे में पुतिन को गले लगाया और यह फोटो बहु प्रचारित हुई तथा आलोचना की विषय बनी।

अमेरिका व पश्चिम ने तो कटुता दिखाई ही, वहां के प्रेस ने भी मोदी को कटघरे में खड़ा किया। चीन के मुखपत्र "ग्लोबल टाइम्स" ने भी चटखारे लिए। फिर भी मोदी न केवल गले मिले, बल्कि उन्होंने रूस का सर्वोच्च सम्मान भी ग्रहण कर लिया, जो चीनी राष्ट्रपति को पहले ही मिल चुका है। अजरबैजान और कजाकिस्तान के राष्ट्र प्रमुख भी इससे पहले ही नवाजे जा चुके हैं। मालूम हो कि हमारे प्रबल शत्रु चीन से रूस की 'असीमित' मित्रता है, ऐसा दोनों राष्ट्र घोषित कर चुके हैं। 1962 में भारत पर चीनी आक्रमण के समय रूस के सरकारी अखबारों ने चीन को 'भाई' और भारत को सिर्फ 'दोस्त' बताया था। यानी चीन के मुकाबले रूस भारत के पक्ष में कभी नहीं खड़ा होगा।

बहरहाल अपने को बुद्ध देने वाला कहकर युद्धप्रेमी पुतिन को गले लगाने पर गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई याद आ गई, "दोउ न होइं इक संग भुवालू। हंसब ठठाइ फुलावब गालू"।। क्या अब जब कि रूस भारत की शांति अपील नहीं मान रहा और न सिर्फ युद्ध जारी है, बल्कि नागरिक हत्याएं भी की जा रही हैं, तब भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस की पक्षधरता करने की अपनी नीति बदलेगा?

पहले जीवित कंप्यूटर का सृजन

डॉ. राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

स्विट्जरलैंड के वैज्ञानिकों ने विश्व के पहले जीवित कंप्यूटर का सृजन किया है। यह मानव के मस्तिष्क के ऊतकों से बनाया गया है, लेकिन यह ऊतक मानव के मस्तिष्क से नहीं लिए गए हैं वरन इन्हें प्रयोगशाला में बनाया गया है। इस कंप्यूटर में 16 अंगक हैं। यह अंगक प्रयोगशाला में विकसित की गई मस्तिष्क की कोशिकाओं- अर्थात् न्यूरॉन्स का समूह हैं। मस्तिष्क की कोशिकाओं के यह समूह आपस में सूचनाओं का आदान-प्रदान उसी प्रकार करते हैं जैसे एक कंप्यूटर में कंप्यूटर चिप्स करती हैं। ये न्यूरॉन्स दूसरे न्यूरॉन्स को संदेश भेजते और प्राप्त करते हैं और कंप्यूटर सर्किट्स बनाते हैं।

यह जीवित कंप्यूटर अभी प्रयुक्त होने वाले मशीनी कंप्यूटर के मुकाबले 10 लाख गुना कम ऊर्जा खर्च करता है। इस दुनिया के सबसे अच्छे कंप्यूटरों में से एक-हैवलेट पैकार्ड एंटरप्राइजेज फ्रंटियर का कंप्यूटर-जिस गति से कार्य करता है और जितनी मैमोरी रखता है, नया विकसित जीवित कंप्यूटर उसी गति से काम करता है और उससे 1000 गुना अधिक मेमोरी रखता है। यह केवल 10 से 20 वाट ऊर्जा खर्च करता है, जबकि मशीनी कंप्यूटर 21 मेगावाट अर्थात् 2 करोड़ 10 लाख वाट ऊर्जा खर्च करता है। यह कंप्यूटर फाइनल स्पार्क कंपनी द्वारा विकसित किया गया है। यह कंपनी बायोलॉजिकल न्यूरल नेटवर्क विकसित करने का कार्य करती है। इस कंपनी के सह सीईओ डॉक्टर फ्रेड जॉर्डन ने एक समाचार पत्र को बताया कि ये बातें अभी तक विज्ञान कथाओं में मिलती थीं, जो अब एक सच्चाई है। यह जीवित कंप्यूटर एक कृत्रिम मस्तिष्क ही होता है। इसके अंगक छोटे-छोटे, स्वयं को व्यवस्थित करने की क्षमता रखने वाले, 'टिशू कल्चर्स' होते हैं, जो 'स्टेम सेल्स' से बनाए जाते हैं। स्टेम सेल्स भ्रूण की वह कोशिकाएं होती हैं, जो किसी भी प्रकार की कोशिकाओं में विकसित हो सकती हैं। इन ही से एक भ्रूण के शरीर के सभी अंगों की कोशिकाएं बनती हैं। इन स्टेम सेल्स का चिकित्सा विज्ञान में बहुत महत्व है। इनसे हम विभिन्न प्रकार के अंग बना सकते हैं और उन्हें मनुष्यों में लगा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इन स्टेम सेल्स को लेकर उन्हें लगभग एक महीने तक संवर्धित किया और उन्हें न्यूरॉन्स के रूप में विकसित कर लिया। अभी प्रयोगशाला में बनाए गए ये छोटे-छोटे मस्तिष्क लगभग 10,000 जीवित न्यूरॉन्स से बने हुए हैं। इन अंगकों अर्थात् जीवित कंप्यूटर को डोपामीन दवा की खुराक देकर प्रशिक्षित किया जाता है। जब ये कोई कार्य अच्छी प्रकार से कर लेते हैं तो इन्हें डोपामीन की खुराक दी जाती है। डोपामीन वह हॉरमोन है, जिससे हमारा मस्तिष्क प्रसन्नता का अनुभव करता है। प्रयोगशाला में उन न्यूरॉन्स को डोपामीन देने पर वह खुशी का अनुभव करते हैं और वह यह समझ जाते हैं कि उन्हें यह अच्छा कार्य करने का पारितोषिक दिया गया है। यह वैसा ही है जैसा किसी पशु को प्रशिक्षण देते समय अच्छा कार्य करने पर उसे पारितोषिक के रूप में भोजन दिया जाता है अथवा उसका स्वामी उसे दुलारता है। यह डोपामीन बाहर से नहीं दिया जाता है, बल्कि उस कृत्रिम मस्तिष्क के अंगकों के विशेष भागों पर प्रकाश डाला जाता है। इससे वह न्यूरॉन्स उद्दीपित होकर डोपामीन का स्राव करते हैं। मानव के मस्तिष्क में भी ऐसा ही होता है। कुछ उद्दीपनों और भावनाओं से उद्दीपित होकर मानव का मस्तिष्क डोपामीन अर्थात् हैप्पी हार्मोन स्रावित करता है और मनुष्य अर्थात् मनुष्य का मस्तिष्क प्रसन्नता का अनुभव करता है। इन छोटे-छोटे मस्तिष्कों में से हर मस्तिष्क आठ इलेक्ट्रोड्स से घिरा होता है, जो इन मस्तिष्कों की एक्टिविटी को नापते हैं। इसके न्यूरॉन्स के डेन्ड्राइट्स के परस्पर जोड़ अर्थात् साइनेप्सेज में अंतर आता जाता है। ठीक यही कार्य हमारे मस्तिष्क में भी होता है। हमारे कोई नई बात सीखने अथवा याद रखने में हमारे मस्तिष्क के इन साइनेप्सेज में अंतर आता है। हम इसी विधि से कोई बात याद रखते हैं, कोई बात सीखते हैं। यह क्षमता परंपरागत कंप्यूटर्स में नहीं होती है। इसे 'वेटवेयर' कहते हैं अर्थात् सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर का संगम।

> इस नए जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर का नाम ब्रेनोवेयर है। यह जीवित कंप्यूटर तारों और मानव-मस्तिष्क का संगम होता है, जो प्रयोगशाला में बनाया जाता है और काम करता है।

इस नए जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर का नाम ब्रेनोवेयर है। यह जीवित कंप्यूटर तारों और मानव-मस्तिष्क का संगम होता है, जो प्रयोगशाला में बनाया जाता है और काम करता है। इससे डाटा भेजे और प्राप्त किए जा सकते हैं, गणनाएं की जा सकती हैं और डाटा को मेमोरी में स्टोर किया जा सकता है। इस जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर को एक सूक्ष्म तरल कोष्ठ में रखा जाता है जो कोशिकाओं को जीवित रखने के लिए आदर्श स्थिति प्रदान करता है।

सोशल फोरम

बढ़ता दिखावा

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

अगर कभी ऊपर वाला चींटी समान किसी लघु और कुरूप रूप में हमारे सामने आ जाए और खुद को इस सृष्टि का निर्माता बताए तो हमें सहसा विश्वास नहीं होगा। उससे पहला सवाल तो हमारा यही होगा कि आप इतने छोटे क्यों? इस विशाल सृष्टि के निर्माता को तो विशाल और सुंदर होना चाहिए। ठीक हमारी कल्पना के अनुरूप। दरअसल एक पावरफुल ऊपर वाले की कल्पना हम लघु रूप में कर ही नहीं सकते। हमारी कल्पना का ऊपर वाला विशाल और सुंदर ही होगा। उसके स्टेटस को बनाए रखने के लिए हमें उसकी चीजें भी विशाल और भव्य ही बनानी होंगी। यही वजह है कि ऊपर वाले के निवास स्थान को भव्य और विशाल बनाया जाता है। उससे जुड़ी हर चीज बड़ी-बड़ी और बड़ी, भव्य भव्य और भव्य होनी चाहिए। आम इंसान जब तक चमतकृत न हो तब तक फायदा क्या।

कभी राम नवमी के झंडे और ताजिए को देखिए। इन्हें इतना लंबा ऊंचा बनाने की कोई और वजह होगी। हमारे शहर में रामनवमी के दिन जब जुलूस निकलता है। उस समय दोपहर से रात उस समय तक बिजली कटी रहती है जब तक सभी झंडे पार न हो जाएं।

पिछले दिनों रथ यात्रा के दौरान भगवान बलभद्र की मूर्ति गिर गई, जिससे कई लोग जख्मी हो गए। मुझे नहीं पता कि भगवान बलभद्र की मूर्ति कितनी विशाल और भारी थी, लेकिन ये पता है कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों की ऊंचाई लगभग 45 फीट होती है। इतने विशाल रथ देख क्या आपकी भक्ति में इजाफा नहीं होता। धर्म स्थलों की ऊंचाई, खूबसूरती और धार्मिक आयोजनों की भव्यता का आग्रह क्या ऊपर वाले का रहता है? ये निश्चित ही मानव मन की कल्पना है।

आज जिस रूप में हम किसी आयोजन को देख रहे हैं ये जरूरी नहीं कि शुरू से उसका यही स्वरूप रहा हो। समय के साथ इनकी भव्यता और विशालता में इजाफा ही होता है। जिन्हें हम परंपरा कहते हैं, उनमें भी नित परिवर्तन होता रहता है। सवाल है कि सादगी से हम किसी आयोजन को क्यों नहीं कर सकते? हल्ला-गुल्ला शोर-शराबा और दिखावा बढ़ता ही क्यों जा रहा है? **-फेसबुक वॉल से**

पहली महिला चीफ जस्टिस ने कैसे अवसाद से खुद को बचाया



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

दिल्ली हाईकोर्ट की पहली महिला जस्टिस। हाईकोर्ट में देश की महिला चीफ जस्टिस। शादी के बाद पढ़ाई छूट गई। पति की लंदन तैनाती के दौरान फिर कॉलेज में दाखिला लिया। कानून की डिग्री सर्वोच्च स्थान के साथ हासिल की। पहले कलकत्ता और फिर पटना हाईकोर्ट में वकालत की। बाद में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस के पद से रिटायर हुईं।

रिटायरमेंट के कुछ महीने बाद लीला सेठ खुद को खाली और अकेला महसूस करने लगीं। उनकी रूटीन अस्त-व्यस्त हो गई। सोने-जागने का कोई तय वक्त नहीं रह गया। किसी चीज में कोई दिलचस्पी नहीं रही। वे अवसाद में जाने लगीं। उन्होंने अपने मित्र डॉक्टर के.पी. जैन को समस्या बताई। जैन ने कहा कि 55 वर्षों की व्यस्त दिनचर्या के बाद हुए इस खालीपन से तालमेल बिठाने में कुछ समय लगेगा।

लीला सेठ के मशहूर लेखक पुत्र विक्रम सेठ ने उन्हें कुछ पुस्तकें भेंट करके जोश भरी कहानियां पढ़ने के लिए प्रेरित किया। पढ़ने के साथ लीला सेठ ने अवसाद के कारणों का आकलन शुरू किया। जरूरी लगा कि जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए कोई सार्थक काम और रूटीन होना चाहिए। यह पर्यावरण कानून से जुड़ा नौ महीने का "वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर" कोर्स था। फिर उस कोर्स को पढ़ने के लिए 62 की लीला सेठ उन विद्यार्थियों बीच बैठ गईं, जिनकी अधिकतम उम्र 26 थी। यहां तक कि संस्थान के निदेशक की उम्र चालीस थी। साथ बैठे विद्यार्थी और फैकल्टी नहीं समझ पाती थी, कि उनके साथ कैसे पेश आएं? लेकिन लीला जल्द ही उनके बीच घुल-मिल गईं। उनके साथ क्विज और अन्य प्रतियोगिताओं में शामिल होने लगीं। सिर्फ एक दिक्कत थी। साथी सोचते थे कि रिटायर्ड चीफ जस्टिस को सब कुछ आता होगा। अपनी आत्मकथा में उन्होंने लिखा "लेकिन सच यह था कि बाकी विद्यार्थी जवाबों में जितनी गलतियां करते थे, मेरी गलतियां भी उसी के आसपास होती थीं।

इस कोर्स के क्लास अपरान्ह तीन बजे से पांच बजे तक के होते थे। इसके लिए उन्हें नोएडा से दिल्ली के डब्लूडब्लूएफ सेंटर जाना रहता था। लीला सेठ ने कोशिश की कोई क्लास मिस न हो। रोज बिस्तर से उठकर क्या करूं, के निट्ठलेपन अहसास से उन्हें फुर्सत मिली। रुचि की पढ़ाई और युवाओं के साथ ने जिंदगी में अभी और भी बहुत कुछ करने को बाकी रहने का भरोसा दिया। फील्डवर्क के लिए वे राजस्थान नहीं जा सकी थीं, लेकिन निदेशक डॉक्टर छत्रपति सिंह और अन्य विद्यार्थियों के साथ उड़ीसा के गड़ीमाता तट पर नसीबाला में वह ओलिव रिडली समुद्री कछुओं को बचाने की मुहिम में वे शामिल हुईं। डिप्लोमा कोर्स पूरा करने के बाद डब्लूडब्लूएफ के अध्यक्ष डॉक्टर स्वामीनाथन के प्रस्ताव पर वे इसके बोर्ड ऑफ ट्रस्टी में भी शामिल हुईं। वहां की उपाध्यक्ष भी रहीं। वहां रहते वे पर्यावरण से जुड़े कानूनों के विकास में दिलचस्पी लेती रहीं। जोड़ी सलामत रहे की दुआएं और आशीर्वाद पति -पत्नी के रिश्तों के लिए आम हैं। पर उस मंजर की सोचिए, जब हाईकोर्ट में किसी महिला और पुरुष जज की खंड पीठ किसी मामले की सुनवाई कर रही हो। वे फैसला दें और फिर वहां फैसले से खुश कोई बुजुर्ग महिला दोनों हाथ उठाकर जोर-जोर से उन जजों को "जोड़ी सदा सलामत रहने" का आशीर्वाद दोहराने लगे। लीला सेठ ऐसे ही एक दिलचस्प अनुभव से रूबरू हुई थीं।

जस्टिस लीला सेठ और जस्टिस राजेंद्र सच्चर की खंड पीठ एक क्रिमिनल अपील की सुनवाई कर रही थी। यह अपील निचली अदालत द्वारा हत्या के मामले में एक युवक को आजीवन कारावास की सजा दिए जाने के खिलाफ थी। अपील की सुनवाई और रिकार्ड के परीक्षण के बाद पीठ ने युवक को दोषी सिद्ध किए जाने के पर्याप्त कारण नहीं पाए। आरोप को खारिज करते हुए पीठ ने युवक को दोषमुक्त करते हुए रिहाई के आदेश दे दिए। ग्रामीण पृष्ठभूमि के आरोपी युवक की मां फैसले के समय अदालत में मौजूद थी। उसकी खुशी का ठिकाना नहीं था। उसने दोनों हाथ उठाकर जोर-जोर से जोड़ी (जस्टिस सच्चर और जस्टिस लीला सेठ) के हमेशा सलामत रहने की दुआएं देना शुरू कर दिया। संकोच में पड़े दोनों जज फिक्रमंद थे कि उनके असली जीवन साथी क्या सोचेंगे? लेकिन जोड़ी की सलामती के सवाल पर जस्टिस लीला सेठ को दिल्ली जिमखाना की सदस्यता के सवाल पर इसके उलट अनुभव हुए।

आमतौर पर यह क्लब जजों की नियुक्ति के बाद उन्हें अपना सदस्य बना लेता था, लेकिन लीला सेठ को आवेदन के काफी समय बाद भी कोई उत्तर नहीं प्राप्त हुआ। पूछताछ पर टालमटोल होती रही। जोर देने पर बताया गया कि उनके यहां महिलाओं को सदस्यता देने की व्यवस्था है, लेकिन उससे शर्तें जुड़ी हुई हैं। क्या? केवल वही महिलाएं सदस्य बनाई जाएंगी, जो अविवाहित अथवा तलाकशुदा अथवा विधवा हों। उनसे पूछा गया कि क्या वे इनमें से किसी केटेगरी में आती हैं? उनके मुख से निकला, "ईश्वर की कृपा है। मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं है, लेकिन आपका रवैया पूरी तरह से भेदभावपूर्ण है।" कुछ समय बाद उन्हें सूचना दी गई कि उनके पति को सदस्यता दी जा सकती है। लीला सेठ के कहने पर कि यह विचित्र व्यवस्था है, जवाब मिला कि हम नियमों से बंधे हैं और उन्हें बदलने में समय लगेगा।

ऐसे भी भागते हैं भूत-प्रेत

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हाथरस के भोले बाबा प्रकरण के बाद न्यूज चैनलों पर भूत-प्रेत भगाने वाले बाबाओं को दिखाने की होड़ लगी हुई है। एक चैनल पर शनि धाम के एक बाबा के भूत-प्रेत भगाने के तरीकों पर एक रिपोर्टिंग देखकर याद आया कि यह विद्या कभी मुझे भी आती थी। बात 1999 की है जब मैं बिहार के समस्तीपुर जिले का एसपी हुआ करता था। एक दिन हसनपुर थाने के दियारा क्षेत्र के भ्रमण पर निकला था कि एक छोटे से गांव में एक पेड़ के नीचे लोगों की भारी भीड़ देखकर रुक गया। वहां एक अलाव के गिर्द दो युवक विचित्र मुख-मुद्राएं बनाकर पागलों की तरह उछल और चीख-चिल्ला रहे थे और एक बाबा कुछ मंत्र बुदबुदाते हुए हवन पात्र में कुछ डालता जा रहा था। मुझे देखकर बाबा रुका। पूछने पर उसने बताया कि दोनों युवक बुरी प्रेतात्माओं के कब्जे में हैं, जिन्हें भगाने की जुगत हो रही हैं। बाबा ने गर्व से यह भी बताया कि वह अपनी अचूक तंत्र-विद्या से अब तक सैकड़ों लोगों को प्रेत बाधा से मुक्त करवा चुका है। दोनों युवकों की उटपटांग हतकतें पहले की तरह जारी थी। मैंने बाबा को बताया कि भूत भगाने की विद्या में मैं भी पारंगत हूं। बाबा ने मुझे हैरत से देखा। मैंने दोनों युवकों को अपनी किंग साइज हाथों से पांच-दस थप्पड़ मारे। वे दो मिनट भी मेरा वार नहीं झेल सके और एकदम नार्मल होकर हाथ जोड़ दिए। प्रेत-बाधा का नामोनिशान नहीं। बाबा ने सकुचाते हुए कहा-कमाल है सरकार, आपने तो उन खूंखार प्रेतों को सचमुच भगा दिया। मैंने कहा - भगाया नहीं बाबा, बस उन्हें आपके भीतर ट्रांसफर कर दिया है। अब आपका इलाज करूंगा। मैं बाबा की तरफ बढ़ा ही था कि वह झोला-झंटा वहीं छोड़कर भाग खड़ा हुआ।

मैं वहां उपस्थित लोगों को कई तर्कों और उदाहरणों के माध्यम से अंधविश्वास के दुष्प्रभाव और बाबाओं के पाखंड से अवगत कराया। यह भी कहा कि आप में कोई शारीरिक या मानसिक तौर पर बीमार है तो मेरे साथ चलिए, मैं अच्छे अस्पताल में मुफ्त में इलाज करवा दूंगा। मेरे साथ कोई नहीं आया। मेरे लौट आने के बाद मेरे समझाने का उन पर कितना असर हुआ वह एक महीने बाद पता चला जब एक चौकीदार ने बताया कि वही बाबा उसी गांव के लोगों से एक बार फिर गंभीर रोग ठीक करने के नाम पर हजारों रुपये ठगकर फरार हो गया है।

सार संक्षेप

कार्यशाला में दी नए कानूनों की जानकारी

समापन कार्यक्रम में बैठे अधिवक्ता। ● अमृत विचार

काशीपुर : काशीपुर बार एसोसिएशन, बार भवन में नए कानूनों की जानकारी को लेकर चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यशाला में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम नए कानून के संबंध में काशीपुर, जसपुर, बाजपुर के अधिवक्ताओं को काशीपुर न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों ने जानकारी दी। इस दौरान न्यायिक अधिकारीगण रितेश कुमार श्रीवास्तव, मोनिका मित्तल, सचिन कुमार, विनीत कुमार श्रीवास्तव, करिश्मा डंगवाल, दीप्ति पंत, बार एसोसिएशन काशीपुर के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे उपाध्यक्ष अनूप शर्मा सचिव नृपेन्द्र कुमार चौधरी उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा आदि मौजूद रहे।

नए क़ानून की जानकारी हर व्यक्ति के लिए आवश्यक

काशीपुर : भारतीय न्याय संहिता (बी-एन-एस) की जानकारी केवल वकील, मजिस्ट्रेट, जजों व पुलिस कर्मियों के लिये ही आवश्यक नहीं हैं बल्कि अपराध नियंत्रण तथा न्याय पाने व दिलाने के लिये इसकी जानकारी हर आम आदमी को होना जरूरी है। नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने अपनी 45 वीं पुस्तक 'बी-एन-एस- का परिचय' आम जनता के लिये जारी की है। जिसमें कानूनों के विषय में जानकारी दी गई है। एडवोकेट नदीम बताया कि बी-एन-एस- का परिचय' में 12 अध्याय तथा एक विशेष परिशिष्ट है। इस पुस्तक में जहां बी-एन-एस का परिचय तथा पूर्व लागू भारतीय दंड संहिता (आई-पी-सी) की सभी धाराओं की भारतीय न्याय संहिता (बी-एस-एन) की धाराओं के समान व संशोधित धाराओं की सूची शामिल की गयी है।

धान की जगह गन्ने की प्रजातियां बोने पर जोर

काशीपुर : गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र की ओर से बाजपुर के ग्राम गुमसानी में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक कृषक को नवीनतम तकनीक के आधार पर फसल तैयार की जानी चाहिए। भूमि की जांच कराकर पोषक तत्वों के बारे में जानकारी करना जरूरी है। गन्ना शोध परिषद के वैज्ञानिक ने बताया कि वर्तमान में 15023- 0118-14201 जैसी उन्नतशील प्रजातियां हैं, जिनको गन्ना कृषकों को प्रोत्साहित करना चाहिए। इस गोष्ठी में संजय कुमार मन्नालाल आदि मौजूद रहे।

डॉ. प्रसन्न कुमार अब उजाला सिग्नस में देंगे सेवाएं

सितारगंज : दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल के प्रसिद्ध जनरल सर्जन एवं गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. प्रसन्न कुमार अब सितारगंज के उजाला सिग्नस एसएच अस्पताल में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। डॉ. प्रसन्न कुमार अपने उत्कृष्ट चिकित्सा कौशल और गहन अनुभव के लिए जाने जाते हैं। सितारगंज के निवासियों को अब उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। यूनिट हेड अनिल रावत ने बताया कि अब सितारगंज के लोगों को पेट से संबंधित उपचार के लिए रुद्रपुर या हल्द्वानी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

ई-रिक्शा चालकों को वितरित किए परिचय पत्र

जसपुर के ई रिक्शा चालकों को परिचय पत्र वितरित करती पुलिस। ● अमृत विचार

जसपुर : पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों की बैठक लेकर उनके कागजों का सत्यापन किया और उनको परिचय पत्र वितरित किए। जसपुर पुलिस ने एक सप्ताह पहले नगर के ई-रिक्शा चालकों को अपनी रिक्शाओं के कागजों का सत्यापन कराने तथा रिक्शा में दाहिनी तरफ जाली लगाए जाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों के कागजों का सत्यापन किया। जिन चालकों द्वारा अपनी ई-रिक्शा में दाहिनी तरफ जाली नहीं लगाई गई, उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए 12 ई-रिक्शा चालकों के एमवी एक्ट के अन्तर्गत चालान किए गए।

एसएसबी ने ग्रामीणों के साथ की गोष्ठी

खेलड़िया गांव में ग्रामीणों के साथ गोष्ठी करते एसएसबी के अधिकारी।

खटीमा : 57वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल सितारगंज के कमांडेंट मनोहर लाल के निर्देश पर भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी नारायण नगर के प्रभारी निरीक्षक अमरेश कुमार के नेतृत्व में ग्राम खेलड़िया के ग्रामीणों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने गोष्ठी में सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और सुझाव मांगे। इस अवसर पर एसएसबी नारायण नगर के प्रभारी निरीक्षक अमरेश कुमार, उप निरीक्षक शेर सिंह, अमित कुमार, ग्राम प्रधान राजेश यादव, उप प्रधान गोरख नाथ, गोपाल सिंह बोरा, नरवीर सिंह चौहान, चंद्रशेखर राय, चंदन सिंह अन्ना, उमा जोशी, कला कुसुम देवी, कमला देवी आदि मौजूद थे।

स्वच्छ जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता पर जोर

सिटी कान्वेंट स्कूल में आयोजित कार्यशाला में संबोधित करते एनसीसी अधिकारी।

खटीमा : 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी की सब यूनिट सिटी कॉन्वेंट स्कूल एनसीसी इकाई द्वारा "स्टॉप बैगिंग द प्लेनेट गो बायो ग्रीन" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बच्चों को बताया गया कि आज समय आ गया है कि पर्यावरण की रक्षा करने के लिए स्वच्छ जीवन शैली अपनाने की दिशा में कदम उठाया जाए। कार्यक्रम का संचालन एएनओ लेफ्टिनेंट प्रकाश सिंह बिष्ट ने किया। इस अवसर पर थर्ड ऑफिसर नीता, पीआई स्टाफ सतीश नाथ गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

शहीद जवानों की याद में आंखें हुईं नम

गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति, जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर व जनप्रतिनिधि झंडा तिराहे पर एकत्र हुए। यहां से कैंडल मार्च निकालकर मुख्य बाजार होते हुए रामलीला मैदान चक्कीमोड़ पर पहुंचे। इस दौरान भारत माता की जय, वीर जवान अमर रहे व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। तत्पश्चात शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर शहीद अमर जवानों को श्रद्धांजलि दी।

शुक्रवार शाम झंडा चौराहा चक्कीमोड़ पर गौरव सेनानी वीर नारी उत्थान समिति गदरपुर अध्यक्ष कै. धनसिंह कोरंगा के नेतृत्व में पूर्व सैनिक व जनप्रतिनिधि एकत्र हुए। पूर्व सैनिकों ने भारतीय सेना की 22 गढ़वाल राइफल के अमर जवान नायक सूबेदार आनंद सिंह रावत, हवलदार कमल सिंह, नायक विनोद सिंह, राइफल मैन अनुज नेगी व आदर्श नेगी की याद में मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान लोगों ने भारत माता की जय, वीर जवान अमर रहे के नारे लगाए। इस मौके पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर व जिलाध्यक्ष नंदन सिंह कोश्यारी, सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू व दुर्गा सिंह राणा, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह कोरंगा, सूबेदार भगवत सिंह पांगती, पूर्व कैप्टन केएल स्वर्णकार, देव सिंह धर्मशक्तू, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, प्रयाग दत्त कांडपाल, राजेंद्र सिंह रावत, कैलाश पाठक, राजेंद्र सिंह रावत, दान सिंह बड़ती, राजेंद्र सिंह पानू, महेश वुधौरी, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू, महेंद्र सिंह पपोला, गुलशन दाहूजा, संजय भंडारी, गोविंद गड़िया, दरवान सिंह कोरंगा, कुंवर सिंह कोश्यारी, मोहित सिंह चौहान, वीरेंद्र सिंह पवार, जगदीश चंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

कठुआ आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक व जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

सीए बनने पर शुभम को मिठाई खिलाकर खुशी जताते माता-पिता।

शुभम और मयंक ने उत्तीर्ण की सीए की परीक्षा

संवाददाता, गदरपुर /किच्छा

अमृत विचार : शुभम अनेजा ने सीए की परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गदरपुर निवासी वार्ड नंबर 2 निवासी सतीश अनेजा के पुत्र शुभम अनेजा ने दिल्ली में सीए की शिक्षा ग्रहण करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की। अनेजा ने इंटर की शिक्षा जेसीस पब्लिक स्कूल से ग्रहण की थी। शुभम की बड़ी बहन सुरभि अनेजा और जीजा दीपक खंडवाल प्रोफेसर हैं। छोटी बहन संजना अनेजा और जीजा रजत नागपाल चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। शुभम ने अपनी सफलता का श्रेय पिता सतीश अनेजा एवं माता कंचन अनेजा व गुरुजनों को दिया है।

मयंक शर्मा।

किच्छा में आवास विकास निवासी व्यापारी सुभाष शर्मा के पुत्र मयंक शर्मा ने सीए बनकर परिवार का नाम रोशन किया है। मयंक शर्मा के पिता एवं आवास विकास में मयंक प्रोविजन के स्वामी सुभाष शर्मा, माता अरुणा शर्मा एवं छोटा भाई सुजल शर्मा इस उपलब्धि के बाद काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

जसपुर में मेधावी छात्राओं को सम्मानित करती इनर व्हील क्लब की सदस्य।

मेधावियों को उपहार देकर सम्मानित किया

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : इनरव्हील क्लब की सदस्यों ने अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की मेधावियों को ट्रॉफी एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

शुक्रवार को इनरव्हील क्लब की ओर से जसपुर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें क्लब की सदस्यों ने सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में 91.2 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा रिशिका रानी व 90 प्रतिशत लाने वाली छात्रा प्रिया रानी को सम्मानित किया। इसी तरह इंटरमीडिएट की छात्रा निशु रानी को गृह विज्ञान की परीक्षा में सौ फीसदी अंक लाने तथा हाईस्कूल की परीक्षा में 82.04 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा अदीबा नाज को सम्मानित किया। इसके अलावा जिले में अव्वल परीक्षा परिणाम देने पर प्रधानाचार्या को भी सम्मानित किया। इस मौके पर इनरव्हील क्लब की अध्यक्षा बबीता अग्रवाल, पूनम झा, सुरभि अग्रवाल, मनीषा बंसल, प्राची अग्रवाल, सीमा गर्ग मौजूद रहीं।

विभागाधिकारी बचाव कार्य को गंभीरता से लें

संवाददाता, खटीमा

निर्देश

▸▸ विधायक कापड़ी ने ली विभागाधिकारियों की बैठक

अमृत विचार : विगत दिनों दैवीय आपदा से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में हुए नुकसान को लेकर विधायक भुवन कापड़ी ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इसमें विद्युत, वन, पीडब्ल्यूडी, खाद्य आपूर्ति, पशुपालन सहित तमाम विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

ब्लॉक सभागार में उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधायक कापड़ी ने सभी विभागाधिकारियों से उनके क्षेत्र के दैवीय आपदा के कार्यों को तेजी से दुरुस्त कर आम जनता को सुविधाएं मुहैया कराने को कहा। बैठक में पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह धामी ने एक हजार से अधिक परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित करना बताया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग की 40 स्थानों पर सड़कों के बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आई। एसडीएम बिष्ट ने बताया कि अब तक 13 सौ बाढ़ पीड़ितों को पांच हजार के हिसाब से 65 हजार की अहेतुक राशि के चेक वितरित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर तहसीलदार हिमांशु जोशी, उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा, अंबिका यादव आदि मौजूद रहे।

विधायक कापड़ी ने वार्ड नं 13 खटीमा, प्रतापपुर, नौसर, रघुलिया, बनगवां, जादोपुर में बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने लोगों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

खटीमा में विभागाधिकारियों की बैठक लेते विधायक भुवन कापड़ी। ● अमृत विचार

पूर्व विधायक ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण

खटीमा। नानकमता के पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने भाजपा झनकट मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट, किशोर जोशी, भुवन जोशी आदि के साथ बाढ़ प्रभावित ऊंची महुवट, सतना, चांदा के लोगों से मिलकर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से वार्ता कर यथाशीघ्र राहत पहुंचाने को कहा। इधर भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने आवास विकास, बंगाली कॉलोनी, खेतलसंडा, ऊंची महुवट, लोहिया हेड रोड, डिग्री कॉलेज रोड आदि बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर नगर महामंत्री मनोज वाधवा, विमलेश मौर्य विनीत राणा, राहुल सक्सेना, मेहताब राजा, लक्ष्मण प्रजापति, पदम सक्सेना आदि मौजूद थे।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण करते नानकमता के पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में श्रमिकों का गर्मी से बुरा हाल

आयोजन

▸▸ कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : श्रम विभाग ने श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए कार्यालय में एक शिविर का आयोजन किया। इसमें ब्लड सैंपल देने वालों की एक लाइन लगाई गई। लाइन में लगे श्रमिकों का गर्मी से बुरा हाल हो गया।

भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत श्रम विभाग की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को कंबल, छाता, सेनेटरी नैपकिन आदि वितरित किया जा रहा है। इसमें पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विभाग ने एक शिविर का आयोजन किया है। शिविर की लाइन में कुछ श्रमिक तो अपने घरों से लाए हाथ के पंखों से हवा करते दिखाए दिए, कुछ श्रमिक पसीना पोछते नजर आए।

स्वास्थ्य शिविर की लाइन में लगे श्रमिक। ● अमृत विचार

आपदा पीड़ितों को दो दिन में 2.15 करोड़ रुपये बांटे

खटीमा : जिलाधिकारी उदय राज सिंह के निर्देशों पर यहां पहुंचे अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को दी जाने वाली राहत राशि वितरण की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि दो दिनों में 4300 परिवारों को दो करोड़ 15 रुपए बांटे चुके हैं। एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट के साथ समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को 1300 और 12 जुलाई को 3000 परिवारों कुल 4300 परिवारों को प्रति परिवार को 5 हजार रुपये की राहत राशि का वितरण हो चुका है। उन्होंने कहा कि तीन मृतकों के परिवार को प्रति परिवार को चार लाख रुपये के हिसाब से 12 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। जोशी ने बताया कि 11 जुलाई को एक करोड़ 70 लाख और शुक्रवार को दो करोड़ प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि यहां आपदा प्रभावित परिवारों को राहत राशि वितरण के लिए 10 टीमें बनाई गई है। जिसमें से पांच टीमें शहरी एवं पांच टीमें ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं।

गोलीकांड के शूटर ने यूपी कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अधिवक्ता गोलीकांड के एक शूटर की रामपुर यूपी न्यायालय में आत्मसमर्पण की चर्चा आखिरकार सही साबित हुई। प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद कोतवाली पुलिस ने यूपी कोर्ट में आवेदन देकर रिमांड पर लेने की तैयारी कर ली है। वहीं फरार चल रहे दूसरे शूटर की तलाश तेज कर दी है।

27 जून की दोपहर को गदरपुर निवासी अधिवक्ता प्रशांत सिंह पर बाइक सवार दो बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दी थीं। इस दौरान दो गोलियां अधिवक्ता के पैर में लगी थीं। अभी पुलिस तफ्तीश ही कर रही थी कि फेसबुक पर यूके में बैठे सहज विर्क नाम के युवक ने गोलीकांड की जिम्मेदारी लेते हुए कई लोगों से जल्द मुलाकात करने की धमकी भरा मैसेज पोस्ट किया था। 29 जून को अधिवक्ता के दोस्त बगवाड़ा चौकी इलाके के महफूज नाम के युवक के व्हाट्सएप पर 15 लाख रुपये की फिरौती मांगने का भी मैसेज डाला था। जब पुलिस ने रेकी करने वाले तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की तो मामला अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर गिरोह से जुड़ने लगा। इसी बीच शनिवार को चर्चा हुई है कि अधिवक्ता पर गोली चलाने वाले शूटर सुलेमान ने रामपुर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। कोतवाली पुलिस ने शूटर को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में आवेदन कर दिया है।

कोलंबस स्कूल में दूरदर्शन की पूर्व एंकर ने दिए टिप्स

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: कोलंबस पब्लिक स्कूल में संचार का कौशल पर आधारित एक सेमिनार का आयोजन हुआ। इसमें दूरदर्शन चैनल की पूर्व एंकर अपर्णा भट्ट ने विद्यार्थियों को कौशल संवर्धन के बारे में जानकारी दी। सेमिनार में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

वहीं प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने मुख्य वक्ता का बुके देकर स्वागत किया। मुख्य वक्ता अपर्णा भट्ट ने अंग्रेजी गद्य एवं काव्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संचार कौशल से संबंधित विविध तथ्यों की महत्वपूर्ण जानकारी होना जरूरी है। स्कूली शिक्षा के लिए कल्पनाशीलता एवं रचनात्मकता अत्यधिक महत्व रखती है।

जीवन में आने वाले चुनौतीपूर्ण समय में कौशल संवर्धन का होना बेहद जरूरी है। इस मौके पर संस्थान के निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने मुख्य वक्ता का आभार जताया।

सेमिनार में जानकारी देती मुख्य वक्ता अपर्णा भट्ट।

मछली व मुर्गी पालन से आय बढ़ाने का आह्वान

काशीपुर : काशीपुर कृषि विज्ञान केंद्र में गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर की ओर से कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कृषि अधि कारियों ने मछली, मुर्गी व गाय पालन व सह-फसली खेती करके आय बढ़ाने की अपील की। शुक्रवार को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सपना है कि हर एक किसान की आय दो गुनी हो। इसके लिए गोष्ठी के माध्यम से किसानों को आय बढ़ाने के लिए तौर तरीके बताए जा रहे हैं। इस अवसर पर पंत नगर विवि गृह विज्ञान की प्राध्यापक डॉ. अनुराधा, सहायक प्राध्यापक स्नेहा दोहरे, अनिल कुमार, विनोद कुमार गौड़, वैभव बमौरिया, एफपीओ अध्यक्ष बलकार सिंह, सिद्धार्थ कश्यप, प्रतिभा सिंह, अनिल चंद्रा आदि मौजूद रहे।

खेतों में कूड़ा आने से आक्रोश

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: विभिन्न गांवों के दर्जनों किसानों ने बीते दिनों आई बाढ़ में नगर पालिका का कूड़ा बहकर खेतों में पहुंचने पर उपजिलाधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।

पहेनियां के ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के पास नगर पालिका द्वारा एकत्रित किया गया कूड़ा तथा अस्पतालों के अवशेष किसानों के खेतों में फैलने से फसल बर्बाद हो गई है। ग्रामीणों ने नगरपालिका द्वारा कूड़ा डालने के विरोध में एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि खेतों में फैले कूड़े कचरे में अधिकांश मात्रा में अस्पतालों के अवशेष सिरिंज व कांच की बोतलें आदि भी हैं जिससे खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि नगर पालिका को कूड़ा डालने से नहीं रोका गया तो वह जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि बाढ़ के कारण नगर पालिका का कूड़ा किसानों के खेतों में फैला है, कूड़ा किसानों के खेतों में न फैले इसके लिए व्यवस्था की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में गुरप्रीत सिंह, भुवन सिंह राणा, वीर सिंह, लवली राणा क्षेत्र पंचायत सदस्य, सुभाष राणा, रेखा राणा, गीता राणा, विमला राना, मनोज राना, प्रियंका राना आदि मौजूद थे।

खटीमा में एसडीएम बिष्ट को ज्ञापन सौंपते पहेनियां के ग्रामीण। ● अमृत विचार

एक नजर

पोस्टर, बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया

अल्मोड़ा : जिलेभर में पुलिस का जागरूकता अभियान जारी है। देघाट पुलिस ने क्षेत्र में पोस्टर, बैनर के माध्यम से लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। इस दौरान टीम ने बताया कि वर्तमान में साइबर ठगी की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे बचाव के लिए फोन कॉल पर किसी भी व्यक्ति को अपने बैंक खाता, एटीएम कार्ड, ओटीपी आदि की जानकारी नही देने की सलाह दी। साथ ही अंजान लिंक व क्यूआर कोड को स्कैन नहीं करने को कहा।

ग्रामीण क्षेत्रों में इंडेन गैस की आपूर्ति होगी सुचारू

अल्मोड़ा : उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने इंडेन गैस सर्विस अल्मोड़ा के मैनेजर से वार्ता कर नगर, खासपर्जा व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। कहा कि लोगों को केवाईसी अपडेट व अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधक ने बताया कि जहां गैस की आपूर्ति नहीं हो पाई है उन स्थानों पर तत्काल प्रभाव से गैस की आपूर्ति सुचारु की जाएगी।

अनियंत्रित होकर बहला नदी में गिरा डंपर

काशीपुर : काशीपुर की बाजपुर रोड स्थित बहला नदी में अचानक एक डंपर अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा। लोगों ने चालक को बमुश्किल डंपर से सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। काशीपुर निवासी डंपर मालिक शेरखान के मुताबिक उनका चालक बाजपुर के कनौरा निवासी युवराज पाल देर रात काशीपुर से कुंडेश्वरी स्थित स्टोन क्रशर जा रहा था। तभी आईटीआई थाना क्षेत्र में बाजपुर रोड पर ग्राम हिम्मतपुर के समीप बहला नदी पुल से थोड़ा पहले सामने से ओवरटेक कर आ रहे कैंटर को बचाने के प्रयास में नदी में गिर गया।

देहरादून के अमित प्रथम, रुद्रपुर के श्रेयांश द्वितीय, भव्य रहे तृतीय

18 वीं उत्तराखंड स्टेट ओपन शतरंज प्रतियोगिता का समापन, विजेताओं को दिए पुरस्कार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: देवभूमि चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 18वीं उत्तराखंड स्टेट ओपन शतरंज चैंपियनशिप का समापन हो गया। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

विधायक तिलक राज बेहड़ एवं कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू ने विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता में देहरादून के अमित ढौंडियाल ने प्रथम, रुद्रपुर के श्रेयांश साहू ने द्वितीय एवं रुद्रपुर के भव्य अरोड़ा ने तृतीय तथा काशीपुर के शुभ सिंह सैनी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। देवभूमि चेस एसोसिएशन के महासचिव संजीव चौधरी ने बताया कि विजयी होने वाले चारों खिलाड़ी भविष्य में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो कि कुछ समय बाद हरियाणा राज्य में आयोजित होगी। विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी के अलावा प्रथम विजेता को 4 हजार रुपये, द्वितीय को 35 सौ, तृतीय को 25 सौ एवं चतुर्थ विजेता को एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी भेंट की गई। इस मौके पर देवभूमि चेस एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष डॉ. सीमा सिंह के आर्बिटर मृत्युंजय सिंह, पवन सिंह, मोहम्मद फैज, आर्यन सिंह, राजीव जग्गी, अशोक मित्रा, राजीव चौधरी, नितिन शर्मा, साहिल सिंह, अवि सिंह, गुरप्रीत सिंह, धर्मेंद्र सिंधी, दलजीत सिंह, दानिश मलिक, दीप हंसपाल आदि मौजूद रहे।

किच्छा में विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

दुग्ध समिति सचिवों ने प्रधान प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

खटीमा: दुग्ध समिति सचिव वेलफेयर सोसायटी ने दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के प्रधान प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर समिति सचिवों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने की मांग की है।

सोसायटी के प्रदेश महामंत्री राम सिंह धामी के नेतृत्व में दुग्ध प्रधान प्रबंधक को सौंपे ज्ञापन में दुग्ध समिति सचिवों ने कहा है कि आठ जुलाई को आपदा के समय सुबह की पाली में कई समितियों में दुग्ध संग्रह किया गया लेकिन दुग्ध वाहन नहीं चले। जिससे दूध समितियों में ही खराब हो गया। उन्होंने खरीदे गए दूध का भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने दो माह के रुके हुए भुगतान को शीघ्र कराने और दुग्ध समितियों में आकस्मिक पशु चिकित्सा के लिए डॉक्टर उपलब्ध कराने जैसी कई समस्याएं रखी हैं। ज्ञापन देने वालों में दीवान सिंह अन्ना, घनश्याम कापड़ी, कुंडल सिंह खनका, गणेश सिंह धामी, नरेंद्र सिंह, भैरव सिंह अधिकारी, नागेंद्र सिंह, नंदन सिंह भंडारी आदि मौजूद थे।

स्कूल बसों के खिलाफ चलाया गया अभियान

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: परिवहन विभाग ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने और स्कूलों की गाइडलाइन का पालन नहीं करने वाले स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभिन्न स्कूलों की बसों में गाइडलाइन का पालन न होने पर परिवहन विभाग की टीम ने 22 वाहनों का चालान काटा है। जबकि छह वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की है।

एआरटीओ विमल पांडेय के नेतृत्व में शुक्रवार को परिवहन विभाग की टीम ने काशीपुर के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल बसों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान टीम ने विभाग की ओर से जारी गाइडलाइनों का पालन होने, न होने और यातायात नियमों को लेकर जांच की। अभियान के दौरान बसों, वैन, मिनी बस आदि स्कूल वाहनों में भारी अनियमितताएं पायी गईं। इस पर परिवहन विभाग की टीम ने वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालानी और सीज करने की कार्रवाई की। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के पांच वाहनों में फर्स्ट ऐड बॉक्स नहीं पाया गया, जबकि ग्यारह वाहनों में अग्निशमन यंत्र नहीं लगे हुए थे। तीन वाहन में चालकों ने सीट बेल्ट नहीं पहनी थीं। चार वाहनों में चालकों ने वर्दी नहीं पहनी थी। अन्य वाहनों में यातायात नियमों और स्कूल बसों की गाइडलाइन का प्रयोग नहीं किया गया। जिसके चलते 22 वाहनों का चालान किया गया। इसमें बसें, स्कूल वैन, ई-रिक्शा आदि का चालान किया गया। साथ ही छह वाहनों को सीज किया गया। एआरटीओ विमल पांडेय ने कहा कि स्कूलों को जारी गाइडलाइनों का पालन न करने वाले वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगा।

सख्ती

▸▸ नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों पर शुरू की कार्रवाई

राउमावि महेशपुरा में नई यूनिफार्म के साथ विद्यार्थी। ● अमृत विचार

150 विद्यार्थियों को यूनिफार्म वितरित की

बाजपुर : राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महेशपुरा में शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान लगभग 150 विद्यार्थियों को यूनिफार्म वितरित की गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य एसएन सिंह, विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष जमील अहमद, पीटीए अध्यक्ष बाबूराम चंद्रा, शिक्षक राधेश्याम, हरिओम सिंह, पंकज वर्मा, अर्चना चौहान, संगीता रानी व लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच पर मुकदमा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: आईटीआई थाना पुलिस ने अंबा विहार निवासी महिला की तहरीर पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

अंबा विहार कॉलोनी निवासी प्रीति पुत्री राजेंद्र सिंह ने आईटीआई थाना पुलिस में तहरीर सौंपी। तहरीर में बताया कि उसका विवाह 11 जून 2023 को सुभाषनगर निवासी हेमंत कुमार के साथ हुआ था। विवाह में परिजनों ने दान-दहेज व पांच लाख रुपये दिए थे। शादी के दो दिन बाद पति, ससुर सतीश कुमार, सास ओमवती, ननद कविता देवी व अमिता देवी ने पांच लाख रुपये दहेज में और लाने को लेकर उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। मायके वालों को बताने पर ससुरालियों को खाने पर बुलाने के दौरान उन्होंने फिर दहेज की मांग की। 2 जुलाई 2023 को पति अपनी प्राइवेट नौकरी पर नाइजीरिया चला गया। उसके बाद दोनों नंद और ननदोई वीरेंद्र कुमार व शिखर कुमार बच्चों के साथ 13 जुलाई को नाइजीरिया चले गए। इस दौरान सास-ससुर द्वारा उत्पीड़न करने पर वह अपने मायके आकर रहने लगी। इसी बीच पासपोर्ट बनने के बाद 23 जुलाई को वह भी नाइजीरिया चली गई। वहां पहुंचने पर भी पति का उत्पीड़न कम नहीं हुआ। जिसके बाद उसके पति ने पीड़िता को वापस ससुराल भेज दिया। आरोप लगाया कि पति व नंदों ने 21 अक्तूबर को मारपीट कर उसका ढाई माह का गर्भ गिरा दिया। आरोप लगाया 28 अक्तूबर को दोनों ननदोई ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पति, ससुर, सास व ननदोई के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बाजपुर के ग्राम धनसारा में शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करतीं डॉ .शिखा सम्मल।

संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया

बाजपुर : होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं उत्तराखंड के निदेशक डा .जीएल फिरमाल व जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डा .महेश चंद्र जोशी के निर्देश पर शुक्रवार को ग्राम धनसारा में जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाजपुर की प्रभारी चिकित्साधिकारी डा .शिखा सम्मल ने डेंगू, चिकनगुनिया एवं अन्य संक्रामक रोगों के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया।

नदियों में कूड़ा डालने वालों को चिन्हित किया जाए: डीएम

अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में गंगा सुरक्षा समिति की बैठक लेते डीएम। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: जिला गंगा सुरक्षा समिति की शुक्रवार को कलक्ट्रेट में बैठक हुई। बैठक में डीएम ने पूर्व बैठक में दिए निर्देशों के क्रम में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जहां एसटीपी प्रस्तावित किए गए हैं, उनका सर्वे कराकर उनकी डीपीआर जल्द से जल्द तैयार की जाए।

बैठक में डीएम ने विनीत तोमर ने जनपद में गंदी नालियों के मैपिंग कार्य के लिए सर्वेक्षण के निर्देश जल निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इसमें बजट की आवश्यकता हो तो बजट की मांग जिला गंगा सुरक्षा समिति के अंतर्गत की जाए। उन्होंने जिला परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए कि नदी किनारे ग्राम पंचायत के अंतर्गत कितनी बसावट है, इसकी सूचना उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने जो गांव नदी किनारे बसे हुए हैं, उनमें यह सुनिश्चित हो कि ग्रामीण नदियों में कूड़ा न डालें। उन्होंने कहा कि इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। यहां बैठक में ग्रीन हिल्स सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. वसुधा पंत, प्रो. जेएस रावत, जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा सुरक्षा समिति रंजीता, सहायक परियोजना निदेशक तारा ह्यांकी, ईई जल निगम संजीव वर्मा, जल संस्थान अरुण कुमार सोनी आदि मौजूद रहे।

खिलाड़ी उन्नयन योजना की प्रतियोगिताओं की तिथियां तय

रानीखेत : मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिता को लेकर एक बैठक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी रोशन लाल टम्टा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 11 न्याय पंचायत के संयोजक, प्रधानाचार्य, ब्लॉक क्रीड़ा समन्वयक माध्यमिक, बेसिक, बीआरसी ने प्रतिभाग किया। ब्लॉक क्रीड़ा समन्वयक डॉ. शिवराज सिंह बिष्ट ने बताया 8 से 14 वर्ष वर्ष तक की आयु वर्ग में 8 से 9 वर्ष, 9 से 10 वर्ष 10 से 11 वर्ष, 11 से 12 वर्ष 12 से 13 वर्ष व 13 से 14 वर्ष तक के आयु वर्ग के बालक और बालिकाएं बैटरी टेस्ट में प्रतिभाग करेंगे। ताड़ीखेत ब्लॉक के अंतर्गत 11 न्याय पंचायतों में 12 से 15 जुलाई के बीच में प्रतियोगिता संपन्न होगी। न्याय पंचायत से चयनित प्रतिभागी ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिता में 19 और 20 जुलाई को श्रद्धानंद खेल मैदान ताड़ीखेत में प्रतिभाग करेंगे। नगर पालिका स्तर की प्रतियोगिताएं 22 और 23 जुलाई को पीजी कॉलेज चिलियानौला होंगी। उसके उपरांत चयनित प्रतिभागी 25 से 27 जुलाई को अल्मोड़ा में जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बैठक में रोजी नायर, एसएस चिलवाल, बीसी बिनवाल, राम सिंह जनी, देवेंद्र सिंह नेगी, कमल किशोर सिंह, रमेश चंद्र पपनै, कुंवर पपनै, राहुल त्यागी, रमेश राम, दीपक सिंह, जगदीश प्रसाद, ललित मोहन मौजूद रहे।

26 को धूमधाम से मनाया जाएगा शौर्य दिवस

टनकपुर : 26 जुलाई को शौर्य दिवस जनपद चम्पावत में इस बार धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है इसकी तैयारी को लेकर चम्पावत में जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि कारगिल दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपद में शौर्य दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को शौर्य दिवस के आयोजन के संबंध में समय से सभी तैयारियां पूर्ण करने की निर्देश दिए हैं। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (सेवानिवृत्त) उमेद सिंह ने बताया कि शौर्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन शहीद स्मारक जिला सैनिक कल्याण प्रांगण में किया जाएगा। जिसमें शहीदों को श्रद्धांजलि एवं माल्यार्पण किया जाएगा। साथ ही पुलिस टुकड़ी द्वारा गॉड ऑफ ऑनर देने के अतिरिक्त स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक व उनके आश्रितों और परिजनों के साथ ही कारगिल योद्धा सैनिक नायक दान सिंह मेहता को सम्मानित किया जाएगा। डीएम ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को शौर्य दिवस पर प्रभात फेरी निकालने, निबंध, पेंटिंग प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष कारगिल दिवस पर प्रात: बैंड धुन के साथ मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी दिनेश दिगारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

डीएम को देवीधार महोत्सव में शामिल होने का दिया न्योता

टनकपुर/चम्पावत : 17 जुलाई से शुरू होने वाले पांच दिवसीय देवीधार महोत्सव की तैयारियों को आयोजकों ने अंतिम रूप दे दिया है। इस सिलसिले में एक शिष्टमंडल ने डीएम नवनीत पांडेय से मुलाकात कर उन्हें महोत्सव में शामिल होने का न्योता दिया। साथ ही महोत्सव के आयोजन में विभागीय सहयोग दिलाने की मांग की। देवीधार महोत्सव समिति के अध्यक्ष जीवन मेहता के नेतृत्व में संरक्षक प्रह्लाद सिंह मेहता, महासचिव प्रकाश चंद्र राय, शिवराज सिंह बिष्ट, भैरव दत्त राय, लोकेश पांडेय, जीवन राम, बसन्त बिष्ट, लोक सिंह आदि डीएम से मिले और महोत्सव से संबंधित जानकारी दी। बताया कि महोत्सव 17 से 21 जुलाई तक होगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएं, पौधरोपण, शैक्षिक कार्यक्रम, जागरूकता कार्यक्रम आदि होंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव का आयोजन प्राचीन देवी मेले को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने तथा पुरातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवद्र्धन के उददेश्य से किया जाता है। इस प्राचीन मेले को ग्राम सभा कलीगांव, डेंसली, रायनगर चौड़ी, भुमलाई, कोयाटी, कनेड़ी, गंगनौला, खतेड़ा, गोरखा नगर एवं लोहाघाट क्षेत्र के लोगों द्वारा भव्य शोभा यात्रा के साथ मनाया जाता है। शिष्टमंडल ने डीएम से बिजली, पानी, सड़क आदि की व्यवस्थाएं चाक चौबंद करवाने की भी मांग की।

वर्ग पहेली-129

बाएं से दाएं

1.1. कुटिल व चालाक, काइयां, स्वार्थी 2. जिसके मन की बात को जानना बहुत कठिन है 3. खेतीबारी तथा गांव संबंधी कहावतों के लिए भोजपुरी बोली के एक प्रसिद्ध कवि तथा लोकमर्मज्ञ 4. जादूगर, बाज़ीगर 5. अनुभवी और नीतिज्ञ विद्वान।

3.1. विशेष घर जो मिट्टी

4.1. पछताने की क्रिया या भाव 2. पश्चाताप, अफ़सोस 3. अनुचित कार्य करने के बाद होने वाली आत्मग्लानि।

7.1. राजनीति करने वाला, राजनेता 2. अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए दूसरे को बेवकूफ़ बनाने वाला व्यक्ति।

ऊपर से नीचे

2. मज़ेदार, मिर्च-मसालेदार, चरपरा।

3.1. वह जो बलवा करे, विद्रोही, बागी 2. वह जो अशांति फैलाए।

5.1. आबाद, बसा हुआ 2. भरा-पूरा 3. संपन्न, समृद्ध।

6.1. धर्मानुसार देवता को अर्पित की जाने वाली वस्तु 2. चंदन आदि के लेप से बनाई हुई रेखा, लकीर 3. श्रेणी, पंक्ति 4. सिकुड़न के कारण शरीर पर पड़ी हुई लकीर, झुर्री 5. पेट के दोनों ओर पेटी के सिकुड़ने से पड़ी हुई रेखा, बल 6. (पुराण) एक दैत्य जो प्रह्लाद का पौत्र था और जिसे विष्णु ने वामन अवतार लेकर छला था 7. प्राचीन भारत में एक राजकीय कर 8. बवासीर का मस्सा 9. छप्पर का वह किनारा जहां से बरसात का पानी नीचे गिरता है, छाजन की ओलती 10. पीले रंग का खनिज पदार्थ, गंधक 11. एक प्रकार का वाद्य यंत्र।



वर्ग पहेली -128 का हल

	1 वि					
	2 दे	खा	3 दे	खी		
4 का	शी		व			5 मू
			गृ			दा
	6 मु	7 शा	ह	रा		
		लि				
8 जी	ला	नी			9 ट	च

सुडोकू-42

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2				7		
8		3	5		6			4
		1	7			6		3
	3			8	9			1
			2		4			
9			3	5			7	
6		4			5	8		
7			1		8	9		6
		9				5		

सुडोकू -41 का हल

7	1	5	8	4	6	3	9	2
9	4	3	2	5	1	7	8	6
6	2	8	9	7	3	5	4	1
1	8	2	6	3	9	4	5	7
4	3	9	7	2	5	6	1	8
5	6	7	1	8	4	9	2	3
2	9	4	3	6	8	1	7	5
8	5	6	4	1	7	2	3	9
3	7	1	5	9	2	8	6	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 15 .05 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त 19 .15 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज आपका कोई विरोधी समस्या दे सकता है। घर पर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। बढ़ते खर्च को लेकर आप परेशान रहेंगे। नौकरी में उच्च अधिकारियों के कोप का शिकार हो सकते हैं।

वृष — आज बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत लोगों को पदोन्नति मिलेगी। आपको मनचाहा कार्य करने को मिल सकता है। उद्योग धंधे की योजना अमल में आएगी। यदि आपका कोई वाद विवाद लंबे समय से चला रहा था तो उससे आपको छुटकारा मिलेगा।

मिथुन — आज व्यापार में कठिन परिश्रम के अनुपात में कम लाभ होने से मन खिन्न रहेगा। नौकरी में आपको झूठा आरोप लगने पर महत्वपूर्ण पद से हटाया जा सकता है। नए कार्य को शुरू करने से पहले उसके लाभ हानि का विचार अवश्य करें।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में ज्यादा जोखिम लेने से बचें। व्यापार में कोई ऐसी घटना घट सकती है,जिससे भविष्य में बड़ा लाभ होगा। कोई नवीन दायित्व मिल सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्य कर रहे लोगों को विदेश यात्रा करने का अवसर प्राप्त होगा।

सिंह — आज व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। नवीन व्यापार अथवा उद्योग धंधे की शुरुआत करने के योग बनेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की अभिलाषा पूरी होने के योग हैं। शारीरिक समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे।

कन्या — आज आपको व्यवसाय मे फंसा हुआ धन मिलने के पूरी संभावना है। कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मुलाकात करने आ सकता है। राजनीति में आपको उच्च पद मिल सकता है। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

तुला — आज व्यापार में नए अनुबंध होंगे। राजनीति में विरोधियों को पीछे कर आप महत्वपूर्ण पद अथवा जिम्मेदारी प्राप्त करेंगे। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा घातक सिद्ध हो सकता है।

वृश्चिक — आज दिन की शुरुआत व्यर्थ की भागदौड़ के साथ होगी। कोई अप्रिय समाचार मिल सकता है। किसी महत्वपूर्ण कार्य में बनते-बनते बाधा आ जाएगी। कार्यक्षेत्र में आप अपने चरित्र को पवित्र बनाए रखें, अन्यथा आप किसी बड़ी मुसीबत में फस सकते हैं।

धनु — आज उद्योग धंधे में किसी सरकारी मदद से लाभ होगा। बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा। कला, अभिनय की दुनिया में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सामाजिक कार्य में काम सोच-विचार कर करें। विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखे।

मकर — आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में आप यदि कोई धन संबंधित मदद मांगेंगे तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। व्यर्थ की चिंता की स्थिति बनी रहेगी। विवेकपूर्ण निर्णय जीवन में बदलाव ला सकता है।

कुंभ — आज व्यापार में कोई विश्वासपात्र व्यक्ति धोखा दे सकता है। किसी प्रियजन से दूर जाना पड़ सकता है। अनचाही यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति के क्षेत्र में अत्यधिक व्यस्तता बनी रहेगी। यात्रा में वाहन कुछ तनाव दे सकता है।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में नए मित्र बनेंगे। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। खेल, कूद ,प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार में प्रयोग उन्नति कारक सिद्ध होंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- भीष्म — सुबह : 10 .45
- खून भरी मांग — रात : 07 .00

&pictures
- मि . एंड मिसेज खिलाड़ी — सुबह : 11 .23
- रमैया वस्तावैया — रात : 07 .30

SONY PIX
- सैन एंड्रियास — सुबह : 11 .25
- जस्टिस लीग — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- वलाटी — सुबह : 10 .56
- स्कंदा — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
- हम आपके हैं कौन — सुबह : 10 .15
- सत्यम शिवम सुंदरम — शाम : 06 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बच्चा- नल से आते पानी को देखकर बोला,पापा ये पानी कहां से आता है?
पापा- बेटा नदी से...
बेटा-तो फिर मुझे नदी देखनी है।
पापा उसे नदी दिखाने ले जाते हैं।
बच्चा उन्हें नदी में धक्का मारकर गिरा देता है और भागता हुआ घर आकर मां को कहता है।
मम्मी जल्दी से नल खोलो ,पापा आते होंगे...

अध्यापक- रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों,जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो,चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन- सर ! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।

एक नजर

नेपाल ले जा रहे 1.87 लाख भारतीय रुपये जब्त

बनबसा : शारदा बैराज पुलिस ने भारत से नेपाल ले जाई जा रही 1.87 लाख रुपये की भारतीय करेंसी के साथ 7 लोगों को पकड़ा है। शारदा बैराज चौकी प्रभारी ललित पांडेय के नेतृत्व में पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान भारत से नेपाल जा रहे महेंद्र पाल निवासी खमरिया पीलीभीत उत्तर प्रदेश के पास से 30 हजार रुपये, वीरेंद्र कुमार निवासी जहानाबाद जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश से 35500 रुपये, श्याम रस्तोगी निवासी बमनपुरी बरेली से 32 हजार रुपए, ऋषभ गुप्ता निवासी जलालाबाद शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश से 18 हजार, कलीमुल्लाह निवासी इज्जत नगर बरेली उत्तर प्रदेश से 23500 रुपये, योगेश कुमार नवाबगंज बरेली उत्तर प्रदेश के पास से 24500, रिसाकत हुसैन निवासी सीबी गंज बरेली उत्तर प्रदेश के पास से 23500 की भारतीय धनराशि बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी वैध प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने उक्त धनराशि जब्त कर कस्टम विभाग को सौंप दिया।

मेले का मुख्य आकर्षण पाषाण युद्ध 19 अगस्त को होगा, मेले को सफल बनाने के लिए डीएम ने ली बैठक

देवीधुरा में 16 अगस्त से शुरू होगा रक्षाबंधन बग्वाल मेला

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

अमृत विचार: जनपद चम्पावत के लोहाघाट क्षेत्र से लगे मां बाराही धाम देवीधुरा में आयोजित होने वाले बग्वाल मेले की तैयारी को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। 16 अगस्त से 26 अगस्त तक कुल 11 दिनों तक चलने वाले आषाड़ी रक्षाबंधन बग्वाल मेले को भव्यता से मनाया जाएगा। मेले का मुख्य आकर्षण फल फूलों से खेले जाने वाला बग्वाल मेला (पाषाण युद्ध) 19 अगस्त को होगा।

बैठक में सुरक्षा, यातायात, पेयजल, बिजली व वाहन पार्किंग व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई। डीएम ने सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में नालियों की सफाई, झाड़ी कटान के लिए लोनिवि और एएमए जिला पंचायत को शीघ्र कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। मेले के दौरान सम्पूर्ण बाजार क्षेत्र में पूर्व में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने के साथ ही इन सीसीटीवी का कंट्रोल रूम पुलिस चौकी में स्थापित रहेगा। इसके अलावा एसडीआरएफ तथा जल पुलिस भी मेला क्षेत्र में तैनात रहेगी। क्षेत्र में मेला अवधि के दौरान अस्थाई पार्किंग व्यवस्था करने, मेला क्षेत्र में पानी की निकासी के पुख्ता इंतजाम करने, मार्गों को ठीक करने, पुलिस चौकी के निकट अस्थाई पार्किंग व्यवस्था करने, टैक्सियों के उचित किराए का निर्धारण कर वाहनों पर उसे चस्पा करने, 21 अगस्त को बहुद्देशीय शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए।

चम्पावत जिला कार्यालय सभागार में बैठक लेते डीएम नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

तय किया गया कि मेला अवधि के दौरान विभिन्न खेलकूद, सामान्य ज्ञान, साहसिक आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई जाएगी। स्वास्थ्य केंद्र देवीधुरा में अतिरिक्त चिकित्सकों, मेडिकल स्टाफ व पर्याप्त मात्रा में दवा, 108 एंबुलेंस की व्यवस्था के लिए सीएमओ को निर्देश दिए। डीएम ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि मेले के दौरान देवीधुरा क्षेत्र के अंतर्गत 18, 19, 20 अगस्त को विद्यालय बंद रहेंगे। बैठक में विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख पाटी सुमनलता, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, अध्यक्ष मंदिर कमेटी मोहन सिंह बिष्ट, एसपी अजय गणपति, एसडीएम रिंकू बिष्ट, सीओ वंदना वर्मा आदि रहे।

सार-संक्षेप

टनकपुर महाविद्यालय में धरने पर बैठे विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता।

टनकपुर कॉलेज में धरने पर बैठे एबीवीपी कार्यकर्ता

टनकपुर : राजकीय महाविद्यालय में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कार्यकर्ता सीटें बढ़ाए जाने, प्रो. एमएस चौहान को आरोपों की जांच होने तक महाविद्यालय संबंधी महत्वपूर्ण कार्य न सौंपने, छात्र-छात्राओं और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का उत्पीड़न रोकने, महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव आदि मांगें उठा रहे हैं। शुक्रवार को पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, एबीवीपी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रजत त्रिपाठी के नेतृत्व में मनीष बिष्ट, हर्षित शर्मा, सौरभ पांडेय, सुमित बोहरा, सनी यादव, खुशी चन्द, रोशनी, आकाश, विक्रम, तुषार अग्रवाल, भौमिक बोहरा, हिमानी, भावना, मुकुल, रागिनी समेत अन्य छात्र और एबीवीपी कार्यकर्ता धरने में बैठे।

बिना अनुमति वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं कर सकेंगे

अल्मोड़ा : एसएसजे विवि में छात्र अब बिना अधिकारियों की अनुमति के वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं कर सकेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि छात्र कई बार विवि और परिसर के अधिकारियों के वार्ता करते समय वीडियो रिकॉर्डिंग करते हैं, लेकिन अब छात्रों को वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति के वीडियो बनाना प्रतिबंधित होगा।

बच्चों के साथ लापता महिला दिल्ली में मिली

अल्मोड़ा : तीन बच्चों के साथ लापता हुई महिला को पुलिस ने दिल्ली से बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक कुछ दिन पूर्व राजस्व क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पत्नी और तीन बच्चों के कहीं चले जाने की शिकायत दी थी। जांच पुलिस को मिली तो महिला थाना प्रभारी मीना आर्या के नेतृत्व में गठित टीम ने महिला व बच्चों को दिल्ली से बरामद कर लिया। टीम में एएसआई तनुजा हयांकी, संदीप पांडे, सुदेश शामिल रही।

वरिष्ठता रद करने से भड़के वन विकास निगम कर्मचारी

टनकपुर और लोहाघाट में किया जोरदार प्रदर्शन, शासन पर लगाया कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात करने का आरोप

संवाददाता, टनकपुर/ लोहाघाट

अमृत विचार : उत्तराखंड वन विकास निगम के कर्मचारियों ने वरिष्ठता रद करने पर नाराजगी जताई है। टनकपुर और लोहाघाट में उन्होंने धरना प्रदर्शन कर शासन के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि सरकार ने अपना निर्णय वापस नहीं लिया तो कर्मचारी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

टनकपुर में वन विकास निगम कर्मचारियों ने कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। वहीं उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन के प्रभारी अध्यक्ष महेश चन्द्र जोशी के नेतृत्व में वन निगम के कर्मचारियों ने लोहाघाट में शासन के विरुद्ध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1991 में वन उपज रक्षक और स्केलर कर्मचारियों को वरिष्ठता दी गई थी। उन्हें वरिष्ठता का लाभ अब तक मिलता रहा है। लेकिन बीते जून माह में शासन ने पूर्व में दिए गए शासनादेश को निरस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले तो उन्हें वरिष्ठता दी, लेकिन अब वरिष्ठता समाप्त करने का औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांग को पूरा नहीं किया तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में सीएस बडेला, बसंत बल्लभ भट्ट, महासिंह चम्याल, एमएस बडेला, सीएस मेहता, जीएस अधिकारी, दीवान सिंह बोहरा, जगदीश चन्द्र उप्रेती, गंगा सिंह बोहरा, कैलाश सिंह महर, टीका सिंह बोहरा, बद्री दत्त पचौली, तरुण सिंह बोहरा आदि मौजूद रहे।

लोहाघाट में प्रदर्शन करते वन विकास निगम कर्मचारी। ● अमृत विचार

ग्रामीणों ने किया ट्यूबवेल लगाने का विरोध

रानीखेत : ताड़ीखेत के तल्ला बिशुवा स्थित कुनील गधेरे पर उत्तराखंड जल संस्थान द्वारा बनाए जा रहे ट्यूबवेल का ग्रामीणों ने विरोध किया है। संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने ट्यूबवेल स्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने कहा कि उत्तराखंड जल संस्थान और जल जीवन मिशन द्वारा जिस कुनील गधेरे पर ट्यूबवेल बनाया जा रहा है वहां से पहले ही दो योजनाएं बनी हुई हैं। जिससे अम्याडी, गवड़ा, बग्वाली, छाना, तड़ी ज्यूली को पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों ने संयुक्त मजिस्ट्रेट से ट्यूबवेल योजना निरस्त करने की मांग की। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि इस ट्यूबवेल को लगाए जाने का तल्ला विशुवा, मल्ला विशुवा, सिंगोली, डोबा, बग्वाली, तड़ी ज्यूली, छाना के ग्रामीणों द्वारा पूर्व से ही विरोध किया जाता रहा है।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी हुए मुखर

संवाददाता, अल्मोड़ा

चेतावनी

- देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने लगाए आरोप
- जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

अमृत विचार : 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ मुखर हो गया है। शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में बैठक कर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही सरकार से सफाई कर्मचारियों की जल्द समस्याओं का निराकरण करने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

बैठक में संघ के प्रदेश महामंत्री राजपाल पवार ने कहा कि संघ लगातार शासन-प्रशासन से उनकी समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रहा है। लेकिन अब तक मांगों पर कोई भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिससे सफाई कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से 11 सूत्रीय मांगों को दरकिनार कर दिया जा रहा है। जबकि कोरोना काल के समय सफाई कर्मचारियों ने महानायक की तरह भूमिका निभाई। कहा कि संघ अपनी निकायों की प्रत्येक शाखा में जाकर पूरे प्रदेश में आन्दोलन करने की रणनीति तैयार कर रहा है। चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो संघ उग्र आंदोलन को बाध्य होगा। बैठक में शाखा अध्यक्ष दीपक चंदेल, महासचिव राजेश टांक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश कुमार, दीपक शैलानी आदि मौजूद रहे।

रानीखेत में ट्रक से अवैध लीसे के टिन बरामद करती वन विभाग की टीम।

टीम ने पिकअप से 101 टिन अवैध लीसा पकड़ा

रानीखेत : वन विभाग की टीम ने रानीखेत वन क्षेत्र के सौनी ग्राम के निकट एक पिकअप वाहन से 101 टिन कच्चा अवैध लीसा बरामद किया। रानीखेत के वन क्षेत्राधिकारी तापस मिश्रा ने बताया कि रानीखेत -रामनगर मार्ग में सौनी ग्राम के पास पिकअप वाहन संख्या यूजे 04 डी0581 में लदा 101 टिन अवैध लीसा वन विभाग की टीम ने पकड़ा है। अवैध लीसा ले जाने के मामले में वन अधिनियम 1927 की सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया है। उच्च अधिकारियों के निर्देश अनुसार अवैध लीसा अभिवहन में संलिप्त लोगों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। अवैध लीसा पकड़ने वाली टीम में वन दरोगा संजय सिंह रावत, जैसलीन, वन वीट अधिकारी नवीन चन्द्र तिवारी, गणेश चंद्र शामिल थे।

सरयू नदी में बहा पूर्व सैनिक, तलाश जारी

बागेश्वर : कपकोट थाना क्षेत्र में एक पूर्व सैनिक शुक्रवार शाम सरयू नदी में बह गया। 60 वर्षीय अधेड़ के बहने की सूचना मिलते ही पुलिस तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार उतरौड़ा गांव निवासी पूर्व सैनिक हरीश जोशी पुत्र पूरन जोशी पैर फिसल जाने से सरयू नदी में बह गया। सूचना पर कपकोट पुलिस व फायर ब्रिगेड व एसडीआरएफ मौके पर गई तथा उनकी खोजबीन प्रारंभ कर दी है। घटना सायं 6 बजे बाद की बताई गई है।

पशु चराने गए युवक की पहाड़ी से गिरकर मौत

चम्पावत : बाराकोट ब्लाक के छीणाबांस निवासी युवक की पहाड़ी से गिरने से मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर बाराकोट चौकी पुलिस ने शव को खाई से निकाला। चौकी प्रभारी हरीश प्रसाद ने बताया कि महेंद्र कुमार (27) पुत्र दर्शन राम, निवासी छीणाबांस शुक्रवार को गांव के पास जंगल में पशुओं को चुगाने गया था। इस दौरान वह पहाड़ी से 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। युवक की मौत से गांव में शोक है।

अराजक तत्वों ने स्कूल के कक्ष में लगा दी आग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : भैंसियाछाना ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय ऐरीखान में कुछ अराजक तत्वों ने विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष का दरवाजा तोड़ वहां आग लगा दी। जिस अतिरिक्त कक्ष में आग लगाई गई वहां वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होता है। मामले के लेकर अभी तक पुलिस को शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

जानकारी अनुसार राप्रावि ऐरीखान में बीते दिवस कुछ लोगों ने कक्षा कक्ष में आग लगा दी। ग्रामीणों ने कक्ष से धुंआ निकलता देख आंगनबाड़ी वर्कर कांता को इसकी जानकारी दी। आंगनबाड़ी वर्कर व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो देखा कि अराजक तत्वों ने अतिरिक्त कक्ष के दरवाजे का एक हिस्सा तोड़कर आग लगाई थी। विद्यालय के जिस कक्ष में आग लगाई गई, उसी से स्कूल का मुख्य भवन भी लगा है। अगर आग विकराल रूप लेती तो स्कूल का मुख्य भवन भी आग की चपेट में आ सकता था और बड़ा हादसा हो सकता था। लेकिन ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से किसी तरह आग बुझाई और बड़ा हादसा होने से बचा लिया।

> वर्तमान में विद्यालय में 40 छात्र-छात्राएं व आंगनबाड़ी केंद्र में 16 बच्चे पंजीकृत हैं। अतिरिक्त कक्ष में स्कूल का कुछ पुराना फर्नीचर और आंगनबाड़ी का सामान रखा था। आग की चपेट में आने से पुराना फर्नीचर जल गया है। मामले को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। साथ ही पुलिस में मामले की शिकायत दर्ज कराई जाएगी।
> **-सुरेश चन्द्र भट्ट**, प्रधानाध्यापक राप्रावि ऐरीखान

आपदा से निपटने को रहें तैयार: एसएसपी

संवाददाता, अल्मोड़ा

- पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 कार्मिकों को किया गया सम्मानित

अमृत विचार : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी के तहत अपराधों की कार्रवाई की समीक्षा की। एसएसपी ने बरसात के दिनों में आपदा की आशंका के मद्देनजर तैयार रहने पर जोर दिया। इस दौरान लंबित विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण समेत तमाम निर्देश दिए।

एसएसपी ने बीते माह के अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं, मुकदमों, शिकायतों, वारंट, नोटिस आदि का समय पर निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब बरसात में आपदा को लेकर भी पुलिस सचेत रहे। आपदा उपकरणों को चेक कर तैयारी हालत में रखा जाए। आपदा के समय किसी को भी आवश्यकता पड़े तो पुलिस शीघ्र मदद को पहुंचे। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गठित टीम के अधिकारियों को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नशे के विरुद्ध जीरो टालरेन्स नीति अपनाते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री व भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने के निर्देश दिए।

इस दौरान सीओ सदर विमल प्रसाद, सीएफओ नरेंद्र सिंह कुंवर, प्रतिसार निरीक्षक विजय विक्रम, निरीक्षक नारायण सिंह, मनोज भारद्वाज, प्रभारी निरीक्षक जगदीश चन्द्र देऊपा, प्रभारी निरीक्षक अशोक धनकड़, निरीक्षक टीआर बगरेठा, उमाशंकर पांडे, दरबान सिंह मेहता, एफएसओ महेश चन्द्र समेत कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

अल्मोड़ा एसओजी में तैनात कांस्टेबल वीरेंद्र बिष्ट को एसएसपी ने सम्मानित किया।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी देवेंद्र पींचा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया। मादक पदार्थों की बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले एसओजी अल्मोड़ा में तैनात कास्टेबल विरेंद्र सिंह को पुलिस ऑफिसर ऑफ द मंथ चुना गया। साथ ही पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 17 अधिकारी, कर्मचारियों को बेहतर कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

खनन कारोबारी को गोली मारने वाला मुख्य आरोपी धरा

टनकपुर : कोतवाली से लगे नायकगोठ गांव में नन कारोबारी को तमंचे से गोली मारकर घायल करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी खनन कारोबारी का सगा भतीजा है। एसएसआई सुरेन्द्र कोरंगा ने बताया कि खनन कारोबारी दीपक सिंह विट्ठल को उसी के भतीजे कार्तिक उर्फ हैप्पी ने पालतू कुत्ते को लेकर हुए विवाद के बाद तमंचे से गोली मार दी थी। जिसके बाद से वह फरार था। शुक्रवार को उसे टनकपुर में पूर्णागिरि मार्ग से लगे चिलियाघोल के पास के जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित को बिना नंबर की एवेंजर बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। एसएसआई ने बताया कि आरोपित के पिता राजीव सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिसे जेल भेज दिया गया है।

विनय भाकुनी का स्पोटर्स हॉस्टल के लिए चयन

अल्मोड़ा : इंद्रा कॉलोनी खत्याड़ी निवासी होनहार फुटबॉल खिलाड़ी विनय भाकुनी का स्पोटर्स हॉस्टल हल्द्वानी के लिए चयन हुआ है। बीते दिनों हल्द्वानी में आयोजित ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन पर उनका चयन किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण बग्वाल, फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश कनवाल, विनोद भाकुनी, कोच मनीष कनवाल, दीपक वर्मा, दीपक शाही, पंकज टम्टा आदि ने बधाई दी है।

आंदोलनकारियों को धोखा दे रही है सरकार: सती

अल्मोड़ा : पूर्व दर्जा राज्य मंत्री व वरिष्ठ अधिवक्ता केवल सती ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य आन्दोलनकारियों को आज तक क्षैतिज आरक्षण न देकर उनके साथ धोखा किया है। सरकार ने प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने व राज्य आंदोलनकारियों को क्षैतिज आरक्षण देने का बिल पारित करवाकर राज्यपाल के अनुमोदन के लिए भेजा था। लेकिन क्षैतिज आरक्षण के बिल का अनुमोदन आज तक नहीं किया किया गया है।

आस्था | दानपुर के ग्रामीण बोले-उनकी कुलदेवी के पानी को छूने की किसी को नहीं है इजाजत

देवीकुंड में साधु के स्नान करने से आक्रोश

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : जनपद के उच्च हिमालयी क्षेत्र में बाहरी लोगों के हस्तक्षेप पर दानपुर के ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की है। साथ ही एक संत द्वारा आस्था के कुंड देवीकुंड में स्नान करने से आक्रोश बढ़ गया है। उन्होंने कहा है कि प्रशासन को चाहिए कि वह ऐसे तत्वों पर नजर रखे। कहा कि देवीकुंड में साधु ने स्नान कर ग्रामीणों की धार्मिक भावना को आघात पहुंचाया है।

ग्रामीण वीरू दानू, भूपेंद्र दानू, कुंदन दानू, विनोद गढ़िया, प्रकाश गढ़िया ने कहा है कि कपकोट के उच्च हिमालयी क्षेत्र समेत पिंडारी व सुंदरढूंगा ग्लेशियर के समीप बाहरी क्षेत्र के लोगों का आवागमन बढ़ रहा है। कहा कि उनकी कुलदेवी देवीकुंड के पानी को पीने की अनुमति तक नहीं है तथा यहां पर देवी स्नान करती हैं इसलिए कोई व्यक्ति यहां पर स्नान नहीं कर सकता है। परंतु एक साधु ने यहां स्नान कर देवीकुंड को अपवित्र किया है जो कि यहां के लोगों की आस्था व विश्वास से आघात है। ग्रामीणों ने इस संबंध में सोशल मीडिया में भी साधु के स्नान का फोटो वायरल कर प्रशासन से भी इस संबंध में कार्रवाई करने की मांग की है।

दानपुर के उच्च हिमालयी क्षेत्र में देवीकुंड में स्नान करते साधु का वायरल फोटो।

> अभी लिखित शिकायत नहीं मिली है फिर भी इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मैं इसे तुरंत दिखवाता हूं। यदि नियम विरुद्ध कार्य हुआ तो कार्रवाई की जाएगी। **-अनुराग आर्या**, एसडीएम कपकोट

> जिस स्थान पर मंदिर बन रहा है वह वन क्षेत्र में नहीं आता है। उच्च हिमालयी क्षेत्र भारत सरकार की भूमि होती है। इस पर राजस्व विभाग ही कार्य कर सकता है। **- एनडी पांडे**, वन क्षेत्राधिकारी कपकोट

तोड़ने से पहले नई दुकानें बनाकर देने की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

- जागेश्वर धाम में मास्टर प्लान के तहत निर्माण कार्य की कवायद तेज
- अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के साथ निर्माण कार्य पर चर्चा की

अमृत विचार: विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में मास्टर प्लान के तहत निर्माण की कवायद तेज हो गई है। शुक्रवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने लोगों के साथ बैठक कर निर्माण कार्य को लेकर चर्चा की। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा कि मास्टर प्लान के तहत मकान या दुकान तोड़ने से पहले उन्हें नया भवन बनाकर दिया जाए, तभी वह पुरानी दुकान व मकान को छोड़ेंगे।

दरअसल, जागेश्वर धाम का मास्टर प्लान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। जागेश्वर में मास्टर प्लान के तहत पहले चरण का कार्य शुरू हो गया है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी अमित लोहनी ने व्यापारियों और मंदिर समिति सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने लोगों को मास्टर प्लान के तहत होने वाले कार्यों के बारे में बताया। बताया कि पहले चरण में कुबेर मंदिर मार्ग पर बने दो रेस्टोरेंट और फोटो स्टूडियों के स्थान पर नीचे ग्राउंड फ्लोर में शौचालय और पहले फ्लोर में संबंधित दुकानें बनाई जानी हैं। इसे लेकर बैठक में गहमागमी का माहौल रहा। दो कैफेटेरिया और एक स्टूडियों के अलावा दूसरी मंजिल पर बनी दुकानों के बदले अतिरिक्त दुकानें बनाने पर सहमति बनी।

पालिका कर्मियों ने आठ व्यापारियों का चालान काटा

अल्मोड़ा : नगर में गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर पालिका ने आठ व्यापारियों का चालान काटा गया। शुक्रवार को सफाई निरीक्षक लक्ष्मण सिंह भंडारी के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने नगर के मुख्य बाजार में चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने कई व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते पकड़ा। साथ ही मछली गली में सफाई को लेकर अभियान चलाया। गंदगी और प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग पर आठ व्यापारियों का चालान कर नौ सौ रुपये की जुर्माना राशि वसूली गई। सफाई निरीक्षक ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करते पाए जाने पर जुर्माना किया जा रहा है।

कुशाग्र व लावण्य ने हासिल की पहली रैंक

अल्मोड़ा : नॉलेज एंड अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफार्म की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नेशनल एसेसमेंट फॉर साइंटिफिक टेंप्रामेंट एंड एप्टीट्यूड टेस्ट में एपीएस अल्मोड़ा के कुशाग्र ने राष्ट्रीय स्तर पर पहली रैंक और लावण्य तिलारा ने राज्य स्तर पर पहली रैंक हासिल की है। इन दोनों विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य सुशील जोशी, प्रवक्ता मनोज जोशी, अमित बिष्ट सहित अन्य ने खुशी जताई।

कुशाग्र बिष्ट को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	80,519	24,502
बढ़त	622	186
प्रतिशत में	0.78	0.77

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, शनिवार, 13 जुलाई 2024

एक नजर

सोना 250 रुपये मजबूत चांदी में 200 की गिरावट

नई दिल्ली। सोने की कीमतों में तीसरे कारोबारी सत्र में मजबूती दिखी और राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को यह 250 रुपये की मजबूती के साथ 75,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। गुरुवार को सोना 50 रुपये की तेजी के साथ 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। जबकि बुधवार को सोने में 400 रुपये की तेजी आई थी।

ई-नीलामी के नियमों को आसान बनाएगी कोल इंडिया

नई दिल्ली। महारत्न कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसने ई-नीलामी के नियमों को आसान बनाने के उपाए किये हैं। कंपनी ने बताया कि इसके तहत बयाना राशि को कम करना और पेशकश में कोयला की मात्रा बढ़ाने जैसे कदम शामिल हैं। कोल इंडिया अपनी नीलामी और आवंटन पद्धति में भी बदलाव करने की योजना बना रही है, जिसका मकसद भागीदारी को बढ़ावा देना है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कोल इंडिया ने ई-नीलामी के नियमों को आसान बनाने के लिए बयाना राशि जमा (ईएमडी) को कम करने और नीलामी के तहत पेश की जाने वाली मात्रा को बढ़ाने जैसे कदम उठाए हैं।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5600 मसूरी- 5500 बासमती- 10000-10500 परमल- 3600-4000 **दाल दलहन :** काला चना- 7700 साबुत चना दाल- 7400-8600 मूंग साबुत- 10500 राजमा- 14500-16000 दाल उड़द- 11300 साबुत मसूर दाल- 7300- 7600 मसूर दाल- 8500 उड़द साबुत- 13000 काबुली चना- 12200-12800 अरहर दाल- 16300-17000 लोबिया/करमानी- 9000 सोयाबीन- 4500 मूंगफली- 11200 मटर (सूखी)- 5100 मक्का- 2500

सात प्रतिशत रहेगी भारत की जीडीपी वृद्धि दर: विरमानी

नीति आयोग के सदस्य ने अर्थव्यवस्था पर जताई संभावना

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **कहा- देश के सामने नई चुनौतियां, उनसे निपटना होगा**

नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2024-25 में करीब सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और आने वाले कई वर्षों तक यही वृद्धि दर बरकरार रहने की संभावना है। विरमानी ने कहा कि देश के सामने नई चुनौतियां हैं और उनसे निपटना होगा। उन्होंने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर (0.5 प्रतिशत घट-बढ़ के साथ) से बढ़ेगी... मुझे उम्मीद है कि हम आज से कई वर्षों तक सात प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की राह पर हैं।

आरबीआई ने पिछले महीने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। निजी उपभोग व्यय में गत वित्त वर्ष 2023-24 में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर विरमानी ने कहा कि वास्तव में अब इसमें सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, वैश्विक महामारी के कारण बचत कम हुई ... और यह पिछले वित्तीय झटकों से बहुत अलग था। विरमानी ने कहा, पिछले साल भी अल नीनो आया था, लेकिन वैश्विक महामारी के कारण लोगों को अपनी बचत निकालनी पड़ी।

उन्होंने खपत में कमी को समझाते हुए कहा कि अगर आज लोग बड़े ब्रांड का सामान खरीद रहे हैं, तो वे सस्ते ब्रांड या साधारण सामान खरीदेंगे और पैसे बचाएंगे। भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने के बावजूद देश में एफडीआई में गिरावट के बारे में विरमानी ने कहा कि उभरते बाजारों की तुलना में अमेरिका तथा अन्य विकसित देशों में निवेश पर जोखिम रहित रिटर्न कहीं अधिक है।

टीसीएस का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ा

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर शुक्रवार को करीब सात प्रतिशत चढ़ा। इससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण में 94,866.26 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। टीसीएस ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये रहा। आलोच्य अवधि में राजस्व 5.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 62,613 करोड़ रुपये हो गया। उसके बाद आज उसके शेयर में उछाल आया। बीएसई पर शेयर 6.68 प्रतिशत उछलकर 4,184.90 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह सात प्रतिशत बढ़कर 4,199 रुपये पर पहुंच गया था। एनएसई पर यह 6.59 प्रतिशत उछलकर 4,182.45 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया।

आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स-निफ्टी नए शिखर पर

मुंबई, एजेंसी

- **सेंसेक्स ने 622 और निफ्टी ने 186 अंकों की उछाल की दर्ज**

टीसीएस के अच्छे नतीजों से उत्साहित होकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से शुक्रवार को दोनों मानक सूचकांक अपने नए शिखर पर पहुंच गए। सेंसेक्स में 622 अंक और निफ्टी में 186 अंकों की बड़ी उछाल दर्ज की गई।

कारोबारियों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 622 अंक यानी 0.78 प्रतिशत उछलकर 80,519.34 के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 996.17 अंक तक उछलकर 80,893.51 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 186.20 अंक यानी 0.77 प्रतिशत बढ़कर 24,502.15 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 276.25 अंक उछलकर 24,592.20 के नए सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया था। इस तरह कारोबारी सप्ताह का समापन तेजी के साथ हुआ। इस हफ्ते सेंसेक्स में कुल 522.74 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि निफ्टी 178.3 अंक यानी 0.73 प्रतिशत चढ़ने में सफल रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "विभिन्न कारणों से बाजार सीमित दायरे से बाहर निकलने में सफल रहा।

ओमकार केमिकल्स में हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी अडाणी विल्मर

नयी दिल्ली। प्रमुख खाद्य तेल कंपनी अडाणी विल्मर लि. 56 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी। अडाणी विल्मर, अडाणी समूह और सिंगापुर के विल्मर समूह के की एक संयुक्त उद्यम है। यह भारत की सबसे बड़ी उपभोक्ता खाद्य कंपनियों में शामिल है। कंपनी के पास विविधता भरा उत्पाद पोर्टफोलियो है, जिसमें खाद्य तेल, गेहूं का आटा, चावल, दालें, चना आटा (बेसन) और चीनी सहित अधिकांश घरेलू उत्पाद शामिल हैं। अडाणी विल्मर ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने एक विशेष रसायन कंपनी ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए शेयर खरीद समझौता किया है।

देवेन्द्र मील बने जेप्टो के चीफ बिजनेस ऑफिसर

मुंबई। भारत की सबसे तेज़ी से विकसित होती कन्ज़्यूमर इंटरनेट कंपनी ज़ेप्टो ने देवेन्द्र मील को पदोन्नत कर अपना चीफ़ बिज़नेस ऑफिसर बनाने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि अपनी इस भूमिका में मील कैटेगरी मैनेजमेन्ट का नेतृत्व करेंगे और ब्राण्ड साझेदारियों को बढ़ावा देंगे, साथ ही प्लेटफॉर्म के अनुकूलतम वर्गीकरण, कीमत निर्माण, उपलब्धता और सभी कोर एसकेयू की कैटलॉगिंग को सुनिश्चित करेंगे। कंपनी के संस्थापक और सीईओ आदित पलीचा ने कहा, ज़ेप्टो के साथ मील की यात्रा अतुलनीय रही है।

मई में औद्योगिक उत्पादन बढ़कर 7 माह के उच्चस्तर 5.9 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- **खनन उत्पादन 6.6 और बिजली उत्पादन 13.7 प्रतिशत बढ़ा**

खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के कारण इस साल मई में देश का औद्योगिक उत्पादन सात महीने के उच्चतम स्तर 5.9 प्रतिशत पहुंच गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन मई 2023 में 5.7 प्रतिशत बढ़ा था। मई 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.9 प्रतिशत बढ़ा।

आईआईपी इस साल अप्रैल में 5 प्रतिशत, मार्च में 5.4 प्रतिशत, फरवरी में 5.6 प्रतिशत और जनवरी में 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। पिछले साल दिसंबर में आईआईपी 4.4 प्रतिशत और नवंबर में 2.5 प्रतिशत था। आईआईपी का पिछला उच्च स्तर अक्टूबर 2023 में 11.9 प्रतिशत था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक मई 2024 में खनन उत्पादन 6.6 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 13.7 फीसदी बढ़ा। मई 2023 में खनन उत्पादन 6.4 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 0.9 प्रतिशत बढ़ा था। आंकड़ों के मुताबिक इस साल मई में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 4.6 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी माह में 6.3 प्रतिशत थी। समीक्षाधीन माह में पूंजीगत सामान खंड की वृद्धि दर घटकर 2.5 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 8.1 प्रतिशत थी। उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन 12.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि मई 2023 में इसमें 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

विदेशी मुद्रा भंडार 657.2 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़त होने से 05 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.23 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 577.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

बैंक क्षेत्र में सुधार को कानून में संशोधन कर सकती है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- **बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 और कुछ अन्य कानूनों में संशोधन का ला सकती है प्रस्ताव**

सरकार आगामी बजट सत्र के दौरान बैंक क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 और कुछ अन्य कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव ला सकती है। सूत्रों ने बजट सत्र में लाए जाने वाले प्रस्तावों का जिक्र करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के लिए बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में संशोधन की भी जरूरत है।

सूत्रों के मुताबिक, इन दोनों अधिनियमों की वजह से दो चरणों में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था लेकिन अब सार्वजनिक बैंकों के निजीकरण के लिए इन कानूनों के प्रावधानों में बदलाव करने होंगे। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। इस दौरान 23 जुलाई को बजट पेश किया जाएगा।

राष्ट्रीय

एक नजर

सीबीएसई विद्यालयों में असम की जल दूत पहल होगी लागू: हिमंत

गुवाहाटी। जल संरक्षण में विद्यार्थियों की भूमिका को मान्यता देने वाले असम सरकार के जल दूत कार्यक्रम का अब देशभर में संचालित सीबीएसई के विद्यालयों में अनुकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में सीबीएसई की ओर से जारी परिपत्र को एक्स पर साझा करते हुए शर्मा ने कहा, असम की एक और अनूठी पहल लोगों की नजर में आयी है। उन्होंने कहा, सीबीएसई ने अपने सभी विद्यालयों में असम सरकार के कार्यक्रम जल दूत को लागू करने का निर्देश दिया है। यह व्यावहारिक कार्यक्रम जल संरक्षण की समुदाय की कोशिशों से विद्यार्थियों को जोड़ता है।

पॉक्सो मामला: येदियुरप्पा को व्यक्तिगत पेशी से छूट

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा द्वारा उनके खिलाफ पॉक्सो मामले को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 26 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी और वरिष्ठ भाजपा नेता को इस मामले के संबंध में 15 जुलाई को बेंगलुरु की अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी। यहां पॉक्सो अधिनियम मामलों के लिए फास्ट ट्रैक अदालत-1 ने चार जुलाई को 81 वर्षीय बुजुर्ग नेता को 15 जुलाई को पेश होने के लिए समन जारी किया था। मामले की जांच कर रहे आपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने 27 जून को फास्ट ट्रैक अदालत में उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

अगरतला स्टेशन से सांत बांग्लादेशी गिरफ्तार

अगरतला। भारत में बगैर वैध दस्तावेजों के प्रवेश करने के आरोप में अगरतला रेलवे स्टेशन से सात बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अगरतला स्टेशन पर निगरानी बढ़ा दी गई और कोलकाता जाने वाली ट्रेन में सवार होने जा रहे एक समूह को रोक लिया गया। अगरतला राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के प्रभारी अधिकारी तपस दास ने बताया, वे (बांग्लादेशी नागरिक) भारत में यात्रा करने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। हमने सात लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें तीन पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। दास ने बताया कि उनके पास से बांग्लादेशी दस्तावेज, मोबाइल फोन और भारतीय मुद्रा के नोट बरामद किए गए।

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को शंभू बॉर्डर खोलने का दिया निर्देश

उच्च न्यायालय का फैसला बरकरार रखा, अंबाला के पास 13 फरवरी से बंद है बार्डर

नई दिल्ली, एजेंसी

- **प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए लगाए गए थे बैरिकेडिंग**

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा सरकार को अंबाला के पास 13 फरवरी से बंद शंभू बॉर्डर से पुलिस बैरिकेडिंग हटाकर यातायात सभी के लिए खोलने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार को यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने10 जुलाई को राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू बॉर्डर खोलने का निर्देश दिया था, जिसे फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए सरकार ने बंद कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार की ओर से पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सात मार्च के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय की ओर से फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान किसान 21 साल के शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए एक पूर्व उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार के अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष कहा कि राज्य सरकार 10 जुलाई को उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने की तैयारी कर रही है। इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने हरियाणा सरकार से पूछा, राज्य हाईवे को कैसे रोक सकता है? उसका कर्तव्य है कि वह यातायात को नियंत्रित करे। हम केवल इसे खोलने के बारे में नहीं कह रहे, बल्कि नियंत्रित करने के बारे में भी कर रहे हैं।

प्रकृति का प्रकोप

सिक्किम में भारी बारिश के बाद उफनती तीस्ता नदी के किनारे तीस्ता बाजार क्षेत्र में बाढ़ आ गई। ● एजेंसी

भाजपा अलग सोच वाली पार्टी : नितिन गडकरी

पणजी, एजेंसी

- **कहा- कांग्रेस द्वारा हुईं गलतियों को दोहराने से बचना होगा**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा अलग सोच वाली पार्टी है और इसलिए वह बार-बार जनता का विश्वास जीत रही है। साथ ही उन्होंने पार्टी को अतीत में कांग्रेस द्वारा की गई उन गलतियों को दोहराने से बचने को लेकर आगाह किया जिनकी वजह से कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा।

भाजपा के बहुमत प्राप्त नहीं कर पाने के करीब एक महीने बाद गडकरी ने कहा, अगर हम वही करते रहेंगे जो कांग्रेस करती थी, तो उनके जाने और हमारे आने का कोई मतलब नहीं है। गडकरी ने जाति आधारित राजनीति के चलन की आलोचना की और कहा जो करेगा जात की बात उसे पड़ेगी कसके लात। गडकरी पणजी के निकट भाजपा की गोवा कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंद तनावडे और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित अन्य नेता शामिल हुए।

नए दस्तावेज जमा करने संबंधी आदेश खारिज

मुंबई, एजेंसी

मानहानि मामला

- **बंबई उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत दी**

बंबई उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत देते हुए एक मजिस्ट्रेट का वह आदेश शुक्रवार को रद्द कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता को उसकी लंबित आपराधिक मानहानि शिकायत में नये और अतिरिक्त दस्तावेज जमा कराने की अनुमति दी गई थी। आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस नेता ने एक भाषण के दौरान झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है।

मजिस्ट्रेट अदालत ने 2023 में कुंटे को राहुल गांधी के भाषण की प्रतिलिपि प्रस्तुत करने की अनुमति दी। राहुल का भाषण 2014 में दायर उनकी उस याचिका का हिस्सा था, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग की थी। कांग्रेस नेता ने मजिस्ट्रेट के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की एकल पीठ ने कांग्रेस नेता की याचिका मंजूर कर ली। अदालत ने कहा, याचिका स्वीकार की जाती है। विवादित आदेश और तदनुरूप दस्तावेज प्रदर्शित करने के आदेश को रद्द तथा खारिज किया जाता है....। न्यायमूर्ति चव्हाण ने मजिस्ट्रेट को मुकदमे को शीघ्रता से निपटाने का निर्देश दिया तथा दोनों पक्षों से सहयोग करने को कहा। राहुल गांधी ने अपनी याचिका में दावा किया कि 2021 में उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने कुंटे को मामले में कोई भी नया दस्तावेज जमा करने की इजाजत नहीं दी थी।

हाथरस कांड की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कहा- हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती**

उच्चतम न्यायालय ने हाथरस में दो जुलाई 2024 की भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने की गुहार वाली एक जनहित याचिका शुक्रवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता अधिवक्ता विशाल तिवारी से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। पीठ ने कहा, बेशक, ये परेशान करने वाली घटनाएं हैं, लेकिन उच्च न्यायालय इससे निपटने के लिए सक्षम है। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा कि मामला चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता से भी जुड़ा है।

कॉर्बेट क्षेत्र में बस चलाने के खिलाफ याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

- **न्यायालय ने कहा, हमें अधिकारों को संतुलित करना होगा**

उच्चतम न्यायालय ने जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान द्वारा उत्तराखंड स्थित बाघ अभयारण्य के मुख्य क्षेत्र में बसें चलाने के लिए एक निजी ऑपरेटर को अनुमति दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को कहा कि सभी के अधिकारों को संतुलित किए जाने की आवश्यकता है। इसने कहा कि अगर वहां गांव हैं तो उन्हें भी पहुंच की जरूरत है।

शीर्ष अदालत ने 18 फरवरी, 2021 को जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान द्वारा 23 दिसंबर, 2020 को जारी किए गए उस कार्यालय पत्र के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी थी, जिसमें मुख्य क्षेत्र के भीतर बसों को चलाने की अनुमति दी गई थी। यह मामला न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। याचिका दायर करने वाले वकील गौरव कुमार बंसल ने कहा कि शीर्ष अदालत ने फरवरी में उत्तराखंड राज्य की ओर से पेश वकील से अधिकारियों से इस बारे में विशिष्ट निर्देश लेने को कहा था कि क्या सवालों के घेरे में आई सड़क मुख्य क्षेत्र या 'बफर' क्षेत्र में है। राज्य सरकार के वकील ने पीठ को बताया कि 53 किलोमीटर की सड़क में से चार-चार किलोमीटर के दो हिस्से मुख्य क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क का शेष 45 किलोमीटर का हिस्सा मुख्य क्षेत्र में नहीं आता। हालांकि, बंसल ने इस मामले में दायर पहले के हलफनामे का हवाला दिया।

नीतीश के करीबी सहयोगी ने लालू पर तंज कसा

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी ने शुक्रवार को अनंत अंबानी की शादी में शामिल होने रवाना होने पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार पर तंज कसा। बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी पत्रकारों द्वारा लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बड़ी पुत्री मीसा भारती, दोनों पुत्र तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव के मुंबई रवाना होने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

दोषी पाए जाने पर विवादास्पद आईएएस अधिकारी को किया जा सकता है बर्खास्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- **दस्तावेजों की केंद्र द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति करेगी जांच**

विशेषाधिकारों के दुरुपयोग को लेकर विवादों में घिरीं परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को दोषी पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सिविल सेवा परीक्षा और फिर सेवा में चयन के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजों की गुरुवार को केंद्र द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति द्वारा पुनः जांच की जाएगी। यदि अधिकारी दोषी पायी जाती है तो उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

यदि यह पाया जाता है कि उन्होंने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया है या यह पाया जाता है कि उनका चयन जिन दस्तावेजों के आधार पर किया गया है, उनमें किसी तरह का फर्जीवाड़ा किया है तो उन्हें आपराधिक आरोपों का भी सामना करना पड़ सकता है।

वर्ष 2023 बैच की आईएएस अधिकारी खेडकर परिवीक्षा पर हैं और वर्तमान में अपने गृह कैडर महाराष्ट्र में तैनात हैं। खेडकर (34) आईएएस में शामिल होने के लिए शारीरिक दिव्यांगता श्रेणी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा के तहत लाभों का दुरुपयोग करने का आरोप है।

खेल डायरी

अमुंडी चैंपियनशिप के पहले दिन अदिति और दीक्षा ने किया निराश

एवियन ले बेंस (फ्रांस)। भारतीय ओलंपिक दल की गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के शुरूआती दिन निराशाजनक शुरूआत की। अदिति ने महिलाओं के सर्किट के मेजर टूर्नामेंट में इवन पार 71 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त 52वें स्थान पर बनी हुई हैं। दीक्षा ने पांच ओवर 76 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 120वें स्थान पर मौजूद हैं। अदिति ने 12 होल में दो बर्डी लगाई जिससे वह दो अंडर पर थीं, लेकिन वह 13वें और 14वें होल में लगातार बोगी कर बैठीं जिससे वह संयुक्त 52वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने पहले नौ होल में एक बर्डी, दो बोगी और एक डबल बोगी लगाई जिससे वह 18वें स्थान पर थीं।

महिला एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 19 को

कोलंबो। भारत दांबुला में होने वाले महिला टी-20 एशिया कप में अपना पहला मैच शुरुआती दिन चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा जबकि मेजबान श्रीलंका इसी दिन बांग्लादेश का सामना करेगा। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को यह घोषणा की। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के अलावा थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल और मलेशिया की टीम भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल को ग्रुप ए में जबकि बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड को ग्रुप बी में रखा गया है। टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे, जिनमें दोनों सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने विज्ञप्ति में कहा सभी मैच का अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा तथा दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने म्यामांर को 1-1 से बराबरी पर रोका

यांगून (म्यांमा)। भारतीय महिला फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां दूसरे मैत्री मैच में अपने प्रदर्शन का स्तर ऊंचा करते हुए म्यामांर को 1-1 की बराबरी पर रोकने में सफल रही। शुरुआती मैच में हार का सामना करने के बाद इस मुकाबले में भारत आक्रामक तेवर के साथ मैदान पर उतरी थी। टीम को शुरुआती हाफ में गेंद पर बेहतर नियंत्रण बनाने के कारण गोल करने के मौके मिले लेकिन खिलाड़ी इसे भुनाने में नाकाम रहे। म्यामांर की गोलकीपर मयो म्या म्या नयिन ने इस दौरान कुछ शानदार बचाव किए। दूसरे हाफ के शुरू होने पर ओडिशा एफसी की स्ट्राइकर प्यारी ने पनथोई के लंबे पास पर अच्छा नियंत्रण बनाते हुए म्यामांर की लिन लाई ओ को छकाकर गोल कर दिया।

पारी और 114 रनों से जीता इंग्लैंड

टेस्ट करियर का अंतिम मैच खेले एंडरसन, 704 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने जेम्स

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट

लॉर्ड्स, एजेंसी

गस ऐटकिंसन (कुल 12 विकेट) की घातक गेंदबाजी और जैक क्रॉले (76), जेमी स्मिथ (70) की बेहरीन बल्लेबजी के दम पर इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पारी और 114 रनों से हरा दिया है। वेस्टइंडीज की पहली पारी 121 के स्कोर पर सिमट गई थी तथा दूसरी पारी में भी की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और वह उसने 55 रन पर पांच विकेट गवां दिए। कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (4), किक्र मैकेंजी (शून्य), मिकाइल लुइस (14), कावेम हॉज (4), एलिक अथानाजे (22) रन बनाकर आउट हुये। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 79 बना लिये थे।

वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन के छह विकेट पर 79 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी नौ रन का इजाफा ही हुआ था कि जेम्स एंडरसन ने जॉशुआ डासिल्वा (9) को आउट कर वेस्टइंडीज को सातवां झटका दिया। इसके बाद गस ऐटकिंसन ने अल्जारी जोसेफ (8) को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। शमार जोसेफ (3) को भी ऐटकिंसन ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद 47वें ओवर की आखिरी गेंद पर ऐटकिंसन ने जेडेन सील्स (8)को आउटकर वेस्टइंडीज की को दूसरी पारी में 136 रन पर समेटकर अपनी टीम को पारी और 114 रनों से जीत दिला दी। इंग्लैंड की ओर से गस ऐटकिंसन ने पांच विकेट लिए। जेम्स एंडरसन को तीन विकेट मिले। बेन स्टोक्स ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले इंग्लैंड ने पहली पारी में ओली पोप (57), जैक क्रॉले (76) रन हैरी ब्रूक (50), जो रूट (68), जेमी स्मिथ ने (70) और क्रिस वोक्स (23) रन की बेहतरीन परियों की बदौलत इंग्लैंड ने पहली पारी 371 रन का स्कोर खड़ा कर वेस्टइंडीज की पहली पारी के आधार पर 250 रनों की बढ़त बनाई थी। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने चार विकेट लिए। जेसन होल्डर और गुडाकेश मोटी को दो-दो विकेट मिले। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज को पहली पारी में महज 121 रन पर ढ़ेर कर दिया था। पहले टेस्ट में इंग्लैंड की ओर से पर्दापण करने उतरे गस एटकिंसन ने घातक गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए वेस्टइंडीज को पहली पारी में महज 121 रन पर ढेर कर इस मैच को यादगार बना दिया। वहीं, गट एटकिंसन ने आखिरी के तीनों विकेट चटकाकर पारी में पांच और मैच में कुल 12 विकेट लेकर अपने पदार्पण को यादगार बनाया। वह 1946 में एलेक बेडसर के बाद घरेलू मैदान पर एक टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए। लुइस (27) हॉज (24) अथानाजे (23), जेसन होल्डर (शून्य), जोशुआ डिसिल्वा (शून्य), अलजारी जोसेफ (17) और जोसफ (शून्य) को आउट हुए। गुडाकेश मोटी (14) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की टीम 41.4 ओवर में 121 रन पर सिमट गई थी।

टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट

800	मुथैया मुरलीधरन	श्रीलंका
708	शेन वॉर्न	ऑस्ट्रेलिया
704	जेम्स एंडरसन	इंग्लैंड
619	अनिल कुंबले	भारत
604	स्टुअर्ट ब्रॉड	इंग्लैंड
563	ग्लेन मैकग्रा	ऑस्ट्रेलिया
530	नाथन लियोन	ऑस्ट्रेलिया
519	कर्टनी वॉल्श	वेस्टइंडीज
516	आर अश्विन	भारत
439	डेल स्टेन	द. अफ्रीका

एंडरसन की गेंदबाजी देखना आनंदित करता था : तेंदुलकर

नई दिल्ली। इंग्लैंड के महान गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शुक्रवार को अपने दो दशक से अधिक लंबे करियर का समापन किया और इस मौके पर भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना आनंदित करता था। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा जिमी आपने अपने 22 साल के शानदार स्पैल से खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। आपको गेंदबाजी करते हुए देखना खुशी प्रदान करता था। आप जिस गति, सटीकता, स्विंग और फिटनेस के साथ गेंदबाजी करते, वह अद्भुत रहा। आपने अपने खेल से कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है।

704 विकेट के साथ खत्म किया सफर

लंदन। इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दूसरी पारी में 32 रन पर तीन विकेट चटकाकर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम को एकतरफा जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। एंडरसन ने करियर के आखिरी और 188वें टेस्ट मैच में कुल चार विकेट झटके इस प्रारूप में उनका करियर 704 विकेट के साथ खत्म हुआ। एंडरसन टेस्ट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज है।

अंतिम टेस्ट खेलने के बाद भावुक हुए जेम्स एंडरसन और उनकी पत्नी डेनिएला।

स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज (पहली पारी)	121/10 (41.4 ओवर)
इंग्लैंड (पहली पारी)	371/10 (90 ओवर)
वेस्टइंडीज (दूसरी पारी)	136/10 (47 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
क्रेग ब्रैथवेट बोल्ड एंडरसन	4	26	1/0
मिकाइल लुईस कैच स्मिथ बोल्ड स्टोक्स	14	49	2/0
कर्क मकेंजी पगबाधा स्टोक्स	0	9	0/0
ऐलेक ऐथनेज कैच स्मिथ बोल्ड एंडरसन	22	47	4/0
केवम हॉज बोल्ड ऐटकिंसन	4	5	1/0
जेसन होल्डर कैच पोप बोल्ड ऐटकिंसन	20	59	2/0
डासिल्वा कैच स्मिथ बोल्ड एंडरसन	9	26	1/0
जोसेफ कैच डकेट बोल्ड ऐटकिंसन	8	9	1/0
गुडाकेश मोटी नाबाद	31	35	5/0
शमार जोसेफ बोल्ड ऐटकिंसन	3	9	0/0
जेडेन सील्स कैच डकेट बोल्ड ऐटकिंसन	8	12	1/0

अतिरिक्त : 13, गेंदबाजी : जेम्स एंडरसन16-7-32-3, क्रिस वोक्स7-3-11-0, गस ऐटकिंसन 14-2-61-5, बेन स्टोक्स 10-4-25-2

चौथे टी-20 में सीरीज जीतने उतरेगा भारत

हरारे। भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को चौथे मुकाबले में जिम्बाब्वे पर जीतकर दर्ज कर पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। टी-20 विश्वकप के बाद पहले दौरे पर जिम्बाब्वे पहुंची भारतीय टीम को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था, हालांकि भारतीय टीम अगले दो मैचों में एकतरफा जीत दर्ज की। भारत इस सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाए हुए है और वह चौथा मैच जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त बनाने का प्रयास करेगा। यह मैच शाम 4: 30 बजे शुरू होगा।

वहीं जिम्बाब्वे, भारत को पहले मैच की तरह चौकाकर श्रृंखला में वापसी का प्रयास करेगा, लेकिन उसे वापसी के लिए अपने क्षेत्ररक्षण में विशेष रूप से सुधार करना। पिच और परिस्थितियों को देखा जाए तो हरारे की दोहरी उछाल वाली पिच पर अमूमन हाई स्कोरिंग गेम नहीं खेला जाता। पिछले 15 मैचों में केवल सात बार ही ऐसा हुआ है, जब पहली पारी में टीम ने 150 या उससे अधिक का स्कोर बनाया हो। तीसरे टी-20 में भारतीय टीम में विश्व विजेता टीम के तीन सदस्य शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन के टीम में शामिल होने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। यशस्वी जायसवाल को विश्वकप के दौरान मौका नहीं मिला था, लेकिन पिछले मैच में उन्होंने 27 गेंदों में 36 रन की पारी खेल दिखा दिया कि उनका फॉर्म अभी भी वही है, लेकिन इस मैच में वह बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वॉशिंगटन की नजरें स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर है। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ अभी तक 4.5 की औसत से छह विकेट लिए हैं।

इस बार विंबलडन को मिलेगी नई मल्लिका

लंदन, एजेंसी

बारबोरा क्रेजिकोवा और जैस्मिन पाओलिनी के बीच शनिवार को होने वाले फाइनल में कोई भी जीते, यह सुनिश्चित है कि विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट को इस बार नई मल्लिका मिलेगी। क्रेजिकोवा ने पीठ में दर्द के बावजूद इस बार विंबलडन में हिस्सा लिया। यही नहीं इस टूर्नामेंट से पहले वह इस सत्र में कुछ मैच में ही जीत दर्ज कर पाई थी। इसलिए वह महिला एकल के फाइनल में पहुंचकर हैरान थी। यही हाल उनकी प्रतिद्वंदी और सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी का है।

इन दोनों में से कोई भी खिलाड़ी इससे पहले विंबलडन एकल के फाइनल में नहीं पहुंची थी। पाओलिनी ने वर्तमान टूर्नामेंट से पहले ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता में जो तीन मैच खेले थे उन सभी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। विंबलडन में पिछले सात वर्ष में महिला एकल में सात खिलाड़ी चैंपियन बनी हैं। इनमें सेरेना विलियम्स भी शामिल है जिन्होंने 2016 में यहां सातवीं बार खिताब जीता था। क्रेजिकोवा ने में 2021 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था, लेकिन उन्होंने यह सोचा भी नहीं था कि वह विंबलडन के फाइनल में पहुंचेंगी। उन्होंने कहा मुझे काफी मुश्किल दौर से गुजरना पड़ा। मैंने वास्तव में इसकी कल्पना नहीं की थी कि मैं विंबलडन के फाइनल में जगह बनाऊंगी।

क्रेजिकोवा और पाओलिनी दोनों ने सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके जीत हासिल की। 31वीं वरीयता प्राप्त क्रेजिकोवा ने सेंटर कोर्ट पर 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 6-4 से जबकि पाओलिनी ने डोना वेकिच को 2-6, 6-4, 7-6 (10-8) से हराया। इन दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक रवैया अपनाने के बाद मैच का पासा पलटा। फाइनल में भी इन दोनों से इसी तरह के खेल की उम्मीद है। पाओलिनी 1968 में ओपन युग शुरू होने के बाद विंबलडन के एकल फाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली खिलाड़ी हैं। यह 2016 के बाद पहला अवसर है जबकि कोई खिलाड़ी एक सत्र में फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल में पहुंची है। पेरिस के बाद यहां भी फाइनल में पहुंचना, सच कहूं तो मैंने इसकी उम्मीद नहीं की थी। यह विशेष है। पाओलिनी फ्रेंच ओपन के फाइनल में इगा स्वियातेक से हार गई थी लेकिन यहां वह किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

<<जैस्मिन पाओलिनी।

इंग्लैंड महिला टीम ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से दी शिकस्त

कैंटरबरी, एजेंसी

सोफी एकल्सटन की बेहतरीन गेंदबाजी और उसके बाद ऐलिस कैप्सी नाबाद (67) रनों की शानदार पारी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी-20 मैच में चार गेंदे शेष रहते छह विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से बढ़त बना ली हैं।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की भी शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में हैन्ना रो ने माया बूशेर (शून्य) को पगबाधा आउट कर दिया। इसके बाद सोफिया डंकली और ऐलिस कैप्सी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। डंकली ने 35 रन बनाए। कप्तान नेट साइवर ब्रंट (0) को फ्रैन जोनस ने आउट किया। एमी जोंस (19) रनआउट हुई। ऐलिस कैप्सी ने नाबाद (67) रनों की पारी खेली। फ्रेया केंप ने नाबाद (16) रन बनाए। इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में चार विकेट पर 142 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनातीं इंग्लैड टीम की खिलाड़ी। ● एजेंसी

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जॉर्जिया प्लिमर (0) का विकेट गवां दिया। एमेलिया केर ने सूजी बेट्स के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट लिए 52 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में सोफी एकल्सटन ने साझेदारी को तोड़ा और दोनों को आउट किया। सूजी बेट्स 27 गेंदों में (38) और एमेलिया केर 18 गेंदों में (23) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान सोफी डिवाइन ने 42 गेंदों में नाबाद (58) रनों की पारी खेली।

साबले को पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने का यकीन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के 3000 मीटर के शीर्ष स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले ओलंपिक में सिर्फ एक प्रतिभागी बनकर नहीं जाना चाहते और उन्हें यकीन है कि वह पेरिस में पदक जीत सकते हैं। हाल ही में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाले 29 वर्ष के साबले तोक्यो ओलंपिक 2021 में फाइनल में जगह नहीं बना सके थे।

उन्होंने कहा मैं सिर्फ भाग लेने नहीं जा रहा हूं। मेरा विश्वास है कि मैं पदक जीत सकता हूं। मेरा फोकस लक्ष्य पर है और सब कुछ ठीक रहा तो मैं पदक जीत सकता हूं। मुझे लगता था कि ओलंपिक पदक विजेता कुछ अनूठे और कठिन तरीके से तैयारी करते हैं लेकिन पिछले दो साल के मेरे अनुभव ने मेरा आत्मविश्वास बढाया है। साबले इस महीने की शुरूआत में पेरिस डायमंड लीग में छठे स्थान पर रहे और उन्होंने आठ मिनट 9.91 सेकंड का समय निकालकर अपना रिकॉर्ड तोड़ा। साबले ने कहा विश्व स्तर पर उनके प्रदर्शन से मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।

अगर मेरे रोल मॉडल विश्व स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं तो मैं भी। मुझे अपनी प्रक्रिया पर फोकस करना सिखाया गया है। मेरी स्पर्धा मेरी ही टाइमिंग से है। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में स्टीपलचेस में कीनियाई खिलाड़ियों का वर्चस्व तोड़ने वाले साबले ने कहा राष्ट्रमंडल खेलों में मिले रजत पदक से मुझे आत्मविश्वास दिया कि मैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का सामना कर सकता हूं।

बॉलीवुड हलचल

सरफिरा का हिस्सा बनकर महसूस हो रहा है गर्व : अक्षय

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म सरफिरा में काम कर गर्व महसूस कर रहे हैं। अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास जैसे कलाकारों से सजी सरफिरा कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित है। यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र में एक शिक्षक के बेटे वीर जगन्नाथ म्हात्रे (अक्षय कुमार) की यात्रा का अनुसरण करती है, जो भारत में हवाई यात्रा में क्रांति लाने के लिए सभी बाधाओं को पार करता है। फिल्म रिलीज हो गई है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर लिखा सरफिरा का मतलब पागल होता है और पीछे मुड़कर देखने पर मुझे लगता है कि यदि मैंने यह फिल्म नहीं की होती तो मैं पागल होता। तो मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। यह यात्रा लगभग तीन साल पहले शुरू हुई थी और अंतत: यह आप सभी के गवाह बनने और उम्मीद है कि इसे संजोएंगे। मुझे इस फिल्म का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है और खुशी है कि सरफिरा मेरी 150वीं फिल्म है। #सरफिरा अब तुम्हारा है।

फिल्म तेरे इश्क में धनुष के साथ काम करती नजर आएंगी तृप्ति

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता धनुष के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। फिल्म एनिमल में काम करने के बाद नेशनल क्रश बनने वाली अभिनेत्री तृप्ति डिमरी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनके पास कई फिल्मों की लाइन लगी हुई है। चर्चा है कि तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय अभिनेता धनुष के साथ एक फिल्म में अभिनय करने वाली हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिसका नाम तेरे इश्क में है। यह एक प्रेम कहानी होगी। चर्चा है कि अक्टूबर 2024 में तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। फिल्म को वाराणसी समेत उत्तर प्रदेश के कई शहरों में शूट किया जाएगा।

डोपिंग के कारण दो साल बाहर बैठना काला अध्याय : जरमनप्रीत

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाने वाले जरमनप्रीत सिंह ने कहा कि 2016 में डोपिंग का दंश झेलना उनके करियर का सबसे निराशाजनक समय था।

जरमनप्रीत पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं। वह डोपिंग के कारण 2016 से 2018 तक खेल से दूर रहे थे। ओलंपिक में पदार्पण को तैयार इस खिलाड़ी ने डोपिंग के कारण लगे प्रतिबंध को याद करते हुए कहा यह मेरे लिए आसान नहीं था। यह कई अनिश्चितताओं के साथ मेरे सबसे बुरे समय में से एक था। पंजाब के इस खिलाड़ी ने कहा खिलाड़ी आम तौर पर इस तरह के झटके से उबर नहीं पाते हैं। दो साल तक मैचों से बाहर बैठने से आप काफी पीछे छूट जाते हैं। आयकर विभाग में अधिकारी के पद पर तैनात इस खिलाड़ी ने कहा मैं हालांकि अपनी वापसी को लेकर दृढ़ निश्चय था और मुझे पता था कि मुझे वापसी करनी होगी। मुझे नहीं लगता कि मैं मजबूत घरेलू ढांचे के बिना ऐसा कर सकता था, जहां मैं चयनकर्ताओं को दिखा सकता था कि मुझमें अभी भी वह क्षमता है। उन्होंने भारत के लिए 98 मैच खेले हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ चमक बिखेरते यमल पर टिकी स्पेन की उम्मीदें

बर्लिन, एजेंसी

यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप

फुटबॉल के नये वंडर ब्वॉय, बेहतरीन मिडफील्ड और विरोधी टीमों के औसत प्रदर्शन ने स्पेन को सफलता की नई इबारत लिखने की ड्योढी पर ला खड़ा किया है लेकिन आखिरी तिलिस्म पर एक ऐसी टीम खड़ी है जिसे बरसों से किसी बड़े खिताब का उतनी ही बेताबी से इंतजार है।

इंग्लैंड और स्पेन के बीच रविवार को होने वाला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप फाइनल हर लिहाज से मनोरंजन की सौगात देने का माद्दा रखता है। ओलंपिक 1936 के लिए नाजियों द्वारा बनाए गए ऐतिहासिक स्टेडियम पर सभी की नजरें 17 बरस के लमाइन यमल पर होंगी जो 2008-12 के दौर के बाद पहली बार स्पेन को बड़े खिताब से एक जीत दूर ले आया है। स्पेन ने 2010 में विश्व कप और उसके बाद यूरो खिताब जीते थे। इस बार जहां क्रिस्टियानो रोनाल्डो, काइलियान एमबाप्पे और इंग्लैंड के हैरी केन जैसे दिग्गज धराशाई हो गए, वहीं यमल का नाम हर फुटबॉलप्रेमी की जुबां पर है। सेमीफाइनल से पहले वह तीन गोल का सूत्रधार रहा और फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में बेहतरीन शॉट पर गोल करके पूरे देश का नूरे नजर बन गया। गत चैंपियन इटली और 2022 में विश्व कप सेमीफाइनल खेलने वाली क्रोएशिया जैसी टीमों के रहते स्पेन ग्रुप में शीर्ष पर रहा। इसके बाद मेजबान जर्मनी और एमबाप्पे की फ्रांस को हराया। वैसे स्पेन की टीम इंग्लैंड को हलके में लेने की गलती नहीं करेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

राहत की दरकार

रोमानिया के एक शहर के फव्वारे के पास खड़े होकर ठंडक महसूस करता एक नगरपालिका कर्मचारी। क्योंकि शहर का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस (102.2 फ़ारेनहाइट) से अधिक था। ● एजेंसी

संयुक्त परमाणु प्रतिरोध दिशा निर्देश पर किए हस्ताक्षर

सियोल, एजेंसी

- उत्तर कोरिया के कारण बढ़ते परमाणु खतरे को लेकर दोनों देशों ने अहम कदम उठाया

उत्तर कोरिया के कारण बढ़ते परमाणु खतरे को लेकर अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने पहली बार संयुक्त परमाणु प्रतिरोध दिशानिर्देश पर हस्ताक्षर किये हैं। उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरे की आशंका के मद्देनजर प्रतिरोध को और अधिक सशक्त बनाने के लिए यह एक अहम और बुनियादी कदम है।

वाशिंगटन में गुरुवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन से इतर राष्ट्रपति जो बाइडन और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक येओल ने संयुक्त परमाणु परामर्शदात्री समूह बनाने के एक साल बाद दोनों देशों के गठबंधन की सराहना करते हुए इसे जबरदस्त प्रगति करार दिया। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक, दोनों नेताओं ने कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु प्रतिरोध और परमाणु संचालन के लिए यूएस-आरओके दिशानिर्देश को मंजूरी दी, जिस पर दोनों देशों के रक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को दिन में ही हस्ताक्षर कर दिये थे। आरओके का मतलब कोरिया गणराज्य (रिपब्लिक ऑफ कोरिया) है, जो दक्षिण कोरिया का आधिकारिक नाम है।

फिर से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने नाटो शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर दावा किया

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि वह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एक बार फिर चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संवाददाताओं से बातचीत में हालांकि बाइडन ने दो बड़ी गलतियां कीं, जिससे उनकी उम्र और स्वास्थ्य को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करने के उनके प्रयासों पर पानी फिर गया।

वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर संवाददाताओं से मुखातिब बाइडन ने दावा किया कि कोई भी व्यक्ति उनसे यह नहीं कह रहा है कि वह दोबारा चुनाव नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि किसी सर्वेक्षण में भी यह बात सामने नहीं आई है कि वह चुनाव नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि यह एकमात्र कारण होगा, जिसके चलते वह राष्ट्रपति पद की दावेदारी की दौड़ से पीछे हटने पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा, मैं चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मुझे लगता है कि मैं राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए सबसे योग्य व्यक्ति हूं। मैंने उन्हें (ट्रंप को) एक बार हराया था और अब मैं उन्हें फिर से हराऊंगा।

कमला हैरिस को बताया डोनालड ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो . बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस देश का नेतृत्व करने के लिए योग्य हैं। बाइडन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, शुरू से ही, मुझे इस बारे में कोई संदेह नहीं रहा है। वह राष्ट्रपति बनने के योग्य हैं। इसीलिए मैंने उन्हें चुना। संवाददाता सम्मेलन के दौरान बाइडन की जुबान फिसल गई और उन्होंने गलती से कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप बता दिया। उन्होंने कहा, मैंने ट्रंप को उपराष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना होता, क्या मैंने ऐसा सोचा है कि वह (हैरिस) राष्ट्रपति बनने के लिए योग्य नहीं हैं...। बाइडन सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति हैं।

एक नजर

रूस का यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत

मॉस्को। रूस का एक यात्री विमान शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसके चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार विमान में कोई यात्री नहीं था। अधिकारियों ने बताया कि सुखोई सुपरजेट 100 विमान मॉस्को क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि विमान गजप्रोम एविया कंपनी का था। यह रूस सरकार द्वारा नियंत्रित प्राकृतिक गैस कंपनी गजप्रोम के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी है। उन्होंने बताया कि विमान ने रूस की राजधानी मॉस्को से 110 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में लुखोवित्सी स्थित विनिर्माण संयंत्र से उड़ान भरी थी जहां इसकी मरम्मत की गई थी। विमान मॉस्को के वनुकोवो हवाई अड्डे की ओर जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

इजराइल ने वेस्ट नाइल बुखार से मृतकों की संख्या बढ़कर 19 हुई

यरूशलम। इजराइल ने वेस्ट नाइल बुखार से एक अन्य व्यक्ति की मौत होने से देश में इस संक्रमण के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। इजरायली स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी 25 नए संक्रमणों की सूचना दी, जिससे मई की शुरुआत से अब तक इस मामलों की संख्या 356 हो गई है। इजराइल के पर्यावरण संरक्षण मंत्रालय ने एक दिन पहले घोषणा की थी कि तटीय शहर तेल अवीव और आसपास के शहरों रामत गान, बेनी ब्रेक और रामला में मच्छरों में वायरस फैल रहा है। मच्छरों के काटने से लोगों को तेज बुखार हो रहा है। मंत्रालय ने इस सूचना के बाद चार नगर पालिकाओं को निगरानी और मच्छरों को मारने की प्रणाली का विस्तार करने का निर्देश दिया।

ब्रिटेन में काली खांसी के प्रकोप से नौ बच्चों की मौत

लंदन। ब्रिटेन में पिछले वर्ष नवंबर से शुरू काली खांसी के प्रकोप से अब तक नौ बच्चों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन की स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यह प्रकोप पिछले वर्ष नवंबर में शुरू हुआ था और अब 2024 के, पहले पांच महीनों में 7,599 बच्चे और वयस्क इस बीमारी से संक्रमित हुये हैं। यह बीमारी फेफड़ों और श्वास नलियों को प्रभावित करती है। आसानी से फैलती है। यूकेएचएसए ने गुरुवार को चेतावनी दी और कहा, छोटे बच्चों को काली खांसी से गंभीर जटिलताओं और मौत का सबसे अधिक खतरा है। एजेंसी के मुताबिक, संक्रमित लोगों में से आधे से अधिक 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं। उन्होंने कहा कि तीन महीने से कम उम्र के बच्चों में उच्च संख्या में मामले आते रहते हैं।

नेपाल में प्रचंड सरकार गिरी

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए

काठमांडू, एजेंसी

- प्रचंड को 63 वोट मिले, जबकि विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में 194 वोट पड़े

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' शुक्रवार को संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए। पिछले सप्ताह उनकी सरकार से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने अपना समर्थन वापस ले लिया था। देश की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 69 वर्षीय प्रचंड को 63 वोट मिले, जबकि विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में 194 वोट पड़े। विश्वासमत हासिल करने के लिए कम से कम 138 वोट की जरूरत थी। प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को पद संभालने के बाद चार बार विश्वासमत हासिल करने में सफल रहे, लेकिन इस बार उन्हें असफलता मिली। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने सदन में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता-साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद पिछले सप्ताह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पहले ही अगले प्रधानमंत्री के रूप में ओली का समर्थन कर चुके हैं। नेपाली कांग्रेस के पास प्रतिनिधि सभा में 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। इस तरह दोनों की संयुक्त संख्या 167 है, जो निचले सदन में बहुमत के लिए आवश्यक 138 से कहीं अधिक है।

डर से नेपाली सीपीएन-यूएमएल, कांग्रेस ने किया गठबंधन : प्रचंड

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने शुक्रवार को नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल की, साझा सिद्धांतों के बजाय डर के कारण गठबंधन बनाने के लिए तीखी आलोचना करते हुए उन पर देश को पतन के रास्ते पर धकेलने का आरोप लगाया।

विश्वासमत से पहले प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए प्रचंड (69) ने कहा कि नेपाली कांग्रेस (एनसी) और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने मिलकर काम किया है, जिससे देश में सुशासन की जड़ें जमने लगी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद प्रचंड को विश्वासमत का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। प्रचंड ने कहा, अगर एनसी और यूएमएल समान विश्वासों या लक्ष्यों के लिए एकजुट होते, तो मुझे कोई चिंता नहीं होती। इसके बजाय, आप अच्छी शासन व्यवस्था से डर रहे हैं।

निचले सदन में प्रधानमंत्री पद के लिए बहुमत साबित करें : पोडैल



काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा के सदस्यों से निचले सदन में दो या दो से अधिक राजनीतिक दलों के समर्थन के साथ बहुमत दिखाकर प्रधानमंत्री पद के लिए दावा पेश करने का आह्वान किया। स्थानीय मीडिया के अनुसार राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कि सदन के सदस्यों से रविवार शाम तक निचले सदन में प्रतिनिधित्व करने वाले दलों के समर्थन के माध्यम से बहुमत पेश करने का आह्वान किया है। बयान में कहा गया, संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार राष्ट्रपति ने रविवार शाम पांच बजे तक प्रतिनिधि सदन के दो या दो से अधिक राजनीतिक दलों के समर्थन से नेपाल के प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त होने के लिए प्रतिनिधि सभा के सदस्यों को बहुमत दिखाने के लिए कहा हैं। राष्ट्रपति के आह्वान के साथ ही नेपाली कांग्रेस और यूएमएल एक जुलाई को दोनों दलों के बीच हुए समझौते के अनुसार यूएमएल अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के लिए प्रधानमंत्री पद का दावा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

एससीओ में तुर्की के प्रवेश की तिथि निश्चित नहीं: रूस

मॉस्को। यूरेशिया का एक प्रमुख राजनीति, आर्थिक और सैनिक संगठन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) लगातार विस्तार के एजेंडे पर काम कर रहा है लेकिन संगठन में तुर्की के प्रवेश के लिए अभी तक कोई सटीक तारीख नहीं है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गुरुवार को वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंकारा एससीओ का स्थायी सदस्य बनने का लक्ष्य रखता है।

पेस्कोव ने एससीओ में तुर्की के प्रवेश की संभावित तारीखों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कई देश एससीओ में रुचि दिखा रहे हैं, और यह विषय लगातार एजेंडे में है। अभी तक कोई सटीक तारीख नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि नाटो सदस्य के रूप में तुर्की की स्थिति एससीओ के विरोधाभासी है, इसलिए इस पर चर्चा की जानी चाहिए। पेस्कोव ने कहा, वास्तव में, हम एससीओ में शामिल होने के तुर्की के इरादे से अवगत हैं। नाटो के सदस्य के रूप में तुर्की के मूल सिद्धांतों पर दायित्वों और स्थिति से संबंधित कुछ विरोधाभास हैं और एससीओ के संस्थापक दस्तावेजों में निहित विश्वदृष्टि के साथ। चर्चा के लिए कुछ विषय हैं।

गुरुद्वारे में हमले के मामले में किशोर पकड़ा गया

लंदन, एजेंसी

- दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट स्थित एक गुरुद्वारे में हुए हमले में दो महिलाएं हुई थीं घायल
- गुरुद्वारा प्रबंधन ने कहा, घटना के समय दरबार हॉल में मौजूद नहीं थे गुरु ग्रंथ साहिब जी

दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट स्थित एक गुरुद्वारे के भीतर धारदार हथियार से हमला कर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाली घटना में संदिग्ध 17 वर्षीय एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। घटना में दो महिलाएं घायल हुई थीं। क्षेत्रीय पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंट पुलिस ने बताया कि एक पुरुष के प्रार्थना स्थल में प्रवेश कर सभा में मौजूद लोगों पर हमला करने के प्रयास के संबंध में दर्ज मामले की जांच करने के लिए पुलिस अधिकारियों को गुरुवार शाम ग्रेवसेंड स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा बुलाया गया था।

गुरुद्वारा प्रबंधन ने कहा कि घटना के समय दरबार हॉल में गुरु ग्रंथ साहिब जी मौजूद नहीं थे। यह गुरुद्वारा यूरोप के बड़े गुरुद्वारों में से एक है। केंट पुलिस ने एक बयान में कहा, यह बताया गया है कि एक पुरुष ने उस स्थान पर प्रवेश किया और धारदार हथियार से मौजूद लोगों पर हमला करने का प्रयास किया। घटना के दौरान कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, लेकिन दो महिलाओं को धारदार हथियार से घाव और चोटों के कारण उपचार की आवश्यकता पड़ी।

अधिकारियों ने एक किशोर को हत्या के प्रयास और धार्मिक रूप से उत्तेजना फैलाने के संदेह में पकड़ा और घटनास्थल से धारदार हथियार भी बरामद किया। पुलिस ने इसे एक छिटपुट घटना बताते हुए कहा कि हमले की जांच के सिलसिले में फिलहाल किसी और की तलाश नहीं की जा रही है। केंट पुलिस डिटेक्टिव सुपरीटेंडेंट इयान डायबॉल ने कहा, हम गुरुद्वारे में हुई घटनाओं के संबंध में समुदाय की चिंताओं को समझते हैं, हालांकि हम इसे एक अलग घटना के रूप में देख रहे हैं। गुरुद्वारा प्रबंधन टीम के अनुसार संदिग्ध को सुरक्षा टीम ने देखा और तुरंत पुलिस को बुलाया। गुरुद्वारे की ओर से जारी बयान में कहा गया, गुरुद्वारे में घुसकर दरबार हॉल में उत्पात मचाने के बाद हत्या के प्रयास के संदेह में केंट पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हम पुष्टि कर सकते हैं कि यह घटना सुखासन के बाद हुई और दरबार हॉल में गुरु ग्रंथ साहिब जी मौजूद नहीं थे।

2060 के दशक में 1.7 अरब तक पहुंच जाएगी भारत की जनसंख्या : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक की शुरुआत में लगभग 1.7 अरब तक पहुंच जाने का अनुमान है और इसके बाद इसमें 12 प्रतिशत की कमी आएगी, लेकिन इसके बावजूद यह पूरी शताब्दी के दौरान विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा। गुरुवार को यहां जारी वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024 रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले 50-60 वर्षों के दौरान दुनिया की जनसंख्या में वृद्धि जारी रहने का अनुमान है और 2024 में यह 8.2 अरब तक पहुंच जाएगी, जबकि 2080 के दशक के मध्य तक लगभग दुनिया की आबादी लगभग 10.3 अरब हो जाएगी। हालांकि, यह सदी के अंत तक घटकर 10.2 अरब रह जाएगी। भारत पिछले साल चीन को पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया था और 2100 तक यह इसी स्थान पर बना रहेगा।

विश्व निकाय के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग के जनसंख्या प्रभाग द्वारा प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट में कहा गया है, इस शताब्दी में भारत के सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बने रहने की संभावना है, हालांकि 2060 के दशक की शुरुआत में इसकी आबादी लगभग 1.7 अरब तक पहुंचने के बाद इसमें 12 प्रतिशत की गिरावट आने का भी अनुमान है।

रूस से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध रोकने की मांग वाले प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

संयुक्त राष्ट्र। भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा में गुरुवार को उस मसौदा प्रस्ताव पर हुए मतदान से दूर रहा, जिसमें रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता तत्काल रोकने और जापोरिझिझया परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रूसी सैनिकों व अन्य अनधिकृत कर्मचारियों को फौरन वापस बुलाने की मांग की गई है। 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में 99 देशों ने उक्त मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में, तो बेलारूस, क्यूबा, उत्तर कोरिया, रूस और सीरिया सहित नौ देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया। वहीं, भारत, बांग्लादेश, भूटान, चीन, मिस्र, नेपाल, पाकिस्तान, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका सहित 60 देश मतदान से दूर रहे। यूक्रेन के जापोरिझिझया परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित अन्य परमाणु प्रतिष्ठानों की रक्षा एवं सुरक्षा शीर्षक वाले मसौदा प्रस्ताव में रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता तुरंत बंद करने और यूक्रेनी क्षेत्र से अपने सभी सैन्य बलों को बिना शर्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर वापस बुलाने की मांग की गई है।

यूएई ने भारतीय मूल के डॉक्टर के नाम पर सड़क का नाम रखा

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में एक सड़क का नाम भारतीय मूल के 84 वर्षीय डॉक्टर के नाम पर रखा गया है। यह देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति श्रद्धांजलि है।

नगर पालिका और परिवहन विभाग (डीएमटी) ने डॉ. जॉर्ज मैथ्यू के योगदान को मान्यता देने के लिए अबू धाबी में एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा है। यह नाम, यूएई के दूरदर्शी लोगों का सम्मान : स्मृति मार्ग परियोजना के तहत दिया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य उन व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अल मफराक में शेख शाकबूथ मेडिकल सिटी के पास की सड़क अब जॉर्ज मैथ्यू स्ट्रीट के नाम से जानी जाएगी।

पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित सीटों पर इमरान की पार्टी के पक्ष में निर्णय सुनाया

इस्लामाबाद, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते पीटीआई के अध्यक्ष गौहर खान।

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को शुक्रवार को तब बड़ी कानूनी जीत मिली जब उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया कि उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) संसद में महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 20 से अधिक सीटें आनुपातिक आधार पर प्राप्त करने की अर्हता रखती है। फैसले के बाद इमरान खान ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से इस्तीफा देने की मांग की है।

खान की पार्टी पीटीआई द्वारा समर्थित उम्मीदवार चुनाव चिह्न छीन लिए जाने के बाद आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में बतौर निर्दलीय किस्मत आजमाई थी और जीत हासिल की थी। विजयी उम्मीदवारों ने गठबंधन बनाने के लिए सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) में शामिल हो गए थे, जो पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का एक राजनीतिक गठबंधन है। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) ने नेशनल असेंबली और प्रांतीय असेंबली में आरक्षित सीटों में उसे हिस्सेदारी न देने के पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के फैसले को बहाल रखने के पेशावर उच्च न्यायालय (पीएचसी) के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय पूर्ण पीठ ने मामले की सुनवाई की। बहुप्रतीक्षित इस फैसले को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए तगड़ा झटका माना जा रहा है।

भारत-सिंगापुर अवसरों के नए दौर के लिए तैयार

सिंगापुर, एजेंसी

- सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन ने उम्मीद जताई कि निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे दोनों देशों के संबंध

सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शणमुगारत्नम ने गुरुवार को कहा कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में औद्योगिक नीतियों के पुनरुत्थान के बावजूद भारत और दक्षिण पूर्व एशिया अवसर, समानता और स्थिरता के नए दौर के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के थिंक टैंक माने जाने वाले दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित रात्रिभोज समारोह के दौरान थर्मन शणमुगारत्नम ने कहा कि अन्य जिम्मेदार शक्तियों के साथ काम करते हुए दोनों देशों में बहुपक्षवाद को मजबूत करने की क्षमता है और अपनी खामियों के बावजूद यह एक ऐसी व्यवस्था रही है, जिसने दशकों से अमीर और गरीब दोनों देशों की अच्छी तरह से सेवा की है। थर्मन ने यह उम्मीद जताई कि सिंगापुर और भारत के संबंध निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।

सिंगापुर के राष्ट्रपति ने कहा कि घरेलू स्तर पर खास उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कर छूट और सब्सिडी जैसी औद्योगिक नीतियां उस दर पर लौट रही हैं जो 1960 और 1970 के दशक के बाद से नहीं देखी गई थी।

खगोल विज्ञान | नासा की हबल अंतरिक्ष दूरबीन से तारों की गति के आधार पर जाना डार्क मैटर का रहस्य

ड्रेको बौनी मंदाकिनी में हुई डार्क मैटर की पुष्टि

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : खगोलविदों ने अंतरिक्ष के बड़े रहस्यों में शुमार काला पदार्थ (ब्लैक होल) के अस्तित्व का पता लगाया है। यह खोज ड्रेको बौनी मंदाकिनी के भीतर तारों की गति को मापने के बाद की गई। वैज्ञानिकों ने यह खोज नासा की हबल स्पेस टेलीस्कोप के सहयोग से की। वैज्ञानिकों ने इसे 18 वर्षों के गहन अध्ययन के अवलोकन का नतीजा बताया है।

डार्क मैटर अंतरिक्ष के उन रहस्यों में है, जिसकी वास्तविकता व अस्तित्व को समझने के लिए वैज्ञानिक निरंतर अध्ययनरत हैं, जबकि यह ब्रह्मांड की वह शक्ति है, जो ब्रह्मांड के संचालन में अहम भूमिका निभाती है। इसके बावजूद यह रहस्य आज भी बना हुआ है। डार्क मैटर को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने हबल द्वारा ड्रेको नामक बौनी मंदाकिनी के भीतर तारों की गति का सहारा लिया। जिसमें 18 वर्ष के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। मंदाकिनी के भीतर तारों की गतिविधियों का सटीक त्रि-आयामी मानचित्र तैयार किया गया। इससे ब्रह्मांड के अदृश्य डार्क मैटर के रहस्यमय गुणों और व्यवहार की पहचान कर पाने में मदद मिली।

इस शोध से यह पता चलता है कि यह पदार्थ क्या है और मंदाकिनी के विकास के लिए कैसे कार्य करता है। शोध में कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग किया गया। यह मंदाकिनी पृथ्वी से लगभग 2.5 लाख प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। बाल्टीमोर स्थित स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।



ड्रेको बौनी मंदाकिनी।

आसान होती है डार्क मैटर की पुष्टि

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बौनी मंदाकिनियों को अन्य प्रकार की मंदाकिनी की तुलना में डार्क मैटर सामग्री के उच्च अनुपात के लिए जाना जाता है। इसलिए उनकी टीम ने ड्रेको बौनी मंदाकिनी का चयन किया और इस पर शोध किया। डार्क मैटर के रहस्य को समझने के लिए यह खोज एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो आगामी शोध में मददगार साबित होगी।

चीन की कंपनी आईस्पेस का रॉकेट प्रक्षेपण के बाद विफल

बीजिंग, एजेंसी

- वैश्विक मौसम पूर्वानुमान और भूकंप की चेतावनी के लिए तीन उपग्रह नष्ट हो गए

चीन में रॉकेट निर्माण स्टार्ट-अप को एक बार फिर प्रक्षेपण विफलता का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप वैश्विक मौसम पूर्वानुमान और भूकंप की चेतावनी के लिए एक वाणिज्यिक समूह के तीन उपग्रह नष्ट हो गए। कंपनी आईस्पेस द्वारा निर्मित 24 मीटर के ठोस ईंधन वाले रॉकेट हाइपरबोला-1 को गुरुवार को चीन के गोबी रेगिस्तान में जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से प्रक्षेपित किया गया।

हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की शुक्रवार की खबर के अनुसार, कंपनी ने कहा, रॉकेट का पहला, दूसरा और तीसरा चरण सामान्य रूप से प्रक्षेपित हुआ, लेकिन चौथे चरण में गड़बड़ी आ गई और प्रक्षेपण मिशन विफल हो गया। कंपनी ने कहा कि विस्तृत जांच के बाद अभियान की नाकामी के विशिष्ट कारणों की घोषणा जल्द से जल्द की जाएगी। इस रॉकेट की क्षमता 300 किलोग्राम पेलोड को 500 किमी दूरी पर स्थित सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा में पहुंचाने की है। यह तियानजिन स्थित युन्याओ एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी के लिए युन्याओ-1 मौसम उपग्रह 15, 16 और 17 को ले जा रहा था। उपग्रह कक्षा तक नहीं पहुंच सके। वर्ष 2019 में, आईस्पेस हाइपरबोला-1 के साथ पृथ्वी की कक्षा में पहुंचने वाली चीन की पहली निजी रॉकेट कंपनी बन गई।